सुप्रभात
रांची, रविवार
11.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र



रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
बैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 295

12 अब उत्तर प्रदेश की गरजेगी ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल

## न्यूज डायरी

### जीएसटी घोटाला के सभी आरोपी गये जेल

रांची। इडी की टीम ने जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड शिव कुमार देवड़ा सहित तीन अन्य आरोपियों को इडी कोर्ट में पेश किया। इसके बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इडी ने शिव कुकर देवड़ा, मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को शुक्रवार को कोलकाता से गिरफ़्तार किया था। मोहित देवड़ा, मास्टर माइंट का बेटा है। वह भी अपने पिता और अमित गुप्ता के साथ जीएसटी घोटाले को अंजाम देने में शामिल है। ईडी ने आठ मई को शुरू की गयी छापेमारी के दौरान पूछताछ के बाद शिव कुमार देवड़ा, मोहित और अमित गुप्ता को गिरफ़्तार किया। छापेमारी के दौरान मास्टर माइंड शिवकुमार देवड़ा और अमित गुप्ता के कोलकाता स्थित ठिकानों से गलत तरीके से आइटीसी का लाभ लेने से संबंधित दस्तावेज मिले।

### 4 दिन पहले ही केरल पहुंचेगा अबकी मानसून

नयी दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर एक जून को दस्तक देता है। आंकड़े के अनुसार, यदि मानसून केरल में उम्मीद के अनुरूप पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून का समय से पहले आगमन होगा। तब मानसून ने 23 मई को दस्तक दी थी।

### सीमा पर पांच मृतकों में से दो बिहार के थे

जम्मू। पाकिस्तान ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात जम्मू कश्मीर में अलग-अलग जगहों पर गोलाबारी की। इस घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। इनमें दो लोग बिहार के नागरिक थे। शनिवार को अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।

### आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी

नयी दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग ने 14 मई के लिए मौसम अनुमान में देश के कई राज्यों में मध्यम से भारी बारिश की आशंका जतायी है। आइएमडी के अनुसार कुछ स्थानों पर आंधी-तूफान का भी खतरा बना रहेगा। झारखंड, ओडिशा में तेज आंधी, बिजली और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसे ले कर अलर्ट जारी किया है।

### शराबी बेटे ने मां की पीट-पीटकर हत्या

चतरा। गिद्धौर थाना के सिमरातरी गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। एक शराबी बेटे ने अपनी मां को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतका की पहचान महेश्वरी देवी(55) के रूप में हुई। वह सिमरातरी गांव निवासी स्वर्गीय पोखन भुइंया की पत्नी थीं। आरोपी बेटा अनिल भुइंया शराब के नशे में अक्सर अपनी मां के साथ मारपीट करता था और इस बार उसकी क्रूरता ने मां की जान ले ली।




# आतंकी हमले का जवाब युद्ध की तरह देंगे, भारत की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने साफ किया है कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और ऐसे हमलों के खिलाफ मजबूत प्रतिक्रिया दी जाएगी। टॉप सूत्र के मुताबिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ एक्ट ऑफ वॉर माना जायेगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जायेगा।



पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की। यह बैठक शनिवार की तड़के पाकिस्तान के चार एयरबेसों पर भारत के हमले के बाद हुई। भारत ने यह साफ कर दिया है कि जो भी भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेंगे, उन्हें युद्ध के रूप में देखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर कोई देश या संगठन भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देता है, तो भारत उसे युद्ध के तौर पर जवाब देगा। यह कदम देश की सुरक्षा और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

सरकार ने यह भी कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार के आतंकवादी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इससे पहले शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच चल रहे घटनाक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी दी। विक्रम मिस्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा की जा रही कार्रवाई को उकसाने वाली प्रकृति के रूप में देखा जा रहा है।

### आतंकवाद से संघर्ष जारी रहेगा: जयशंकर

वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरूद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनायी। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी सख्त और अडिग नीति पर कायम है, और आगे भी रहेगा।

# पाक ने कहा युद्ध विराम, भारत राजी

## भारत के कड़े तेवरों से टेंशन में थी दुनिया, बीच में आये ट्रंपे

### सिंधु जल संधि रद्द रहेगी, कोई शर्त नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के आग्रह पर भारत युद्ध विराम पर सहमत हो गया है। शनिवार शाम पांच बजे से युद्ध विराम प्रभावी हो गया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीजफायर की कोई पूर्व या बाद की शर्त नहीं है। बातचीत की पहल पाकिस्तान की ओर से हुई। सिंधु जल संधि को निलंबित रखा जायेगा। हाल के तनाव, विशेषकर पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने संधि को निलंबित रखने का फैसला किया। यह कदम पाकिस्तान के आतंकवाद समर्थन और सीमा पर गोलीबारी के जवाब में उठाया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, जो फिलहाल निलंबित है। यह सिंधु नदी प्रणाली के 6 नदियों के जल बंटवारे को नियंत्रित करती है।



### भारत की शर्तों पर हुआ युद्धविराम

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख बनाये रखा है। दोनों देशों के बीच हुआ युद्धविराम भारत की शर्तों पर हुआ है। भारत ने साफ किया है कि सिंधु जल संधि पर रोक हटने वाली नहीं है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से भारत से संपर्क करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बन ग्गयी। इसमें कोई पूर्व-शर्त या बाद की शर्तें नहीं हैं। सिंधु जल संधि स्थगित है और अन्य सभी फैसले भी स्थगति रहेंगे। आतंकवाद पर भारत की स्थिति वही है।

**12 मई को 12 बजे फिर होगी बात :** पाकिस्तान के आग्रह पर दोनों देशों के बीच सहमति बनी कि भारतीय मानक समयानुसार 17:00 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिये गये। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12:00 बजे फिर से बात करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### हम तुरंत युद्ध विराम चाहते थे : इशाक डार

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्वीट किया, पर कहा कि हम तत्काल युद्ध विराम के पक्ष में थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के आग्रह पर भारत तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमत हो गया। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किये बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।

# नक्शा बदलते ही जंग रोकने गिड़गिड़ाने लगा पाकिस्तान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच एक बड़ा मोड़ सामने आया है। महज दो दिन के भीतर भारत की निर्णायक कार्रवाई से पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया है। अब वही पाकिस्तान, जो परमाणु हमले की धमकी दे रहा था, शांति की भीख मांगता नजर आ रहा है। भारत की इन कड़ी कार्रवाइयों के बाद पाकिस्तान की हालत बदहवासी जैसी हो गयी। पाकिस्तान ने सफेद झंडा बढ़ा कर शांति की गुहार लगायी। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को पाकिस्तान ने सैन्य चैनल के जरिये भारत से संपर्क किया। दोनों देशों के डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) के बीच औपचारिक फोन कॉल के माध्यम से बातचीत हुई। यह संपर्क तब हुआ जब जंग का माहौल बेहद तनावपूर्ण हो चुका है।

**शांति की पहल, पर सवाल बाकी हैं :** पाकिस्तान की इस पहल को 'मजबूरी में उठाया गया कदम' माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो पाक की ओर से तनाव घटाने और सीधा संवाद स्थापित करने की इच्छा जतायी। यह घटनाक्रम यह साबित करता है कि भारत के सख्त रुख ने पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है।

**जवाबी प्राहर में पाक का नक्शा बदला :** कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान द्वारा जानबूझकर हवाई ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी कार्रवाई की। (शेष पेज 11 पर)



### 1-2 नहीं, 6 मिलिट्री बेस, एयरबेस उड़ाया

इससे पूर्व ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाये पाकिस्तान ने भारत के खिलाफशुक्रवार को हमले की कई कोशिश की, जिसे विफल कर दिया गया। इसके बाद शुक्रवार की रात जवाबी प्रहार में भारतीय वायुसेना ने रावलपिंडी, लाहौर और अन्य बड़े शहरों में स्थित पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ा दिया। पाकिस्तान आर्मी ने सुबह-सुबह खुद दावा किया कि उनके 3 एयरबेस को निशाना बनाया गया है। पाकिस्तान के कई शहरों में तबाही मचा दी। भारत ने पसरूर में रडार साइट और सियालकोट में विमानन बेस को भी सटीक गोला-बारूद से निशाना बनाया। यहीं से पाकिस्तान भारत के खिलाफ ड्रोन और मिसाइल हमला कर रहा था। शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सुरक्षाबलों की कार्रवाई की हर जानकारी दी है। भारत के हमलों में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है।

# हाईकोर्ट में 12 से 6 जून तक समर वैकेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 12 मई से छह जून तक समर वैकेशन रहेगा। इस दौरान वैकेशन बेंच नौ दिन बैठेगी। वैकेशन बेंच 13 मई से अलग-अलग दिन अदालत अर्जेंट सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई करेगी। 13 मई को पहले दिन वैकेशन बेंच बैठेगी। इसके बाद सिंगल बेंच अर्जेंट सिविल और क्रिमिनल केसों की सुनवाई करेगी. अलग-अलग दिन बेंच सुनवाई करेगी। 13 और 15 को जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत अर्जेंट मामलों की सुनवाई करेगी। 20 और 22 को जस्टिस संजय प्रसाद अदालत सुनवाई करेगी।



जस्टिस राजेश शंकर की अदालत 27 एवं 29 मई को सुनवाई करेगी। सबसे अंत में जस्टिस दीपक रोशन की अदालत तीन और पांच जून को सुनवाई करेगी।

# पाक ने किया सीजफायर उल्लंघन : भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहा, दूसरा पक्ष गंभीरता समझे, हम तैयार हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को पाकिस्तान ने महज 4 घंटे के अंदर ही तोड़ दिया। श्रीनगर समेत घाटी के कई इलाकों में सीमा पार से गोलीबारी की गयी है। साथ ही पाकिस्तानी ड्रोन देखे गये। पाक की तरफ से पठानकोट समेत कई इलाकों में ड्रोन अटैक किया गया है जिसे भारतीय सेना ने हवा में ही ध्वस्त कर दिया। इस बीच विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर का घोर उल्लंघन किया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी छूट दी गयी है।

**सेना ने कहा शांति कायम है :** श्रीनगर और कुछ अन्य क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरों के बीच सेना ने स्पष्ट किया है कि श्रीनगर में अभी कोई धमाका नहीं हुआ है और नियंत्रण रेखा पर भी गोलीबारी नहीं हो रही है। सीमा पर शांति है। सेना के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कुछ देर पहले कहा, श्रीनगर में कोई विस्फोट नहीं हुआ और नियंत्रण रेखा पर अब कोई गोलीबारी नहीं हुई, पहले गोलीबारी हुई थी। भारत ने पहले ही साफ किया है कि अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की कार्रवाई मानी जायेगी और वैसा ही जवाब दिया जायेगा।

**सीजफायर तोड़ने की थी खबर :** इससे पहले खबर आयी थी कि पाकिस्तान अपनी बात पर चार घंटे भी टिक नहीं पाया। दोपहर में पाकिस्तान के आग्रह पर ही युद्धविराम की सहमति बनी थी लेकिन पाकिस्तान ने रात होते ही उसने इसे छलावा करते हुए फिर ड्रोन हमला शुरू कर दिया। जम्मू से लेकर पंजाब और राजस्थान के कई शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किये, जिसे मार गिराया गया। भारत ने पहले ही साफ किया है कि अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की कार्रवाई मानी जायेगी और वैसा ही जवाब दिया जायेगा। हालांकि पाकिस्तान की ओर से आ रहे ड्रोन व मिशाइल अटैक थोड़ी देर बाद ही बंद हो गये। पठानकोट समेत कई इलाकों में जारी ब्लैकऑउट वापस ले लिया गया। बीएसएफ जवानों को निर्देश है कि यदि सीजफायर का उल्लंघन होता है, तो उसी की भाषा में कड़ा जवाब दें। सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट पर है। भारतीय सेना की तैयारियां मजबूत हैं और देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर कदम उठाया जा रहा है।

## सुरक्षा व्यवस्था पर सीएम ने की बैठक, कहा

# राष्ट्रविरोधी तत्वों पर सख्ती से रोक लगायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांके रोड स्थित सीए आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों और परिदृश्य के मद्देनजर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम बड़े अधिकारियों के साथ विचार विर्मश किया। सीएम ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगायें। वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश से माहौल खराब करे, उनपर कड़ी कार्रवाई करें। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों तथा सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान कर उनपर कानूनी कार्रवाई करें। राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित करें।

**जिलों में कंट्रोल रूम एक्टिव करें :** सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करें। राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पी एस यू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जायें। (शेष पेज 11 पर)



### नागरिक सेवाओं पर फोकस करें

सीएम ने कहा कि देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखंड में एक-एक जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करें। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें। एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठाये जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से कार्य लें, आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या बढ़ायें। क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनायें।

# निदेशक खान व डीएमओ को मिली जुर्माना लगाने की शक्ति

### नॉटिफिकेशन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने नये नियमों के तहत निदेशक खान को राज्य के किसी भी इलाके में और डीएमओ को जिलों में जुमार्ना लगाने की शक्ति दे दी है। वहीं, राज्य के सभी जिलों के डीएमओ (जिला खनन पदाधिकारी) अब अवैध खनन करने वालों से जुमार्ना लेने के लिए अधिकृत कर दिये गये हैं। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। खान एवं भूतत्व विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव अप्रैल में राज्य सरकार को भेजा था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब डीएमओ अवैध खनन के कार्य में संलिप्त व्यक्ति या कंपनी पर जुमार्ना लगाने के लिए अधिकृत हो गये हैं।

### इन्हें भी मिली शक्ति

नए नियमों के तहत, खान निदेशक राज्य के किसी भी इलाके में अवैध खनन के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के लिए अधिकृत किये गये हैं। वहीं खान विभाग के अपर निदेशक भी राज्य के किसी भी इलाके में अवैध खनन के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के लिए अधिकृत किये गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## जतरा मैदान बनहोरा में जिला स्तरीय कृषि कर्म शाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

# झारखंड के किसान मालिक बनें, मजदूर नहीं : कृषि मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के किसान मजदूर नहीं, बल्कि मालिक हैं। राज्य के खेतिहर किसानों को अपनी भूमिका मालिक के तौर पर निभानी होगी। वो खुद की जमीन पर उन्नत कृषि के सहारे लाखों का रोजगार कर सकते हैं। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाएं किसानों को बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। यह बातें राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के बनहोरा जतरा मैदान में जिला स्तरीय कृषि कर्म शाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। बनहोरा मैदान में कृषि प्रदर्शनी के साथ-साथ विभाग की योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए थे।



मंत्री शिल्पी ने कहा कि बहुत दुख के साथ ये कहना पड़ता है कि आज लोग खेती बाड़ी के बजाय दूसरों के घर मजदूरी करना पसंद करते हैं। पहले जहां एक एकड़ में 25 हजार का मुनाफा किसानों को होता था, वहीं बदलते हुए तकनीक में उन्नत कृषि के साथ ये मुनाफा 1 लाख तक पहुंच गया है। इसके लिए सिर्फ सही फसल और कृषि की उन्नत विधि से किसानों को जुड़ने की जरूरत है।

मंत्री ने सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नामक एफपीओ का जिक्र करते हुए उसकी उपलब्धि को बताया। इस एफपीओ का सालाना कारोबार एक करोड़ रुपए के आसपास तक पहुंच गया है। ऐसा सामूहिक प्रयास और कड़ी मेहनत की बदौलत हो सका है। यही वजह है कि विभाग की तरफ सरहुल आजीविका को 15 लाख रुपए का ग्रांट दिया गया है।

मंत्री ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण शूकर पालन करते हैं, लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि झारखंड के शूकर की मांग पूरे देश भर में है। शूकर पालन के जरिए बेहतर मुनाफा और व्यापार किया जा सकता है।

वहीं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आज आपके गांव-घर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग खुद योजनाओं की सौगात लेकर पहुंची है। गांव के किसान विभाग की योजनाओं से जुड़कर कृषि के क्षेत्र में अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में अगर रोजगार के लिए पलायन से बचना है तो कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता से जुड़ना होगा। विभाग किसानों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसके लिए विभागीय प्रक्रिया को पूरा करना होगा और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए कृषि कर्मशाला का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर मंच से मंत्री के हाथों सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और सरई फुल महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को 15-15 लाख का ग्रांट दिया गया, जबकि किसान समृद्धि योजना के तहत पुनीता खलखो और सुमन उरांव को योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर स्थानीय जन प्रतिनिधि नीलम तिर्की, आशा देवी, पुष्पा टोप्पो, रियाजुल, शिव कच्छप, दीपू सिन्हा, प्रकाश तिर्की, मुन्तजिर खान, बेचू तिर्की, ललित कच्छप, सुका उरांव आदि थे।

## प्रशिक्षण पर जायेंगे शशिरंजन व अंजलि

**रांची।** झारखंड कैडर के दो आईएएस शशिरंजन और अंजलि यादव लगभग एक महीने की ट्रेनिंग पर जाएंगे। यह ट्रेनिंग 12 मई से 6 जून 2025 तक चलेगी। दोनों अफसर 2013 बैच के हैं। शशिरंजन निदेशक शिक्षा परियोजना और अंजलि यादव निदेशक पर्यटन के पद पर पदस्थापित हैं।

## आरयू, डीएसपीएमयू, जेएसओयू और वीमेंस यूनिवर्सिटी को चाहिये कुलपति

**रांची।** राजभवन सचिवालय ने रांची यूनिवर्सिटी, वीमेंस यूनिवर्सिटी (जमशेदपुर), डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर (वीसी) के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। वीसी पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एकेडमिक और प्रशासनिक रूप से योग्य होना आवश्यक है। आवेदन करने के लिए निर्धारित वेबसाइट या चांसलर पोर्टल की मदद ली जा सकती है।

## देश के लिए मर मिटने वाले जवानों को किया जा रहा है अपमानित : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जहां एक ओर पूरे देश में सैनिकों के सम्मान में फूल बरसाए जा रहे हैं, उनकी वीरता और शौर्य की गाथाएं सुनाई जा रही हैं, लोग उन्हें गर्व से सलाम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड में राज्य सरकार के संरक्षण में असामाजिक तत्व वीर शहीद जवान राजकुमार महतो की मूर्ति को तोड़ा जा रहा है। देश के लिए मर मिटने वाले जवानों को अपमानित किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जब देश अपनी सीमाओं पर पाकिस्तान की नापाक हरकतों से जूझ रहा है,



जब हमारे सैनिक अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तब झारखंड में कुछ जयचंद किस्म के लोग इस देश की नींव को कमजोर करने पर तुले हुए हैं। हमारे शहीदों ने अपनी जान को दांव पर लगाकर, हमारे देश को बचाने का कर्ज चुकाया है। ऐसे कायरों और गद्दारों को यह समझना होगा कि जो शहीदों के अपमान में शामिल हैं, वे देश के हर नागरिक की आत्मा पर चोट कर रहे हैं, वे भारत पर चोट कर रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि जो हर झारखंड और देशवासियों के मन में है कि कौन हैं वे लोग, जिनकी आंखों में हमारे शहीदों की वीरता चुभ रही है? कौन हैं वे लोग, जो देश की धरती पर पलकर, उसी की शान के खिलाफ काम कर रहे हैं और पाकिस्तानियों की तरह हरकतें कर रहे हैं? चूंकि यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, पूरे राष्ट्र की भावनाओं से जुड़ा मामला है, इसलिए प्रशासन दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

## सरकारी विभागों में लॉ अफसरों की होगी नियुक्ति, प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में विधि अफसरों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया है। इसके लिए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**क्यों पड़ी जरूरत :** वर्तमान में राज्य के 33 विभागों में विभाग स्तर पर कोई लॉ अफसर नहीं हैं। इन विभागों को विधि विभाग के माध्यम से विधिक परामर्श लेना पड़ता है।

**क्या है केस की स्थिति :** लगभग 26 हजार से अधिक सर्विस मैटर के केस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। स्कूली शिक्षा विभाग पर सबसे अधिक 9 हजार से अधिक मुकदमें हैं। स्वास्थ्य विभाग दूसरे स्थान पर है। गृह, कारा, कार्मिक, वित्त व अन्य विभागों से जुड़े मुकदमें भी हैं।

**लॉ अफसरों की नियुक्ति से क्या होगा फायदा :** राज्य में लॉ अफसरों की नियुक्ति से लंबित मामलों को सुलझाने में मदद मिलेगी और महत्वपूर्ण विभागीय निर्णय लेने से पहले लॉ अफसरों का ओपीनियन ले लेने से अदालतों में मुकदमों की बढ़ती संख्या में कमी आएगी।

## जिला, अनुमंडल सहित स्वास्थ्य केंद्रों की जल्द बदलेगी सूरत, 120 करोड़ होंगे खर्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के तहत राज्य के जिला, अनुमंडल सहित स्वास्थ्य केंद्रों की सूरत बदलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में स्वास्थ्य उपकेंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडल अस्पताल, जिला अस्पताल के भवनों के नियमित रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन, मरम्मति में 120 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए जिलों को राशि आवंटित कर दी है।

**क्या होगा काम :** मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के तहत हॉस्पिटलों में भवन की मरम्मत और रंग-रोगन, चाहर दिवारी की मरम्मत व रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था, दवा, चिकित्सीय मशीन एवं उपकरण, सोलर लाइट, रेफ्रिजरेटर, उपस्कर, शौचालय की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था, वृक्ष रोपण एवं बागवानी और अन्य आवश्यक आकस्मिक कार्य किए जाएंगे।

**21 जिला अस्पतालों को मिले 15.75 करोड़ :** मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के तहत 21 जिला अस्पतालों को 15.75 करोड़ की राशि आबंटित की गई है। 12 अनुमंडल अस्पतालों को छह करोड़, 188 सीएचसी को 18.80 करोड़, 330 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 16.50 करोड़ और 3148 आयुष्मान आरोग्य केंद्र व स्वास्थ्य उपकेंद्र को 42.95 करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

## बिस्कोमान चुनाव परिणामों पर रोक

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची ने बिस्कोमान के आगामी चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। झारखंड राज्य द्वारा दायर की गयी रिट याचिका में न्यायालय ने 8 और 9 मई 2025 को प्रस्तावित चुनाव के परिणामों के प्रकाशन पर स्थगन आदेश पारित किया है। यह रिट याचिका झारखंड सरकार द्वारा बिहार और भारत सरकार के सहकारिता विभाग, जिला पदाधिकारी (पटना) सह रिटर्निंग ऑफिसर बिस्कोमान और प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान के विरुद्ध दायर की गई थी। याचिका में घोषित चुनाव प्रक्रिया को चुनौती दी गई है।

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम में नयी नियमावली की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और इसके अनुषंगी निगमों के कर्मियों के लिए संशोधित संवर्ग नियमावली 2025 बनाई जा रही है।

**आपत्ति और सुझाव आमंत्रित :** निगम के जीएम (कार्मिक) ने बताया कि संवर्ग नियमावली का ड्राफ्ट निगम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। पदाधिकारियों और कर्मचारियों से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

**17 मई तक आपत्ति दर्ज करने का समय :** आपत्ति दर्ज करने के लिए 17 मई तक का समय दिया गया है। आपत्ति से संबंधित स्पष्ट बिंदुवार साक्ष्य और दस्तावेज के साथ कंट्रोलिंग अफसर को सूचित करना होगा। ई-मेल के जरिए भी आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

**नियमावली का उद्देश्य :** नयी नियमावली का उद्देश्य निगम के कर्मियों के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नियम प्रदान करना है। इससे निगम के कामकाज में सुधार होगा और कर्मियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया जा सकेगा।

## सभी आरोपों से मुक्त हुए झाप्रसे के पदाधिकारी विवेक सुमन

### विवेक सुमन ने संभाला उप निर्वाचन पदाधिकारी का पद

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी विवेक सुमन पर जामा बीडीओ के पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे। पंचायत स्तर के योजनाओं का प्रखंड स्तर के एफटीओ कराने, बिना कार्य कराये कुल 9,73,500 रुपये की राशि पंचायत एवं प्रखंड से निकासी करने, मनरेगा एक्ट का उल्लंघन करने और भ्रष्टाचार में शामिल रहने जैसे सहित कई आरोप लगे थे। अब इन आरोपों से वो मुक्त हो चुके हैं। इस मद्देनजर कार्मिक विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना में कहा गया है कि विभागीय जांच और विवेक सुमन की तरफ से दिए गए जवाबों के मद्देनजर उनपर किसी तरह के आरोप को सही नहीं पाया गया है। इसलिए उन्हें सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है। साथ ही उन्हें 16 नवंबर 2023 से लंबित प्रमोशन भी दिया जाता है। आरोप मुक्त होते ही झाप्रसे पदाधिकरी विवेक सुमन अपने धारित पद यानी रांची के उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर फिर से योगदान किया।

**दुमका डीसी के आदेश पर हुई थी जांच :** पूरे मामले पर दुमका उपायुक्त ने 24 मई 2018 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच हुई तो प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया, जिसके बाद विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया। जांच में उन्हें आरोप मुक्त पाया गया। जिसके बाद उन्हें प्रमोशन मिला और उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

### 10 जून तक दे सकते हैं सुझाव

## पेसा नियमावली पर आपत्ति और सुझाव आमंत्रित

**रांची।** पंचायती राज विभाग ने पेसा नियमावली के ड्राफ्ट पर लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगे हैं। विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी की है।

**आपत्ति और सुझाव देने की प्रक्रिया :** आपत्ति और सुझाव देने के लिए 10 जून तक का समय दिया गया है। इच्छुक लोग विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध ड्राफ्ट को देख सकते हैं और अपनी आपत्ति और सुझाव ईमेल या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं।

**विचार गोष्ठी का आयोजन**

इस विषय पर 15 मई को सभी हितधारकों के साथ विचार गोष्ठी भी प्रस्तावित है। इससे विभिन्न पक्षों के विचारों और सुझावों को शामिल किया जा सकेगा।

**क्या है नियमावली का उद्देश्य**

पेसा नियमावली का उद्देश्य झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना है। इससे इन क्षेत्रों के विकास और प्रशासन में सुधार होगा।

**राज्यपाल ने मांगी है पेसा नियमावली की स्थिति**

बताते चलें कि राज्यपाल ने हाल ही में राज्य सरकार से पेसा नियमावली की स्थिति की जानकारी मांगी है। अब तक पेसा कानून को राज्य में नहीं लागू किये जाने के मसले पर राज्यपाल जानकारी चाह रहे हैं।

## मास्को में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय प्रवासियों से किया संवाद



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने मॉस्को में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात की और उनके साथ संवाद किया। रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भारतीय प्रवासियों और दूतावास की ओर से राज्य मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारतीय समुदाय के लगभग 120 प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। रक्षा राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान की अहम भूमिका है। उन्होंने भारतीय समुदाय से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया। सेठ ने कहा कि भारतीय जहां भी रहते हैं, वो अपने सत्य कर्मों से जाने जाते हैं। उनका जन्म भले ही हिंदुस्तान में हुआ हो, लेकिन उनकी कर्मभूमि जहां होती है, वहां वह सत्य और निष्ठा से अपने कार्यों को करते हैं। यही भारतीयों की पहचान है।

## झारखंड में पानी की समस्या होगी दूर

### खराब चापानल होंगे दुरुस्त



**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य में पानी की समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने जिला योजना अनाबद्ध की राशि से बंद पड़े चापानलों की मरम्मत कराने का निर्णय लिया है।

**259 करोड़ रुपये किए गए आवंटित**

राज्य के विभिन्न जिलों के लिए जिला योजना अनाबद्ध की 259 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। आवंटित राशि का कम से कम 15% हिस्सा पानी की समस्या से संबंधित योजनाओं पर खर्च किया जाएगा।

### क्या है सरकार का लक्ष्य

सरकार का लक्ष्य है कि बंद पड़े चापानलों की मरम्मत कराकर पानी की समस्या को दूर किया जाए। राज्य में लगभग 74,500 चापानल बंद पड़े हैं, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक करने का लक्ष्य है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सभी जिलों के उपायुक्तों को बंद पड़े चापानलों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्री ने कहा है कि वे खुद जिला योजना अनाबद्ध की राशि के उपयोग की निगरानी करेंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया रिम्स निदेशक को शो कॉज

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार और स्वास्थ्य विभाग के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में हाईकोर्ट ने डॉ राजकुमार को पद से हटाने के आदेश पर रोक लगा दी थी, लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### इन मसलों पर जारी किया है कारण बताओ नोटिस

**नियमों का उल्लंघन:** रिम्स नियमावली 2002 और रेगुलेशन 2014 का उल्लंघन करने का आरोप। शासी परिषद के निर्णयों की अवहेलना: शासी परिषद की अंतिम बैठक में लिए गए निर्णयों की अवहेलना करने का आरोप।

**बेटे का नामांकन:** डॉ राजकुमार के बेटे के रिम्स में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स में नामांकन और आंतरिक समिति का सदस्य बनाए जाने को लेकर सवाल।

**बिना स्वीकृति की खरीदारी:** संस्थान में विभागीय स्वीकृति के बिना की गई खरीदारी को लेकर जवाब मांगा गया है।

**प्रोन्नति प्रक्रिया:** रिम्स के डॉक्टरों की प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर जवाब-तलब किया गया है।

**रिम्स निदेशक ने क्या कहा :** डॉ राजकुमार का कहना है कि उन्होंने कोई नियमविरुद्ध कार्य नहीं किया है और सभी कार्य नियमानुसार किए गए हैं। वे विभाग द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत जवाब देंगे।

## अब अस्पताल शव को नहीं बना सकेंगे बंधक, निर्देश जारी

**रांची।** झारखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अस्पताल किसी भी हालत में शव को बंधक नहीं बना पायेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी उपायुक्तों और सिविल सर्जनों को पत्र भेजकर केंद्र के इस निर्देश को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है।

**क्या है नया नियम :** नये नियम के तहत, अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु के बाद बिल का भुगतान नहीं होने पर भी शव नहीं रोका जा सकता है।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मरीजों की शिकायतों को सुलझाने एवं चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पेशेंट राइट एवं रेस्पांसिबिलिटी चार्टर को लागू किया है।

**क्या है गाइडलाइन :** अस्पतालों को मरीजों के शव को यथाशीघ्र और सम्मानपूर्वक ढंग से परिजनों को सौंपना होगा।

## जनजातीय भाषाएं अब भी उपेक्षित विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट

### संबंधित विषयों के प्रशिक्षित शिक्षकों की गंभीर कमी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 25 वर्ष के झारखंड में जनजातीय समाज की भाषा, संस्कृति और शिक्षा के सपने अब भी अधूरे हैं। रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषाओं के अध्ययन के लिए विभाग की स्थापना तो की गई, परंतु इसे सशक्त बनाने की दिशा में अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**शुरू हुई पढ़ाई, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी :** मुंडारी, कुड़ुख, संथाली, हो और खड़िया जैसी जनजातीय भाषाओं को विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाए जाने की शुरूआत हुई है। हालांकि इन विषयों के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की गंभीर कमी है, जिससे इन भाषाओं में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

### कुड़ुख विभाग की स्थिति चिंताजनक

कुड़ुख भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. महामनी कुमारी ने जानकारी दी कि वे जून माह में सेवानिवृत्त हो रही हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2024-26) में विभाग में 60 सीटों में से 41 छात्राओं ने नामांकन लिया है, परंतु विभाग में केवल दो स्थायी शिक्षक कार्यरत हैं। वर्षों से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद रिक्त पड़े हैं, जिन्हें भरने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### 13 शोधार्थी बिना मार्गदर्शन के कर रहे शोध

विभाग में इस समय 13 शोधार्थी पंजीकृत हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण उन्हें समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। इससे न केवल शोध की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास और उत्साह भी कम हो रहा है।

### सरकार से ठोस नीति की मांग

जनजातीय भाषाओं को संरक्षण और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अब ठोस नीति बनाने और त्वरित कार्रवाई की मांग जोर पकड़ने लगी है। शिक्षकों एवं प्रोफेसरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता बताई जा रही है, ताकि जनजातीय छात्र-छात्राओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सके और उनकी भाषाई विरासत को सहेजा जा सके।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## सिविल कोर्ट में लंबित 34666 मामले और प्री-लिटिगेशन के 293638 वाद हुए निष्पादित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन शनिवार को हाई कोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने लोहरदगा न्यायमंडल, लोहरदगा से ऑनलाइन किया। इसके बाद रांची सिविल कोर्ट से राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि वादों के त्वरित निस्पादन में अधिवक्ताओं और मध्यस्थों की भूमिका अहम होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत वादकारियों के लिए सुलभ व निःशुल्क न्याय पाने का एक माध्यम है। रांची सिविल कोर्ट में



आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल लंबित 34666 मामले तथा प्री-लिटिगेशन के 293638 वादों का निस्तारण किया गया । साथ ही 1,39,59,20,987 राशि का सेटलमेंट हुआ।

कार्यक्रम के दौरान लोक अदालत में लाभुकों के बीच न्यायायुक्त ने चेक का वितरण भी किया। उन्होंने वाहन दुर्घटना मुआवजा के तौर पर मदेश्वर पांडे को 98,87,965 रुपए के चेक का वितरण किया। पीड़ित मुआवजा के रूप में न्यायायुक्त ने रानी देवी को 5,00,000 रुपए का चेक प्रदान किये। न्यायायुक्त ने दिव्यांगजनों, जिनमें सोनु गोप, वशीम खान को व्हील चेयर का वितरण भी किया इसके अलावा अन्य न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा झारखण्ड पीड़ित मुआवजा के तहत कुल 25 पीड़ितों के बीच 68,00,000 रुपए चेक का वितरण भी किया गया। साथ ही वाहन दुर्घटना मुआवजा में न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा पीड़ितों के बीच 73,55,851 राशि के चेकों का वितरण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 39 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था।इस अवसर पर प्रिंसिपल जज फैमिल कोर्ट एसएस फातमी, एजेसी-15 अमित शेखर, एजेसी -2, यशवंत प्रकाश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही आदि थे।

# एनडीपीएस के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने युवाओं को तस्करी की नशीली दवाएं बेचने के आरोप में जेल में बंद आरोपी शैलेश कुमार को जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह बीते तीन फरवरी से जेल में है। सदर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी के द्वारा कोकर के तिरिल रोड स्थित तान्या मेडिकल फार्मा से युवाओं को तस्करी की नशीली दवाएं बेची जा रही हैं। पुलिस ने उक्त मेडिकल दुकान में छापेमारी की और आरोपी शैलेश कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 100 एमएल ओनेरेक्स कफ सिरप की 84 बोतलें, 1430 पीस नाइट्रोसम 10 टैबलेट और 144 विनस्पास्मो (टीएम) फोर्ट कैप्सूल बरामद किया गया। पूछे जाने पर आरोपी व्यक्ति तस्करी की सामग्री के बारे में बताने में असफल रहा था। मामले को लेकर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसे बाद में एनडीपीएस केस में तब्दील किया गया।

## कार्य में गुणात्मक सुधार कर समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन का निर्देश

# जनहित में कार्य नहीं कर पा रहे हैं तो वीआरएस ले लीजिये : उपायुक्त

### अंचल निरीक्षक और राजस्व उप निरीक्षक की कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला का आयोजन

- लोगों से शालीन व्यवहार करें, कार्यालय में बिचौलिये न दिखें यह सुनिश्चित करें
- प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित म्यूटेशन के मामलों की होगी समीक्षा

### हर मंगलवार आम लोगों से मिलेंगे अंचल अधिकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** समाहरणालय में जिले के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक की कार्यशैली उन्नयन के लिए शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यशाला में जिला के सभी अंचल के वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मियों को जन कल्याणकारी योजनाओं, जन शिकायतों के नियमानुसार त्वरित निष्पादन, समाधान एवं कार्य संस्कृति उन्नयन से संबंधित दिशा-निर्देश दिया। यूनिसेफ के प्रेमचंद द्वारा कार्यशाला में सभी राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को कार्यशाली और नियत द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को मंगलवार के दिन आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाकी कार्य दिवसों में भी अंचल अधिकारी अन्य कार्यों के साथ दोपहर 1:00-2:00 तक आम जनता की समस्याओं को सुनते हुए यथासंभव समाधान करें। उपायुक्त द्वारा जिला में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए सीपीपीओ से समन्वय स्थापित करते हुए एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया।

**आम लोगों से शालीन व्यवहार करें, कार्यालय में बिचौलिये न आएं यह सुनिश्चित करें** : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं उप राजस्व निरीक्षक से कहा कि लोगों के समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें, कार्यालय आनेवाले लोगों से शालीन व्यवहार करें, उन्हें सही एवं उचित जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आवेदक ही आएं, सभी यह सुनिश्चित करें कि बिचौलिये कार्यालय में न दिखें।

### हल्कावार लंबित म्यूटेशन के मामलों की समीक्षा

कार्यशाला में उपायुक्त ने प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा की। उपायुक्त ने संबंधित हल्का कर्मचारी से लंबित मामलों का कारण पूछा। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षक को अगले सात दिनों में 10 डिसिमल तक के 90 दिनों के लंबित दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ऑर्डर जेनेरेशन, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र, सीमांकन एवं परिशोधन पोर्टल में लंबित मामलों को भी सात दिनों के अंदर निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को कहा कि कार्य में गुणात्मक सुधार करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन करें। दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है तो जानकारी दें ताकि राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन किया जा सके। कार्य में शिथिलता पर उपायुक्त ने कहा कि जनहित में कार्य नहीं कर पा रहे हों तो वीआरएस ले लीजिये।

# हरमू मैदान, विद्यानगर और मधुकम में बेचा जा रहा था ब्राउन शुगर, गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल ब्राउन शुगर सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त अमित तिर्की मुर्गा मैदान, रोड नंबर-9 मधुकम का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 15 हजार रुपये नगद, 5.65 ग्राम ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर क्षेत्र के मुर्गा मैदान के पास अवैध नशीले पद्धार्थों की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना पर गठित पुलिस टीम जब उक्त स्थान पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही एक युवक भागने का प्रयास किया, जिसे मौके पर पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर पकड़ा। युवक ने अपनी पहचान अमित तिर्की के रूप में दिया। अभियुक्त के पास से ब्राउन शुगर, 15 हजार रुपये नगद व मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस टीम में डीएसपी, कोतवाली प्रकाश सोय, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, रविंद्र दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**घूम-घूम कर बेचा जाता है ब्राउन शुगर** : डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह ब्राउन शुगर सासाराम, बिहार से खरीद कर लाता है। जिसे वह हरमु मैदान, विद्यानगर, मधुकम व सुखदेव नगर इलाके में घूम घूमकर बेचता है। इसके खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 240/25 दर्ज की गई है। स्थायी रूप से अभियुक्त मधुकम बीच अखड़ा, सुखदेव नगर का रहनेवाला है।

# रांची रेलवे स्टेशन से पंद्रह वर्षीय नाबालिग का रेस्क्यू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल, रांची मंडल की नन्हे फरिश्ते टीम ने शुक्रवार को एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को रांची रेलवे स्टेशन से सकुशल रेस्क्यू किया। टीम द्वारा प्लेटफार्म संख्या एक पर चेकिंग के दौरान उक्त नाबालिग लड़की को अकेले बैठे हुए देखा गया था। टीम ने संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोनिया कुमारी, माता मंजू देवी, निवासी ग्राम चमगाढ़ा, पोस्ट बड़कागांव, थाना सिकरी ओपी, जिला हजारीबाग (झारखंड) बताया। नाबालिग ने यह भी बताया कि उसके परिवार वाले उसकी शादी करवाना चाहते थे, जिससे परेशान होकर वह घर से भाग आयी थी। जिसके बाद टीम ने लड़की को पूछताछ के उपरांत सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन रांची को सौंप दिया। इस अभियान में महिला निरीक्षक सुनीता पन्ना, स्टाफ आर. एस. प्रधान, एस. के. सिंह, महिला स्टाफ रेनू तथा सोनू कुमावत सहित अन्य शामिल थी।

# बुद्ध जन्मोत्सव समारोह कल

**रांची।** छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी गोरखा चौक नेपाल हाउस डोरंडा में भगवान बुद्ध जन्मोत्सव समारोह की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। दार्जिलिंग से आए लामाओं द्वारा दोमांग पाठ किया जा रहा है। दोमांग पाठ 8 मई से ही प्रारंभ कर दिया गया है। आज 10 मई को इसकी समाप्ति हो रही है। छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेन तामंग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृहद रूप में बुद्ध जयंती का आयोजन किया जा रहा है। 12 मई को प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी। शनिवार को छोटानागपुर बौद्ध मंदिर परिसर में लुंगदर झंडा की स्थापना की गई व पूजा पाठ किया गया। मौके पर पूर्व वित्त मंत्री झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव, आलोक कुमार दूबे, मेंहुल दूबे,संजय दूबे उपस्थित थे। इन लोगों ने भगवान बुद्ध के चरणों में शीश झुकाया। लामाओं ने इन्हें आशीर्वाद दिया गया।

# पति और पत्नी ने एक-दूसरे पर लगाया है मारपीट का आरोप

### पति ने ओरमांझी थाना में दर्ज करायी है प्राथमिकी

### पत्नी ने एसएसपी को आवेदन देकर लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल में महिला विनिता गोप का इलाज विगत पांच दिनों से चल रहा है। महिला का आरोप है कि पति सुशील कुमार यादव दहेज के लिये प्रताड़ित करते हैं। ससुराल में पति व अन्य लोगों के द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मोटी रकम व चार पहिया गाड़ी की मांग की जाती है। इसका विरोध करने पर पति व अन्य लोगों के द्वारा जान मारने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी ओरमांझी थाना की पुलिस को भी दी गई लेकिन पुलिस ने आवेदन नहीं लिया, डांट कर भगा दिया। जिसमें एसएसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गई है।

सदर अस्पताल में इलाजरत महिला विनिता गोप ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 की रात करीब दस बजे कमरा में बंद कर पति ने उसके साथ बेरहमी पूर्वक मारपीट की थी। पति दूसरी शादी करने की धमकी देते हुये गला दबाकर जान मारने का प्रयास किया था। किसी प्रकार वह दरवाजा खोलकर अपने एक वर्ष के बेटे को लेकर भागी थी। आईटीआई ,बजरा में मायके पहुंचकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती किया है।

ओरमांझी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने पति सुशील कुमार यादव के लिखित शिकायत पर पत्नी व अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# मदर्स डे का आयोजन: निर्मला कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने दी भावनात्मक स्पीच

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू मोराबादी में शनिवार को मदर्स डे के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने मातृत्व पर आधारित भावनात्मक स्पीच प्रस्तुत किया। इन भाषणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां के प्रेम, त्याग और योगदान को गहराई से उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सुंदर प्रस्तुतियों के लिए सराहा और उपहार दिया। श्री शर्मा के द्वारा उपस्थित माताओं को भी छाते भेंट किए गए।

उन्होंने कहा कि मातृत्व को शब्दों में बांधना कठिन है, लेकिन बच्चों ने जिस भाव से अपनी बात कही, वह वास्तव में सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में घटित पहलगाम हमले का भी जिक्र किया गया, जिसमें कई माताओं को अपार दुःख पहुंचा। इस दर्दनाक घटना पर शोक व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक मिनट का मौन रखकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि हम सभी माताओं के सम्मान में एकत्र हुए हैं, और ऐसे समय में जब देश की कई माताएं अपार पीड़ा में हैं, हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, एक समर्पण है। कार्यक्रम के दौरान माता के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा इसका समापन तालियों और एकजुटता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने मातृत्व को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिका किरण कुमारी, निधि कुमारी, अनामिका छेत्री, विभा तिग्गा इत्यादि के साथ अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

# जेवरात और मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना की पुलिस ने चोरी कांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त आकाश होरो को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्त के पास से चोरी की दो लाख से अधिक की जेवरात व मोबाइल बरामद की है। पुलिस ने इस घटना में शामिल एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया है।

इस संबंध में लालपुर थाना पुलिस पंकज शर्मा ने बताया कि 28 अप्रैल की देर रात आईएएस क्लब, लालपुर में चोरी की घटना घटी थी। जिसमें चोरों ने मोबाइल व एक ट्रॉली बैग की चोरी की थी। बैग में लाखों के जेवरात, कपड़ा और अन्य सामान थे। इस मामले में बोकारो के अजय कुमार के द्वारा लालपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान घटना में शामिल अभियुक्त आकाश होरो को गिरफ्तार की है। अभियुक्त लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बाबु लेन, चर्च रोड का रहनेवाला है। इसके पास से चोरी की चेन, कानबाली सहित दो लाख से अधिक की जेवरात और मोबाइल बरामद की है।

# नीरजा सहाय डीएवी में शिक्षक संवर्द्धन कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा एक दिवसीय कौशल संवर्द्धन कार्यशाला का अयोजन किया गया। एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन विषय पर कार्यशाला का संचालन डा शिप्रा एवं डा जया जयसवाल ने किया। विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने इस कौशल संवर्द्धन कार्यशाला का उपयोग अपने पेशेवर विकास की परिणीति में किया। कार्यशाला का आरंभ प्राचार्या किरण यादव और रिसोर्स पर्सन्स ने वैदिक मंत्रों के साथ ज्ञान रूपी ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। ऐसे आयोजनों की उपयोगिता को आज के परिप्रेक्ष्य में अपरिहार्य बताया। उन्होंने कहा कि जितना आवश्यक छात्रों को शिक्षित करना है उससे कहीं अधिक आवश्यक है उनके अभिभावकों को आधुनिक शिक्षा और उसके माध्यम से प्राप्त होने वाले अवसरों के बारे में जागरूक करना ताकि वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। नयी शिक्षा नीति का मूल मंत्र है कौशल विकास और छात्रों को एक कुशल नागरिक बनाना।

# मंत्री सुदिव्य ने बिरसा समाधि स्थल के पूर्ण विकास का दिया भरोसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शानिवार को कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक स्थल को आस्था, सम्मान और गौरव का प्रतीक बताया और इसके समुचित विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके स्मृति स्थल को भव्य स्वरूप देना हमारी प्राथमिकता है। मंत्री ने समाधि स्थल की साफ-सफाई, रखरखाव और सौंदर्यीकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस स्थल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आकर्षक बनाया जाये, ताकि यहां आने वाले लोग आत्मीयता और गर्व का अनुभव करें। दौरे के दौरान रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार और अन्य थे।

## खबर एक नजर में

### छेड़खानी करनेवाले आरोपी भेजा गया जेल

**रांची।** बरियातू थाना की पुलिस ने छेड़खानी करने के आरोप में एक युवक लवकुश गिरी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त भरम टोली, बरियातू का रहनेवाला है। इस संबंध में बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि युवती के द्वारा अभियुक्त पर रास्ते में आते-जाते छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया है। अभियुक्त व युवती पूर्व से परिचित है। दोनों का घर आसपास ही है।

### मोबाइल छिनतई करनेवाले दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना की पुलिस ने मोबाइल छिनतई करनेवाले दो अभियुक्त रेहान उर्फ गोलू और मुन्ना खान को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

**क्या था घटना** : अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास एक व्यक्ति साईकिल से मोबाइल पर बातचीत करते हुये जा रहा था। इसी दौरान गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त बाइक से उसकी मोबाइल छिनतई कर भागने लगे। जिसमें उक्त व्यक्ति ने चोर-चोर की शोर करते हुये दोनों के पीछे दौड़ा। जिसमें एक अभियुक्त को मौके पर पकड़ा गया और मोबाइल बरामद की गई। व्यक्ति के द्वारा युवक को पकड़ कर अरगोड़ा थाना की पुलिस को सौंपा गया। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ में मिली जानकारी के बाद फरार दूसरे युवक को भी छापामारी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### योग : कर्मसु कौशलम : एसके मिश्रा




**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर योगासन पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्यानंद योग मिशन के योग गुरु स्वामी मुक्तरथ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करना और योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, आत्मिक, आध्यात्मिक और मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी फायदों को बताना था। इस कार्यक्रम में तकरीबन 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्वामी द्वारा उन्हें योगासन और प्राणायाम कराए गए जिससे उनमें शारीरिक सौष्ठव व मानसिक संकेन्द्रन विकसित हो। मौके पर प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की ऐसी विशिष्टता है जिसे दैनिक जीवन में अपनाकर हम शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक रुप से विकसित हो सकते हैं। यह मानवीय मूल्यों को भी स्वयं में तिरोहित करने में सहायक होता है। हमें प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

# रांची रेल मण्डल के चार अफसरों और जवानों को मिला डीजी इंसाइनिया अवॉर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय रेलवे सुरक्षा बल के 201 जवानों को उनके उत्कृष्ट सेवा और साहसिक कार्यों के लिए रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन जवानों को प्रदान किया गया है जिन्होंने रेलवे परिसरों में अपराधों की रोकथाम, यात्री सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में असाधारण प्रदर्शन किया।

**उत्कृष्ट सेवा के लिए डीजी इंसाइनिया** : यह पुरस्कार उन जवानों को दिया गया है, जिन्होंने रेलवे परिसरों में अपराधों की रोकथाम और यात्री सुरक्षा में असाधारण योगदान दिया। रांची रेल मंडल में चार अफसरों तथा जवानों को नाम इस सूची में दिए गए हैं। जिसमें अशोक कुमार सिंह (सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ रांची), लाल बहादुर (निरीक्षक, अपराध शाखा, रांची), शक्ति सिंह (सहायक उपनिरीक्षक, रांची) और कल्पना कुमारी (महिला प्रधान आरक्षी, लोहरदगा) हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य आरपीएफ के जवानों की मेहनत और समर्पण को मान्यता देना है, जो भारतीय रेलवे की सुरक्षा और यात्रियों की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने इन जवानों की बहादुरी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। यह पुरस्कार समारोह भारतीय रेलवे की सुरक्षा में आरपीएफ के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करता है।

## डीसी ने कलेक्ट्रेट में किया कर्मचारियों से संवाद, दिया निर्देश

# अब कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों की रेटिंग करेगी आम जनता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभी विभागों के लिपिकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार की योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन, जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान और कार्यालयों की कार्यशैली में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं, जैसे सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास वास्तविक लाभुकों तक समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचे।

वहीं, जनता की शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने शिकायत दर्ज करने से लेकर समाधान तक की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी व सरल बनाने पर जोर दिया। एक महत्वपूर्ण पहल के तहत डीसी ने घोषणा की कि अब कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों की रेटिंग आम जनता द्वारा की जाएगी। इससे कार्यालयों की जवाबदेही बढ़ेगी और सेवा की गुणवत्ता को मापा जा सकेगा। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए. उपायुक्त ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनने का आश्वासन दिया और कहा कि कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर ऑपरेटरों को ई-गवर्नेंस और डिजिटल सिस्टम के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया गया, ताकि ऑनलाइन सेवाएं और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बन सकें।

## स्पीड न्यूज

### ताला तोड़ घर से चुरा ले गए बाइक

**ओरमांझी।** मेसरा थाना क्षेत्र के नेवटरी विकास निवासी उज्ज्वल कुमार ठाकुर का पैशन प्रो बाइक घर से चोरी हो गई। उसने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए, बताया उसका बाइक जेएच01डीएफ-9011 बाइक को लॉक कर घर के आंगन में खड़ा था, और बाहर का गेट में भी ताला लगा था। सुबह में देखा की उसका गेट का ताला टुटा है, और बाइक भी गायब है। आसपास तलासने काभी प्रयास किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा बाइक व चोर का पता लगाने का प्रयास की जा रही है।

### समस्या के समुचित समाधान के लिए जरूरी है कठोर कदम : केएन त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** शनिवार को झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बाद कहा कि 1947 के पहले ब्रिटिश साम्राज्य ने भारत को हमेशा उपनिवेश बनाये रखने के लिए पूर्व एवं पश्चिम में भारत को ही काटकर एक नया देश बना दिया, जो हमारे राज्य पंजाब सिंध और बंगाल के रूप में है, ये हमारे प्रतिस्पर्धी राष्ट्रों की हाथों का खिलौना बने रहे। हमने देखा कि किस तरह पाकिस्तान, चीन और टर्की के हाथ का खिलौना बना रहा। बांग्लादेश अमेरिका एवं चीन के हाथ का खिलौना बनने लगा है। अतः जुलाई 1947 में पारित भारतीय स्वतंत्रता कानून जो दो राष्ट्रों का बना था, उसे समाप्त करके ही भारत अपने मूल स्वरूप में आयेगा और सारी समस्याओं का समाधान होगा और नहीं तो ये हमारे देश से टूटा हुआ भाग पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत के ही लोगों के खून बहाते रहेंगे और समस्याओं का कारण बनते रहेंगे।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने बांटी पाठ्य सामग्री

**सतबरवा।** यशस्वी सोनी के पांचवां जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बकोरिया के भाजपा नेता सह सतबरवा प्रखंड के पूर्व सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर ने परसही में मुसहर परिवार के बीच पढ़ने की सामग्री कलम कॉपी स्लेट, पेंसिल बांटी तथा उन्हें अक्षर ज्ञान कराकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। सोनू ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ेगा और विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी है।

### जेई को दी गयी पेयजल समस्या के निराकरण की अतिरिक्त जवाबदेही

**मोहम्मदगंज।** पेयजल समस्या के निराकरण को लेकर विभागीय कनीय अभियंताओं की कमी को पूरा करने के लिए 15वें वित आयोग के जेई को प्रखंड वार नामित किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त के स्तर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत संबंधित प्रखंडों में 15 वित आयोग के जेई को ही उसी प्रखंड में उनके विभागीय कार्यों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने का आदेश दिया गया है। इसमें उन्हें विभागीय सहायक अभियंता और बीडीओ के पास बंद, खराब, पेयजल केंद्र/चापानल की उपलब्ध सूची के आधार पर मरम्मत और जीर्णोद्धार करने की जवाबदेही दी है। इसे लेकर उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्य में सहयोग प्रदान करना है। इसके लिए स्थानीय प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित 15 वें वित आयोग के जेई प्रदीप कुमार को इस प्रखंड क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने को लेकर नामित किया गया। इस समस्या से उन्हें भी अवगत कराने के लिए उनका मोबाइल नंबर 9955288460 भी जारी किया गया है।

### विजय ने बैठक में चियांकी पहाड़ पर रॉक गार्डेन बनाने का मामला उठाया

**मेदिनीनगर।** जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने बड़कागांव अमानत नदी पर बने सूर्यमंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए बैठक में प्रमुखता से उठाया। साथ ही चियांकी पहाड़ जो 46 एकड़ में जीएम लैंड है, उसमें रांची के तर्ज पर बने रॉक गार्डेन के रूप में इसे भी रॉक गार्डेन बनाने के लिए उपायुक्त पलामू से पलामू वासियों के आवाज उठायी। इसपर पलामू उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि दोनों को प्रथमिकता के आधार पर विकसित किया जायेगा। जिससे जिलेवासी रॉक गार्डेन पार्क का दूरदराज से घूमने, आनंद उठाने चियांकी आयेंगे। इसके साथ ही व्यापार का अवसर भी बढ़ेगा।

### भारतीय सैनिक के कार्रवाई से आतंकवाद का होगा सफाया : मोर्चा

**मेदिनीनगर।** आतंकवाद के खिलाफ भारत के निर्णायक लड़ाई छेड़ने पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा काफी खुश है। पीएम मोदी, भारतीय सेना को बधाई दी है। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भारतीय सैनिक के कार्रवाई से दुनिया से आतंकवाद का सफाया हो जायेगा। कहा कि भारत एक शांति प्रिय देश है पर छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं। भारत पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दे रही है। ऐसा लगता है कि अब दुनिया से आतंकवाद का खात्मा हो जायेगा। इस देश में आतंकवाद का कोई जगह नहीं है। भारत सरकार ने यह दिखा दिया कि भारतीय सैनिकों का मनोबल काफी ऊंचा है।

### नशा के नुकसान और आपातकालीन सेवा 112 के प्रति लोग हुए जागरूक

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना के अटल स्मृति भवन में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को नशा के दुष्प्रभाव और आपातकालीन सेवा नंबर 112 के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने नशा के कारण समाज में फैल रही समस्याओं जैसे–गृह कलह, अपराध, स्वास्थ्य हानि आदि पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, युवाओं को नशे से दूर रहने और जीवन में सकारात्मक दिशा अपनाने की प्रेरणा दी गयी। इसके अतिरिक्त 112 आपातकालीन सेवा नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### जागरूकता से ही रूकेगा बाल विवाह समाज का अभिशाप: वार्डेन सुषमा कुमारी

**पाटन पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल विवाह जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह रोकने की शपथ ली। बाल विवाह जागरूकता अभियान को लेकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रभातफेरी निकाली। रैली में छात्राओं ने बाल विवाह रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया। जागरूकता अभियान पर विद्यालय में कई कार्यक्रम किये गये। विद्यालय की वार्डेन सुषमा कुमारी ने बाल विवाह रोकने के लिए और बाल विवाह पर छात्राओं को जागरूक किया। कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है इसे दूर करने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा। वार्डेन ने छात्राओं को इसमें बढ़ चढ़ कर आगे आने के लिए प्रेरित किया। वार्डेन ने कहा कि बाल विवाह समाज में कोढ़ बन गया है जिससे बच्चियों का भविष्य खराब हो जाता है।

# संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि स्कूल में छात्र परिषद का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल में शनिवार को संपादित विभिन्न गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के समुचित संचालन हेतु छात्र परिषद का गठन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा दसवीं के अरुण उरांव को हेड ब्वाय तथा मुनमुन केशरी को हेड गर्ल के पद पर नियुक्त किया गया। कक्षा नौवीं से उप हेड ब्वाय शौर्य सिंह तथा उप हेड गर्ल पीहू केशरी को बनाया गया। विद्यालय स्तरीय अन्य गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सांस्कृतिक हेड ब्वाय राजकुमार साहू एवं अर्सलान मलिक तथा हेड गर्ल कुमकुम केशरी एवं स्नेहा अधिकारी को बनाया गया। प्रार्थना सभा की उचित प्रकार से संचालन हेतु अराध्या गुप्ता,खुशी साहू, हिमांशु कुमार तथा साफात नसीर को प्रार्थना सभा प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। विद्यालय में सुचारू रूप से खेल संबंधित व्यवस्था के लिए अमृत साहू और सुष्मिता कुमारी को हेड बॉय और हेड गर्ल बनाया गया।विद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने हेतु सभी वर्गों के विभिन्न छात्र छात्राओं को अनुशासन समिति का प्रभार सौंपा गया। वहीं छात्र परिषद गठन के बाद विद्यालय निदेशक डा पंकज राज एवं प्राचार्य संदीप राज ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में छात्र परिषद की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी कार्यों के संचालन हेतु आप सभी को आगे आना है तथा दूसरे बच्चों को भी सभी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि आप सभी को जो ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका ईमानदारी पूर्वक आप सभी निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदासीन विद्यार्थियों को अपने पद की गरिमा की शपथ दिलाई गई। समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक राजकुमार व अजित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक विवेक कुमार, अम्बुज माझी, श्रवण कुमार, रामानंद तिवारी, मोहित पुराण, दीप्ति कुमारी, अमला कुमारी, दुलारी एक्का, लक्ष्मी उरांव, अंजलि कुजूर, प्रेरणा कुमारी व अस्मिता कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।



छात्र गठन के दौरान संबोधित करते विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज।

## छात्रों ने दिखाया प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, बचरा में शनिवार को अंतर सदनीय अंग्रेज़ी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों की स्पष्टता एवं अभिव्यक्ति क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों श्रद्धानंद हाउस, दयानंद हाउस, हंसराज हाउस और विवेकानंद हाउस – के कुल 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को विषय चिट सिस्टम के माध्यम से दिए गए, जिन पर उन्हें मंच पर ही दो मिनट के भीतर आशु भाषण देना था। प्रतियोगिता के विषय समाज, शिक्षा, राजनीति एवं सामयिक मुद्दों से संबंधित थे, जिन पर छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर. चौधरी ने प्रतियोगिता में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, "ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक विषयों पर सोचने, विश्लेषण करने और प्रभावी ढंग से विचार रखने की क्षमता का विकास करना है। यह उन्हें एक जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, निर्णायक मंडल के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भूमिका रही।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ओबीसी मोर्चा ने निकाला जूलुस



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सीमा पार पाक समर्थित आतंकवादियों के विरुध भारतीय सैनिकों के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के पदधारियों ने खुशी जाहिर किया है। ऑपरेशन सिंदूर के इस शानदार सफलता पर भारतीय सैनिकों के समर्थन में शनिवार को भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष नरेश साहु के नेतृत्व में गोंदली पोखर चौक में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में पाकिस्तान मुर्दाबाद हिन्दुस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाया जा रहा था। जुलूस में कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार बर्मा मंत्री चतुर साहु बूथ अध्यक्ष कुलदीप कुमार प्रदीप कुमार राम अनगडा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार महतो मण्डल महामंत्री राजेन्द्र महतो मण्डल उपाध्यक्ष घनेनाथ महतो निशांत कुमार आकाश कुमार इत्यादि शामिल थे।

# सांसद के सौजन्य से लड़कियों के विवाह हेतु उपहार स्वरूप श्री राम लहंगा दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। पिपरवार मंडल अंतर्गत लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल जी के सौजन्य से लगातार बुंडू , किचटो ,पाताल , बचरा उत्तरी एवं बचरा दक्षिणी पंचायत के गांव टोला में गरीब घर की लड़कियों के विवाह हेतु उपहार स्वरूप श्री राम लहंगा दिया जा रहा है सांसद मनीष जायसवाल का मानना है कि हर गरीब लड़की का सपना होता है कि लहंगा में उनका विवाह हो परंतु गरीब होने के कारण या लड़की के मां-बाप नहीं होने के कारण लहंगा नहीं खरीद पाते हैं और उनका सपना अधूरा रह जाता है। इन्हीं सपनों को पूरा करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा श्री राम लहंगा गरीब घर की बेटियों को विवाह हेतु देकर उन बहनों का सपना पूरा कर रहे हैं इसी कार्यक्रम के तहत आज बुंडू पंचायत के बटुका गांव में धर्मनाथ महतो की सुपुत्री काजल कुमारी, महावीर महतो के सुपुत्री प्रियंका कुमारी किचटो पंचायत बर टोला में स्वर्गीय रामचंद्र भुइया की सुपुत्री मोनिका कुमारी चिरैयाटांड़ निवासी चूरण महतो की सुपुत्री मानती कुमारी बुधन महतो की सुपुत्री पियासो कुमारी हफुवा निवासी दिनेश महतो की सुपुत्री चिंता कुमारी इस पुनीत कार्य में पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल राघवेंद्र सिंह चतुर्भुज शर्मा मोहन महतो जगदीश महतो शिवनाथ महतो वासुदेव महतो आदि कार्यकर्ताओं ने घर जाकर श्री राम लहंगा उपहार स्वरूप दिया। सभी कन्याएं श्री राम लहंगा प्रकार खुश हुई और सभी कन्याओं के साथ-साथ उनके माता-पिता जिन्हें लहंगा उपहार स्वरूप दिया गया उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल को आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।



## कोल इंडिया के एससी/एसटी/ओबीसी मुद्दों को लेकर बृजकिशोर पासवान ने किया एनके-पिपरवार क्षेत्र का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष सह सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान ने शनिवार को सीसीएल के एनके व पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने एनके एरिया के महाप्रबंधक डी.के. गुप्ता तथा पिपरवार एरिया के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक नागेश कुमार गोपाल से प्रमोशन रोस्टर, बैकलॉग एवं आरक्षित वर्गों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। बृजकिशोर पासवान ने अधिकारियों से एससी, एसटी और ओबीसी कर्मचारियों के लंबित मामलों के शीघ्र समाधान का आग्रह किया, जिस पर दोनों अधिकारियों ने सकारात्मक आश्वासन दिया और जल्द आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस बैठक में पिपरवार क्षेत्रीय सचिव रतन लाल सहित एस.डी. राम, दिलीप गंझू, दिलीप पासवान, राघवेंद्र पासवान, राज कुमार दास, मोहम्मद रिजवान, दीपक मंडल और संजय कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में कर्मचारी हितों को लेकर गहन मंथन हुआ और संगठन की ओर से विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। बृजकिशोर पासवान ने कहा कि कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों में आरक्षित वर्गों के संवैधानिक अधिकारों का पालन सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता है, और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## विधायक नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि को नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने चुट्टू निवासी शरीफ अंसारी को कांके विधानसभा के सहकारिता विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि कांके विधानसभा क्षेत्र के जनता की समस्याओं को दूर करने और सहकारिता विभाग के योजनाओं का लाभ दिलाने में शरीफ अंसारी अहम भूमिका निभाएंगे। विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर शरीफ अंसारी ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निभाउंगा। शरीफ अंसारी को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर गौरीशंकर महतो, शिवलाल नायक, मदन कुमार महतो, रीता चौधरी, संजर खान, जावेद अख्तर अंसारी, हयात अंसारी, ऐनुल हक, इरफान अंसारी, परवेज आलम,अजीजुल रहमान, महमूद आलम, मौलाना साबिर हुसैन, हसनैन अंसारी, नईम अंसारी, हसीब अंसारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



विधायक सुरेश बैठा नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि को नियुक्ति पत्र देते।

## तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने पैदल दंपत्ति को रौंदा

- मजदूर युवक की मौत, पत्नी घायल
- बेलांगी का था विजय मिर्धा
- मखमंदरो चौक की है घटना

**रातू।** रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित मखमंदरो चौक के निकट शनिवार की दोपहर मांडर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप जेएच 01डीएस 1371 ने स्कूटी जेएच 01डीवी 4413 में पेट्रोल भराने पैदल पंप जा रहे दंपति को रौंद डाला। इससे बेलांगी पतराटोली के 28 वर्षीय विजय मिर्धा की मौत हो गयी। जबकि, उसकी पत्नी 25 वर्षीया सोनी कुमारी जख्मी है। मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। उसे न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो और स्कूटी को जब्त कर लिया गया है। पिकअप कुंबाटोली के सुरेंद्र उरांव उर्फ बाबू उरांव की बतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना इतनी जबरजस्त थी कि युवक का शरीर के परखच्चे उड़ गये। मृतक स्व महेश मिर्धा का एकलौती संतान था।

**कैसे घटी घटना:** विजय पेशे से मजदूर था। सोनी भी साथ में मजदूरी करती थी। एक माह पूर्व उनकी शादी हुयी थी। स्कूटी में पेट्रोल खत्म हो गया। दोनों पंप जा रहे थे। नशे में धुत बोलेरो चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इतना ही नहीं उसने समीप में खड़ी ब्लू रंग की अपाची मोटर साइकिल जेएच 01ईयू 6567 को कुचलते हुये होटल में घुस उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**रातू (रांची)।** सिमलिया नयाटोली निवासी किशोर कच्छप की पुत्री 22 वर्षीया नवीनता कुमारी ने लोहरदगा जिले के सेंहा बीआईडी बसाईटोली के बिनेश्वर भगत के पुत्र 21 साल के दीपक भगत पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाते हुये रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोपी फिलहाल हेहल पहाड़टोली में घर बनाकर रह रहा है। वह फरार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी एक ही कॉलेज के छात्र हैं। दोनों में पहले दोस्ती और बाद में प्यार हो गया। दीपक ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रस्ताव दिया और हेहल पहाड़टोली स्थित घर पर उसे हवस का शिकार बनाया। इसके बाद उसे बहु बाजार में किराये पर कमरा लेकर 22 मार्च 25 से 10 अप्रैल तक उसे अपने साथ रखा। इसके बाद से उसने पीड़िता से किनारा कर लिया। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है। आरोपी फरार बताया जा रहा है।

**शादी से किया इंकार:** मिलना-जुलना बंद किये जाने के बाद पीड़िता ने उससे संपर्क करने की कोशिश की। इस बीच वह उसके घर भी गयी। लेकिन, उसके परिवार वालों ने बात कराने से मना कर दिया। 15 अप्रैल को दीपक ने बहु बाजार वाले कमरे में बुलाकर उसे भूल जाने की न केवल सलाह दी, बल्कि गला दबाकर हत्या करने की भी धमकी दी। दो दिन दोनों की मुलाकात हुयी।

## ट्रक अनियंत्रित होकर मकान से टकराया, बाल-बाल बचे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** एन एच 39 रेहला - पड़वा मुख्य पथ पर भंडार गांव के पास एक ट्रक ( सीजी 07 सी जी 0255) अनियंत्रित होकर रिहायशी मकान से टकरा गया। हालांकि इस घटना में घर में रह रहे लोग बाल - बाल बच गये और एक बड़ी घटना टल गयी। घटना शुक्रवार दोपहर दो बजे की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक तेज रफ्तार से पड़वा मोड़ की ओर जा रही थी। इसी बीच सामने से आ रहे एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रक रिहायशी मकान से टकरा गयी। फोर लेन सड़क किनारे का यह मकान भंडार गांव के दीनानाथ पांडेय का है। घटना के समय उनका पूरा परिवार घर में ही था। श्री पांडेय ने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण कार्य पिछले दो वर्ष से चल रहा है। सड़क निर्माण में घर के सामने की पूरी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है।



## अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत

**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में अलग अलग घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। हैदरनगर के परता गांव निवासी रामचंद्र चंद्रवंशी की मौत पैर का नस फट जाने से हो गयी। बताया जाता है कि नस संबंधित कोई बीमारी थी जिसका इलाज चलता था। किंतु अचानक नस फट जाने से पैर से बहुत अधिक खून बहने लगा जहां घर से बाहर उनकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना हैदर नगर रेलवे लाइन पर हुई जिसमें हैदरनगर के सजवान निवासी की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गयी।

## राजधर रेलवे लाईन का 25 हजार वॉल्ट का तार चोरों ने काटा, सीसीएल ने थाना में दर्ज कराया मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के अमरवा धमधमिया मैक्लुस्कीगंज राजधर रेलवे लाईन के दो पोल का 25 हजार वॉल्ट का तार अज्ञात चोरों ने बीते मध्य रात्रि काट दिया गया। जिसके बाद सीसीएल सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों ने मैक्लुस्कीगंज थाना में मामला दर्ज कराया। बताया जाता है कि चोरों ने ओवर हेड तार काट कर रेललाईन पर ही छोड़ दिये थे। सुरक्षा विभाग के कर्मियों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन व पुलिस चोरी की घटना से बेखबर रहते है। इस रेलवे लाईन में आये दिन 25 हजार वोल्ट का तांबा तार चोरी होते रहता है। अब तक रेलवे लाईन से सैकड़ो बार तार काट कर चोर ले गए। प्रबंधन व प्रसासन सिर्फ खानापूर्ति कर लिखित कार्रवाई कर फाइल बंद कर दिया जाता है। वहीं सूत्रों के अनुसार बताया कि चोरों ने रेलवे का हाई वोल्टेज तार काट देने से मैक्लुस्कीगंज स्टेशन से राजधर साइडिंग लाइन से जा रही गुड्स रेल बीच रास्ते मे ही रुक गयी। जिसके बाद रेलवे चालक ने मैक्लुस्कीगंज स्टेशन प्रबंधन को सूचना दिया। प्रबंधन ने त्वरित टीआरडी वैगन सूचना देकर अहले सुबह ठीक किया गया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल-संसद मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के सुरम्य परिसर में विद्यालय के भैया-बहनों के बीच गठन हुए बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य कुशजी पांडेय ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण अर्पित कर किया। बाल-संसद के अंतर्गत शिशु भारती, बाल भारती व कन्या भारती, किशोर भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। इसमें विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए, नैतिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। विदित हो कि 3 मई को लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराये गये थे। प्रधानमंत्री के रूप में अभिषेक यादव, उप प्रधानमंत्री विराट सिंह, सेनापति कार्तिक सिंह, सह सेनापति धर्मवीर कुमार तथा कन्या भारती के अंतर्गत प्रधानमंत्री हर्षिका कुमारी, सेनापति सांवली कुमारी, उप सेनापति अनन्या, अध्यक्ष बबली कुमारी, उपाध्यक्ष सान्वी कुमारी का शपथ ग्रहण कराया गया। इसके अलावा अनुशासन विभाग, स्वच्छता, घोष दल, शारीरिक, खेल, चिकित्सा, ध्वनि, बागवानी, पेयजल, मध्यावकाश व्यवस्था इन पदों पर चयनित भैया-बहनों को दायित्व दिया गया। वहीं विद्यालय के अन्य शाखा शिवपुरी कालोनी स्थित नर्मदेश्वर तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर में भी शिशु भारती के अंतर्गत बाल संसद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया-बहनों को लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को सीखने समझने के लिए, और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से विद्यालय में बाल-संसद का गठन किया गया है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने अपने संबोधन कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।



शपथग्रहण समारोह में शामिल स्कूली छात्राएं।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल के कम्युनिटी हॉल में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी की गयी। इसका आयोजन नेशनल आइटीआइ कौआखोह ने किया था। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक उपस्थित थे। एक राष्ट्र-एक चुनाव की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर विभिन्न चुनाव कराये जाते है। जिससे संसाधन, समय तथा जनता की गाढ़ी कमाई की राशि का ह्रास होता है। देश में एक साथ लोकसभा, विधानसभा, निकायों व पंचायतों के चुनाव होना ही इसका एकमात्र समाधान है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ लोग भी पहल कर रहे हैं। जिससे कि एक राष्ट्र एक चुनाव पॉलिसी देश में लागू हो सके। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, अखिलेश मेहता, विजय प्रजापति, अवधेश मेहता, उदय सिंह, दिनेश गुप्ता, विनोद पासवान, विश्वदीप कुमार, गुड्डू कुमार, छोटू कुमार, बजरंग शौंडिक, धनेश सिंह, विजय सिंह, संजीत प्रसाद, गणेश यादव, लखन सिंह, शंभू सिंह, गोपाल मेहता, राजू शौंडिक, बबलू कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

# शराब पीकर आटो चला रहा था पलटने से कई स्कूली बच्चे घायल

## दुर्घटना के बाद बच्चों में मची चिख पुकार, स्वजन व ग्रामीण परेसान









### दुर्घटना में घायल स्कूल बच्चें

1 अशोक मुंडा कक्षा-5, रितिका कुमार कक्षा-5, सोनु मुंडा कक्षा-2, आकाश कुमार कक्षा-4, रौनक कुमार कक्षा-5, अनु कुमारी कक्षा-5, वहीं मदरटेरेसा स्कूल के सिमरन कुमारी कक्षा-5, राधेश्वरी कुमारी कक्षा-3, आंचल कुमारी कक्षा-5, प्रिंस कुमार कक्षा-6 कुमार कक्षा-5 शामिल हैं। बताया गया कि इनमें अनु कुमारी, अशोक मुंडा व आकाश कुमार का गंभीर रूप से घायल है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पाहनटोली इरबा में शनिवार को स्कूली बच्चों से भरी एक आटो पलट जाने से उसमें सवार कई बच्चे घायल हो गये है। सभी घायल बच्चें मदर टरेसा स्कूल व ए-वन पबिलक स्कूल नेवरी विकास के हैं। चार को मेदांता व छह बच्चों को विकास नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। दोपहर एक बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि आटो में सवार सभी बच्चे स्कूल छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रहे थें। घर पहुंचने से पहले आटो इरबा पाहन टोली के पास सड़क किनारे लगी एक बोर्ड पर टकरा कर पलट गई। आटो के पलटते ही बच्चों में चिख पुकार मच गई। वहीं सूचना मिलते ही बच्चों के स्वजन व ग्रामीण दुर्घटना स्थल दौड़ते हुए पहुंचे। सभी बच्चों को उठा-उठाकर मेदांता हॉस्पिटल इरबा व विकास नर्सिंग होम विकास में उपचार के लिए ले गए। दुर्घटना में कई बच्चे गंभीर रूप से घायल थें। किसी का माथा फटा था, तो किसी के पैर टुट गए थें। दोनो हॉस्पिटल में ग्रामीण व स्वजनों की भीड़ लग लग गई। एक ओर उपचार चल रहा था। वहीं दूसरी ओर स्वजन अपने बच्चों का हाल जानने को बेचैन थें। वहीं दुर्घटना ग्रस्त आटो छतिग्रस्त हो गया था। उसका अगला सिषा भी टुट गया था। चलक रंथु मुंडा आटो लेकर फरार हो गया था। वहीं हॉस्पिटल में उपचारत कई बच्चों ने बताया ड्राइवर अंकल शराब पीकर काफी तेज गति से आटो चला रहा था। इधर दुर्घटना के सूचना मिलने पर दोनो स्कूल के प्रबंधक आदि भी पहुंचे गए थें। खासकर मदरटेरेसा स्कूल के निदेशक रामेश्वर ठाकुर बच्चों के घायल होने पर काफी दुखी थें, और बच्चों के उपचार कराने में मदद कर रहे थें। उन्होंने बताया कि स्कूल के बस चलती है। लेकिन अपनी सुविधा अनुरूप बच्चों के अभिभावक आटो से बच्चों को स्कूल भेजते हैं। आटो में ओवर लोड कर बच्चें को बैठाकर ले जा रहा था। पुलिस द्वारा आटो व चालक का पता लगाया जा रहा है।

# सिर से उठा माता-पिता का साया अनाथ हो गये चार नाबालिग


बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली गांव में माता पिता के निधन के बाद अनाथ हुए चार नाबालिग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** इसे कुदरत का कहर कहें या नाबालिग बच्चों की बदकिस्मती। दो दिनों में माता- पिता की आकस्मिक निधन होने के बाद चार नाबालिग अनाथ हो गए हैं। समाजसेवी चरवा उरांव और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने बताया कि प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में माता पंची उराईन की मौत एक दिन पहले गत आठ मई गुरुवार को बीमारी की वजह से हो गयी थी। वहीं एक दिन बाद गत नौ मई शुक्रवार को पिता गणेश उरांव की भी मौत सदमे से हो गयी इधर पंची उराईन व गणेश उरांव की निधन के बाद उनके चार बच्चे अनाथ हो गए हैं। चारों नाबालिग में सबसे बड़ी बहन आरती कुमारी व रूपा कुमारी आठवीं कक्षा में राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में पढ़ती हैं। बहन सुचिता उरांव व एक भाई रितेश उरांव आरसी प्राथमिक विद्यालय से इस वर्ष पांचवीं कक्षा पास की है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व जिप सदस्य मनोज लकड़ा 12 पड़हा राजा विशाल उरांव व समाजसेवी चरवा उरांव उनके घर पहुंचे। साथ ही माता पिता की निधन के बाद रोते-बिलखते चारों बच्चों को सांत्वना दिया। वहीं अब बड़ी बहन आरती के कंधों पर अपने भाई बहनों की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई है। लेकिन वह इस जिम्मेदारी को कैसे उठा पाएगी? क्योंकि आरती खुद अभी नासमझ है। जब तक मां-पिता थे हंसते-खेलते अपनी जिंदगी गुजार रहे थे। लेकिन माता पिता का निधन हुआ तो बच्चे अनाथ हो गए हैं।

**अब कैसे होगी परवरिश कौन,बनेगा तारणहार...**

प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में माता पंची उराईन व पिता गणेश उरांव की निधन के बाद आरती और उसके भाई-बहन पूरी तरह बेसहारा से हो गए है। ऐसे में सवाल खड़ा हो गया है कि इन चारों भाई-बहनों की परवरिश कैसे होगी? क्योंकि,गरीबी के बीच जीने वाले चारों भाई-बहनों को ऐसी हालत में कौन देखरेख करेगा? अनाथ हुए चारों बच्चों का रह-रह कर अपने माता-पिता को याद करते हुए रोते रहने से हर व्यक्ति की आंखें भर जा रही हैं। अनाथ होने के बाद अब इनका जीवन संकट में है। हालात ये हैं कि इनके समक्ष रोटी का जुगाड़ करना बड़ी चुनौती है। मानव तस्करी का शिकार होने का भी डर है। हालांकि चारों बच्चे अभी गांव में ही हैं। वहीं रिश्तेदार भी गरीबी में जी रहे हैं। जिस कारण बच्चों की बेहतर देखभाल व सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है।

**बच्चों की सुरक्षा जरूरी...**

पूर्व जिप सदस्य मनोज लकड़ा ,12 पड़हा राजा विशाल उरांव,समाज सेवी चरवा उरांव ,पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि अगर इन बच्चों को आश्रय व सुरक्षा नहीं मिला तो ये बच्चे मानव तस्करी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने जनप्रति निधियों व प्रखंड प्रशासन से इन बच्चों की सुरक्षा,आश्रय, शिक्षा व जीविका चलाने में मदद करने की मांग की है। मुखिया लक्ष्मी कोया ने अनाथ बच्चों को तत्काल राहत के लिए एक बोरा चावल मुहैया कराते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

**खबर एक नजर में**

## स्कूल का नया बिल्डिंग शिफ्ट करने की मांग

**चान्हो।** मॉडल स्कूल के अस्थाई कैंपस को सोंस अपग्रेड हाइ स्कूल कैंपस से तत्काल स्थानांतरित करने की मांग को लेकर शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने ग्रिल में ताला जड़ दिया। उनका कहना था कि जब तक मॉडल स्कूल का भवन नहीं था तब तक इसी स्कूल के कैंपस में मॉडल स्कूल संचालित हो रहा था, लेकिन अब जब मॉडल स्कूल का नया बिल्डिंग सोपारम में बनकर तैयार है तो यहां के बच्चों को वहीं शिफ्ट कर देना चाहिए। मौके पर अभिभावकों द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने के बाद ताला खोल दिया गया, साथ ही कहा गया कि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने सोपारम जाकर नवनिर्मित मॉडल स्कूल का निरिक्षण किया और उन्होंने निर्देश दिया कि मॉडल स्कूल यहीं संचालित होगा, जिन्हें दिक्कत होगी वे सोंस स्थित स्कूल में क्लास कर सकते हैं।

## स्कूली बच्चों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र, चान्हो में किया गया। पहली बार स्कूली बच्चों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 विद्यालय के बालक बच्चों ने भाग लिया। बालक वर्ग में अंडर 17 सिंगल में उत्क्रमित हाइ स्कूल मसमानों के उमर फारुख तथा डबल में प्रोजेक्ट +2स्कूल टांगर के विशाल गोस्वामी एवं आशीष कुमार विजेता बने। वहीं बालिका वर्ग में अंडर 17 में पीएमश्री हाइ स्कूल सिलागाई की परमेश्वरी मिंज तथा डबल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की जूही कुमारी व उर्मिला कुमारी विजेता बनी।सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज एवं निर्मल बड़ाइक के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे आगामी 15 मई को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बारियातू में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।मौके कर बीआरपी मो मुर्तजा, दीपक मेहता, देवचरण कच्छप, दयानन्द लकड़ा, मनोज भगत, शशि भूषण सिंह, श्याम नारायण, अब्दुल गनी आदि मौजुद थे।

## पुलिस ने तिलता गायत्री नगर में की छापेमारी

- एक ही नंबर की दो स्कूटी बरामद
- फरार हो गया है आरोपी
- पुलिस कर रही छापेमारी

**रातू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तिलता स्थित गायत्री नगर में देवनारायण गिरी के घर में छापेमारी की। इस दौरान उसके पुत्र बादल गिरी की ओर से चोरी की छिपा कर रखी गयी होंडा कंपनी की एक ही रजिस्ट्रेशन जेएच 01सीए 4741 नंबर की दो स्कूटी बरामद की गयी। इसकी जब्ती सूची बना ली गयी है।। अभियान में थानेदार आरएन सिंह के अलावा अवर निरीक्षक अवधेश पाठक, नवीन शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक सुनिल कुमार सिंह, हवलदार नागेंद्र चौधरी, आरक्षी 1258 ललित उरांव, आरक्षी 2997 गुलाम हसनैन व जीप चालक आदि शामिल थे। श्री सिंह ने बताया कि आरोपी फरार हो गया है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## शादी समारोह में मारपीट , पांच घायल अस्पताल भेजे गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत छोटा मुरी निवासी राथू महतो की लड़की शादी समारोह में उपस्थित लड़की के रिश्तेदार द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी राथू महतो की लड़की की शादी नौव मई को हुई थी शनिवार की सुबह लगभग 3:30 बजे रिश्तेदार के द्वारा आपस में मारपीट कर लिया गया जिससे पांच लोग घायल हो गए जिनका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में चल रहा है। नर्सिंग होम के निर्देशक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने कहा कि इनका इलाज चल रहा है पहले से स्वस्थ है। बताते चले की ग्रामीणों ने बताया कि शादी समारोह में उपस्थित लोगों के द्वारा मारपीट किया गया वह लोग रामगढ़ जिला से आए हुए थे और बारात बोकारो जिला के बेरमो से आई हुई थी। आपस में तू तू मैं मैं होने से विवाद बड़ा और मारपीट का रूप ले लिया। जिसके कारण पांच लोग घायल हो गए जिसमें सूरज महतो उम्र 23 वर्ष, अजय महतो उम्र 32 वर्ष, सोनू बावरी उम्र 27 वर्ष, पूर्णिमा कुमारी उम्र 17 वर्ष घायल हो गया जिनका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया जा रहा है। इसकी सूचना मुरी ओपी को दिया गया सूचना मिलते ही मुरी ओपी घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार करने के लिए नर्सिंग होम पहुंचाया।

## पुलिस को गुप्त सूचना पर मिली बड़ी कामयाबी

- महिंद्रा बोलेरो पिकअप से 210 पेटी शराब जब्त
- पेटी में 2520 बोतलें
- 1890 लीटर है शराब

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार की सुबह करीब 8 बजे रिंग रोड स्थित दलादिली भोंडा मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान महिंदा कंपनी की बोलेरो पिकअप जेएच 01बीडी 6692 में लदी रॉयल गोल्ड कप स्ट्रॉ स्मूथ विस्की की 210 पेटी अवैध शराब को जब्त कर लिया। इसमें 2520 बोतल में 1890 लीटर शराब है। जबकि, चालक भागने में सफल रहा। यह जानकारी थानेदार आरएन सिंह ने पत्रकारों को दी।

अभियान में थे शामिल

**डीएसपी अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानेदार**

रामनारायण सिंह, अवर निरीक्षक प्रियंका कुमारी, नवीन शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक जुल्फिकार अली, सुनिल कुमार सिंह, हवलदार नागेंद्र चौधरी, आरक्षी 3727 संदीप कुमार, आरक्षी-1258 ललित उरांव व चालक आरक्षी 3464 विकास कुमार आदि।

## भारत विश्व को दिखया अपनी युद्ध कौसल व ताकत : देवेंद्र प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**


भाजपा प्रदेष संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश।

**ओरमांझी।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव, और मिषन सिंदूर के तहत आतंकी व आतंकियों के पनाहगारों पर भारत की कार्रवायी आखिकर शनिवार को अमेरिका की पहल पर समाप्त हो गई। दोनों देषों के बीच सिजफायर हो गया है। इसपर भाजपा के प्रदेष संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाष ने संतोष जताते हुए कहा, यह भारत की कुटनीति विजय है। विष्व ने भी भारत की युद्ध ताकतक को देख लिया। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कहना है आज का समय युद्ध का नही है। किसी भी समस्या का समाधान वार्ता से होना चाहिए। साथ ही उनका यह भी कहना है, कोई छेड़ेगा तो छोड़ेगें नही, और पाकिस्तान ने भारत का छेड़ने जैसी गलती कर दी थी। अब दोनो देष के बीच सिजफायर हो गया है। सिजफायर से पहले भारत ने मिषन सिंदुर के तहत जिस प्रकार से युद्ध लड़ा और नये भारत की युद्ध कौषल को दिखाया। अब विष्व में भारत और ताकतवर देष के रूप जाना जाएगा। भारत ने अंतराष्ट्रीय युद्ध नीति के तहत ही युद्ध कर, पाकिस्तान की ड्रोन व मिसाइल हमले को रोककर व पाकिस्तान में जबरदस्त हमला कर, भारत ने विष्व को भी संदेष देने कार्य किया है। उन्होने भारत द्वारा पीओके को वापस लेने से पूर्व सिजफायर होने पर निराषा भी जताया, कहा कुछ दिन और युद्ध खिंचता तो पीओके पर भारत का कब्जा हो जाता। उन्होने कहा विष्व के साथ अपने पड़ोसी देष चीन भी भारत के युद्ध शैली व आक्रमता से सकते में आ गई। यही करण रहा कि पाकिस्तान को चीन से भी कोई मदद नही मिल सका। अब आने वाला समय भारत को होगा।

## प्रेमी जोड़ा शादी के बंधन में बंधा

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के तुमांग पंचायत के करकट्टा स्थित मैनेजर बंगला बस्ती में शुक्रवार को एक प्रेमी जोड़ा शादी के बंधन में बंधे। मौके पर उपस्थित तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि 22 वर्षीय कृष्ण कुमार भुईयां एवं 20 वर्षीय काजल कुमारी के बीच कई महिनों से प्रेम संबंध था। दोनों ने आपसी सहमती से शादी करने का निर्णय को उन्हे बताया। जिसके बाद पंचायत के करकट्टा मैनेजर बंगला बस्ती में समाजिक स्तर पर स्थानीय लोगों के साथ मुखिया द्वारा बैठक किया गया। जिसमें लड़का और लड़की की रजामंदी के साथ दोनों की शादी करवाया गया। मालुम हो कि कृष्ण कुमार भुईयां खलारी प्रखंड के तुमांग पंचायत अंतर्गत करकट्टा मैनेजर बंगला बस्ती का रहने वाला है। जबकि काजल कुमारी ग्राम इचापिडी पोस्ट मक्का थाना बुढ़मू की रहने वाली है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानो में शैक्षणिक सत्र अगस्त 2025 – जुलाई 2026 एवं 2025–27 में आई०टी०आई० पोर्टल (https://iti.jharkhand.gov.in) के माध्यम से दिनांक – 20.05.2024 से 13.06.202 अपरहन 5:00 बजे तक ऑनलाईन रजिस्टेशन एवं आवेदन कर नामांकन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

झारखण्ड राज्य के आठवीं /दसवीं पास इच्छुक स्थायी/स्थानीय महिला एवं पुरूष उम्मीदवार, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा/ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानो/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए) में Online रजिस्टेशन/ आवेदन/ काउन्सलिंग प्रक्रिया में भाग लेकर इच्छानुरूप संस्थान/ ट्रेड का चयन कर नामांकन ले सकते है।

सिमडेगा जिला में रिक्त सीटों की विवरणी इस प्रकार है –

| क्र०सं० | व्यवसाय का नाम | संस्थान का नाम | | | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | औ0 प्र0 संस्थान, सिमडेगा | औ0 प्र0 संस्थान, बानो | महिला औ0 प्र0 संस्थान सिमडेगा | |
| 1. | विद्युत | 20 | 20 | – | 2 वर्ष |
| 2. | फिटर | 20 | 20 | – | 2 वर्ष |
| 3. | मशिनिष्ट | 20 | – | – | 2 वर्ष |
| 4. | वायरमैन | 20 | – | – | 2 वर्ष |
| 5. | मैकेनिक मोटर व्हीकिल | 24 | 24 | – | 2 वर्ष |
| 6. | वेल्डर | 20 | – | – | 1 वर्ष |
| 7. | पलम्बर | 24 | 24 | – | 1 वर्ष |
| 8. | मैकेनिक इलेक्ट्रोनिक्स | – | – | 24 | 2 वर्ष |
| 9 | कारपेन्टर | – | 24 | – | 1 वर्ष |

❖ ITI Portal के Admission Module द्वारा ऑनलाईन रजिस्टेशन एवं आवेदन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत/ सुझाव/पुछताछ हेतु मो0 न0 8252575749/ 9308058506/ 9308058506 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा

PR 352141 Simdega(25-26).D



Government of Jharkhand
Urban Development Department,Latehar Nagar Panchayat , Latehar

e- Procurement Notice (Very Short Tender Notice)

NIT No. - UDD/LNP/06/2025-26

Notice No. -  Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | DMFT | | | | |
| 01 | 01/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 02 बानपुर में SLRM कार्य हेतु आर.आर.आर. सेन्टर, बानपुर का जीर्णोद्वार। | 168400.00 | 3400.00 | 1000.00 | एक माह |
| 02 | 02/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 03 राजहार में SLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन, राजहार का जिर्णोद्वार कार्य। | 249900.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 03 | 03/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 03 राजहार गाँधी कॉलेज के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 04 | 04/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड संख्या 15 धर्मपुर में SLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन, धर्मपुर का जीर्णोद्वार कार्य। | 249400.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 05 | 05/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड संख्या 15 धर्मपुर बाईपास रोड में महर पिण्ड के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 06 | 06/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड संख्या 13 पहाड़पुरी में SLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन, पहाड़पुरी, चन्दनडीह का जिर्णोद्वार कार्य। | 249100.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 07 | 07/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड संख्या 13 पहाड़पुरी संत जेवियर स्कुल स्कुल के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 08 | 08/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 12 अम्बाटीकर में SLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन अम्बेदकर चौक, अम्बाटीकर के जिर्णोद्वार कार्य। | 248800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 09 | 09/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 12 अम्बाटीकर अम्बेदकर चौक के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 10 | 10/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ में SLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन, डुरूआ को जिर्णोद्वार कार्य। | 239300.00 | 4800.00 | 1000.00 | एक माह |
| 11 | 11/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ में औरंगा नदी के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 12 | 12/LNP/06/ 2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ लातेहार में स्थित सामुदायिक भवन में सैप्टिक टैंक का निर्माण कार्य। | 123200.00 | 2500.00 | 1000.00 | एक माह |
| 13 | Date of Publication of Tender on website | | 12.05.2025 at 11:00 AM | | | |
| 14 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 15 | Date start of submission of bids | | 13.05.2025 at 10:00 am | | | |
| 16 | Last Date/Time of submission of bids | | 18.05.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 17 | Technical & Financial Bid opening date (Online) | | 19.05.2025 at 5.00 PM | | | |
| 18 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 19 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 20 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator
Nagar Panchayat, Latehar

PR 352186 Urban Development(25-26).D


# कल्याणपुर में कोल वाहन की चपेट में आए युवक की मौत से मचा कोहराम

# मुआवजे की मांग को लेकर रांची-टंडवा मार्ग जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मृतक का फाइल फोटो।


रांची टंडवा मार्ग जाम।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोल परियोजना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत मांडर गांव निवासी 20 वर्षीय बीजू तिर्की, पिता सीताराम तिर्की, की एक तेज रफ्तार अज्ञात कोल वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह दुखद दुर्घटना कल्याणपुर महादेव गड़ा पुल के समीप शनिवार की सुबह घटित हुई जब मृतक बाजार से सामान खरीदकर बाइक से लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बीजू तिर्की अपनी बाइक से मांडर गांव लौट रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात कोल वाहन ने उसे कुचल दिया। घटना इतनी भयावह थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सदल-बल घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 10:30 बजे से रांची-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ ही उन्होंने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजे की मांग को लेकर आम्रपाली से सीएचपी एवं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह माइंस से बचरा साइडिंग तक की कोयला ढुलाई को पूरी तरह ठप कर दिया है। इधर दुर्घटना को सात घंटे बीत जाने के बाद भी आश्रित परिवार को न तो किसी प्रकार की मुआवजा राशि प्रदान की गई है और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस आश्वासन मिला है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों का विरोध और तेज हो गया है। सड़क जाम के कारण रांची से हजारीबाग, टंडवा समेत अन्य क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना की स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जब तक मृतक बीजू तिर्की के परिजनों को उचित मुआवजा नहीं मिलता, ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहेगा और कोल ढुलाई पूरी तरह से बाधित रहेगी। समाचार लिखे जाने तक मृतक परिजनों और कोल कंपनियों के बीच किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो सका था। इस घटना को लेकर एक बार फिर से कोयला खनन क्षेत्रों में ट्रांसपोर्टिंग वाहनों की तेज रफ्तार और अव्यवस्थित संचालन पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय प्रशासन और कंपनियों पर जवाबदेही तय करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

समय संवाद

भारतीय सामाजिक व्यवस्था शुरू से ही व्यक्ति को इस तरह संस्कारित करती आई है कि वह अपनी पीड़ा का बखान एक सीमा से अधिक न करे। यह दुख को अपने भीतर समेटने की प्रक्रिया का प्रतीक है। लेकिन इस क्रम में कई बार व्यक्ति अपने भावनात्मक दबाव के चक्रव्यूह में घिर जाता है और दूसरों की गलती के लिए खुद को ही सजा देने के रास्ते पर बढ़ जाता है।

इससे कभी यह भी हो सकता है कि गलती या अन्याय करने वाला निर्दोष के रूप में स्थापित रह जाए और पीड़ित को ही सारे दुख और अन्याय झेलना पड़े। इसलिए यह हमेशा सही नहीं होता है।

# बुद्ध हमेशा सार्थक दिशा दिखाते हैं

**एनके मुरलीधर**

**भारत** ने पाकिस्तान के साथ सीज फायर कर अपने प्राचीन संस्कृति की विराटता का परिचय दिया।

बुद्ध ने कहा था कि परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्ता है। मनुष्य का जीवन प्रति पल बदलता रहता है और इस प्रक्रिया में वातावरण और उससे जुड़े व्यक्तियों की अनुकूलता और प्रतिकूलता भी परिवर्तित होती रहती है। बदलाव से भागना असंभव है। सामाजिक प्राणी के तौर पर मनुष्य द्वारा बनाए गए रिश्ते-नाते भी इसी प्रक्रिया में आते हैं। यह सच है कि रिश्ते जितनी सहजता से बनते हैं, उतनी सहजता उनके टूटने में नहीं होती। वे मानवीय भरोसे के धरातल को बिल्कुल हिला कर ही विदा होते हैं। मनुष्य खुद को समर्पित करके ही यकीन पाता है। उस यकीन का टूटना बेहद पीड़ादायक होता है।

अब तक समाज में रिश्ते बनने की प्रक्रिया प्रत्यक्ष थी। लोग आपस में मिलते-जुलते थे। एक दूसरे को समझते थे और रिश्तों को एक मजबूत जमीन देते थे। एक बार आपस में तालमेल बन जाने, मन में एक दूसरे के लिए जगह बन जाने के बाद उन्हें हिला पाना इतना आसान नहीं होता था। कभी किसी मौके पर किसी बात पर अगर मनमुटाव होता भी था, तो अपने भीतर के अहं को किनारे रख कर उस रिश्ते को आमतौर पर संभाल लिया जाता था।

यह कहा जा सकता है कि वे रिश्ते चूंकि आभासी नहीं होते थे, यथार्थ की जमीन पर बनते और पलते थे, इसलिए उनमें उतार-चढ़ाव की खूबसूरती बनी रहती थी। लेकिन आज रिश्तों के बनने-बिगड़ने में सोशल मीडिया जिस तरह की भूमिका निभा रहा है, वह शोचनीय है। कुछ भी अव्यवस्थित होने पर लोग उसे समझने और



संभालने के बजाय कई स्तर पर बेलगाम सार्वजनिक मंच पर यह जाहिर करना अधिक जरूरी समझते हैं कि वे धोखा खा रहे हैं और उनकी जिंदगी उस मोड़ पर है, जहां से कुछ भी नहीं किया जा सकता।

यह एक नया चलन है, जिसके माध्यम से लोग रिश्तों की बुनियाद की परख तो नहीं ही कर पाते हैं, वे न केवल अपने साथी की भावनाओं का अपमान करना सीख गए हैं, बल्कि यह अहसास दिलाना भी कि गलती सदैव एक ही पक्ष की होती है। सोशल मीडिया पर ह्यलाइकह्ण और टिप्पणियां अर्जित करने और आभासी सहानुभूति पाने के लिए लोग बार-बार यह दिखाने को उतावले रहते हैं कि वे बहुत कमजोर पड़ रहे हैं। इस तरह से सोचने का मूल्य कुछ भी नहीं हो सकता।

रिश्तों की कई बातें बेहद संवेदनशील होती हैं और उनकी अपनी गरिमा होती है। इसलिए इन बातों पर चर्चा करने के लिए जिस व्यक्ति को चुना जाए, उसके भीतर संवेदना की गरिमा की समझ होनी चाहिए। हर संबंध की अपनी गरिमा और निजता होती है। और जो लोग दोनों पक्षों के बारे में कुछ भी नहीं जानते, उनके लिए आपकी भावनाओं का कोई मूल्य नहीं है।

अति भावुकता या गुस्से में की गई हमारी कोई भी टिप्पणी अन्य लोगों के लिए महज एक खबर होती है। ठीक उसी तरह, जैसे समाचार माध्यमों की खबरें होती हैं। व्यक्ति को अपनी समस्याओं से आखिरकार अकेले और केवल अकेले ही लड़ना होता है। फिर सहानुभूति पाने की लालसा से होना क्या है? रही बात लोकप्रियता की, तो लोग केवल दूसरों की जिंदगी में तभी तक रुचि रखते हैं, जब तक कोई आलोचना का विषय हो। सच यह है कि बेचारा बनने पर अपने कहे जाने वाले लोग भी भागने लगते हैं। इस आभासी दुनिया में कवि बनने की महत्त्वाकांक्षा में उन रिश्तों के बारे में, जिनको सींचने में दो पक्ष अपना व्यक्तित्व और जीवन लगाते हैं, व्यक्ति को चाहिए कि समस्या आने पर समाधान वहीं से तलाशे, जहां समाधान संभव है। दूसरी जगह न आंसू बहाने से कुछ मिलने वाला है, न किसी की आलोचना से व्यक्ति की अपनी जिंदगी में सुधार संभव है। जहां से मुश्किलें पैदा होती हैं, हल भी आखिर वहीं से मिलेंगे। न फालतू के भटकाव में कुछ रखा है, न बात का बतंगड़ बना कर हंसी का पात्र बनने में।

# सभी धर्मों में है मां सबसे श्रेष्ठ

11 मई /मातृत्व दिवस पर विशेष)

**रमेश सर्राफ धमोरा**

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर्स डे ) मनाया जाता है। इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेवी मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था।

मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई।

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नौ माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। मदर्स डे मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैंड, तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार, मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभाने में जो स्वर



निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी- वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

**नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।**
**नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।**


यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है।

मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है।

मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। मां वो है जो न सिर्फ हमें जन्म देती है बल्कि हमें जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे में भी सिर्फ अपने बच्चों की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

# अनोखा क्रिसमस



**सरस्वती रमेश**

**क्रिसमस** का त्योहार आंरभ हो चुका है। हर साल सोसाइटी के मैदान में क्रिसमस मनाया जाता था। लेकिन कोरोना के कारण इस बार किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। इसलिए क्रिसमस पार्टी कैंसल कर दी गई। यह जानकर बंटी को अच्छा नहीं लगा। कई दिन से वह उदास था। हमेशा क्रिसमस को लेकर सोचता रहता। रोज की तरह एक शाम वह अपने दादा जी के साथ पार्क गया। उसे वहां गोलू मिला। क्रिसमस के बारे में वह गोलू से बात करने लगा। उनकी बातचीत दादाजी भी सुन रहे थे। बच्चों को उदास देख उन्हें अच्छा नहीं लगा। वे उनकी उदासी दूर करने के बारे में सोचने लगे। कुछ देर बाद उन्होंने बच्चों से कहा, ह्यपार्टी कैंसल हो गई है फिर भी क्रिसमस मनाया जा सकता है। दादा जी की बात सुनकर दोनों बच्चे चौंके। बंटी ने आश्चर्य से पूछा, ह्यदादाजी कैसे? सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करके। दादाजी ने कहा। गोलू ने भोला सा चेहरा बना कहा, इसके लिए क्या करना होगा दादा जी। दादाजी ने समझाते हुए कहा, ह्यहम घर पर ही एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री बनाएंगे। फिर उसे सोसाइटी के बीचों-बीच रख देंगे। शाम को हर जगह बत्तियां जल जाने के बाद सोसाइटी के सारे बच्चे मैदान में इकट्ठे होकर क्रिसमस ट्री के चारों ओर घूमते हुए गाने गायेंगे और एक दूसरे को विश करेंगे। यह तो अच्छा आइडिया है। गोलू उछलते हुए बोला। लेकिन ऐसा करते हुए हर बच्चे एक दूसरे से थोड़ा दूर रहेंगे। मास्क पहनेंगे और बीच-बीच में हाथ सेनेटाइज करते रहेंगे। दादा जी ने समझाते हुए कहा। गोलू ने कहा, ठीक है दादाजी। हम ऐसा ही करेंगे। सोसाइटी के बच्चों को समझाने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं। और क्रिसमस ट्री तैयार करने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं, बंटी ने मायूसी दूर करते हुए कहा।

अगले दिन से बंटी क्रिसमस ट्री बनाने में जुट गया और गोलू अपने दोस्तों को फोन कर समझाने में। आखिर क्रिसमस की शाम आ गयी। बंटी और दादाजी ने मिलकर क्रिसमस ट्री को बहुत सुंदर तरीके से सजाया। दोपहर में ही ट्री को सोसाइटी के मैदान में रखवा दिया गया। शाम को प्लान के मुताबिक सारे बच्चे मैदान में गोल घेरे में लाइन से आ गए। एक म्यूजिक सिस्टम लगाकर क्रिसमस के गीत बजाये जाने लगे। बच्चे घूम-घूमकर गाने लगे। तभी सांता की ड्रेस पहने दादाजी मैदान में आये। उन्होंने अपने कंधे पर एक झोला टांग रखा था। सांता को देखकर सारे बच्चे खुश हो गए। पहले सब देर तक गाते रहे। फिर एक दूसरे को दूर से ही क्रिसमस की बधाई दी। तब

# हानिकारक सोडा

**जीवीएस शास्त्री**



**हर** दिन एक से दो कप डाइट सोडा का सेवन करना हृदय संबंधित रोग को बढ़ता है। इसके अलावा इससे किडनी पर भी असर पड़ता है। ये किडनी के कार्यों में गिरावट और सेहत संबंधित समस्याओं को बढ़ा सकता है। ऐसा भी कहा जाता है कि डाइट सोडा से किडनी की कोशिकाओं में फ्री-रैडिकल के उत्पादन बढ़ता है।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा डाइट सोडा का पिया जाता है। अक्सर लोग खाना या फास्ट फूड का सेवन करने के बाद इसे पीते हैं। कई लोगों का मानना है कि डाइट सोडा हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है और इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। अधिक्तर लोगों के बीच में ये काफी लोकप्रिय भी है।

हालांकि, इसमें कई मात्रा में कैमिकल पाया जाता है, जो शरीर के लिए फायदेमंद नहीं बल्कि नुकसानदायक साबित हो सकता है। आज हम आपको डाइट सोडा क्या होता है? इससे क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं? कैसे ये मोटापे और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ाता है? इन सबके बारे में बताने जा रहे हैं।

**क्या होता है डाइट सोडा**

विशेषज्ञों के अनुसार डाइट सोडा एक तरह का सॉफ्ट ड्रिंक्स होता है। इसमें चीनी की मात्रा काफी कम होती है और इसका स्वाद सोडे के जैसा ही होता है। अपनी सेहत का काफी ध्यान रखने वाले अधिक्तर लोग इसका सेवन करते हैं। इसे उत्पादन करने वाली कंपनियों का भी मुख्य विक्रय बिंदु होता है कि इसमें जीरो कैलोरी और शक्कर की मात्रा भी काफी कम होती है।

**डाइट सोडा है नुकसानदायक**

अगर आप डाइट सोडा का सेवन यह सोचकर करते हैं कि उसमें जीरो कैलरी या चीनी नहीं होती है, तो ये आपकी गलतफहमी है। क्योंकि इसमें तरह-तरह के कैमिकल्स और मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर का भी इस्तेमाल किया जाता है। ये मोटापे और टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को भी बढ़ाता है।

# कुशल प्रशासक मेदिनी राय

**निशांत कुमार**

**पलामू** में चेरो वंश की स्थापना 16वीं सदी में हुई थी। पलामू के चेरों ने पलामू के रक्सेरो को अपदस्थ कर अपने वंश का शासन स्थापित किया। औरंगा नदी तट पर स्थित पलामू किला आज भी गौरवशाली इतिहास को ायां करता है। पलामू के चेरोवंशी शासकों में सर्वाधिक शक्तिशाली शासक राजा मेदिनीराय पलामू के कुशल प्रशासक थे। मेदिनीराय ने 1658 से 1674 तक पलामू में शासन किये। इनके राज्य में प्रजा काफी समृद्ध थी। राजा मेदिनीराय रात में अपने प्रजा का हाल जानने पूरे गांव में भ्रमण करते थे। धन्य धन्य राजा मेदिनीया घर घर ाजे मथनिया कहावत आज भी प्रसिद्ध है। राजा मेदिनीराय के शासन में प्रजा को किसी तरह की कमी नहीं होती थी। मेदिनीराय मुगलों की अधीनता अस्वीकार कर स्वतंत्रताप्रिय चेरो की परंपरागत मुगल विरोधी नीति पर उतर आये। उन्होंने मुगलों को सालाना कर देना बंद कर दिया था। कुंडा के शासक चुन राय ने इस्लाम



धर्म स्वीकार कर लिया। किंतु उसका धर्म परिवर्तन चेरो बर्दाश्त नहीं कर पाये और मेदिनीराय के इशारे पर सुरवर राय ने चुनरा की हत्या कर दी। पलामू नरेश राजा मेदिनी राय ने औरंगजेो के शर्तों को मानने से इंकार कर दिया और अंतिम सांस तक युद्ध करने की घोषणा की। चेरो व मुगलों की लड़ाई पलामू किला के पास हुआ था। आज भी पलामूवासी मेदिनीराय के शासनकाल को चेरो शासन के स्वर्ण युग के रूप में स्मरणकरते हैं। 1674 में मेदिनीराय की मृत्यु हो गयी। उसके उत्तराधिकारियों में रूद्र राय, दिकपाल राय व साहो राय थे। इन्होंने 1674 से 1716 तक शासन किये। पलामू किला आज भी अपने गौरवशाश्ी इतिहास के गवाह के रूप में खड़ा है।

# बर्फ के बीच बिना छत का मंदिर

**जीवन धीमान**

**देवताओं** की भूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश की करसोग जंजैहली घाटी में 11,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है सुरम्य शिकारी देवी मंदिर। मंडी जिले का सर्वोच्च शिखर होने के नाते इसे मंडी का क्राउन भी कहा जाता है।

बेहद घने जंगल के मध्य स्थित इस मंदिर की छत कोई नहीं लगवा पाया। मान्यता है कि पांडवों ने यहां तपस्या की थी। मां दुर्गा तपस्या से प्रसन्न हुईं और पांडवों को जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान यहां मंदिर का निर्माण तो किया गया, मगर पूरा मंदिर नहीं बन पाया। मां की मूर्ति स्थापित करने के बाद पांडव यहां से चले गए। यहां हर साल सर्दियों में बर्फ तो खूब गिरती है, मगर मूर्तियों के ऊपर कभी भी बर्फ नहीं टिकती। कहा जाता है कि मंदिर की छत बनाने का काम कई बार शुरू किया गया, लेकिन हर बार कोशिश नाकाम रही।

हर साल गर्मियों में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर



तक पहुंचने का रास्ता बेहद सुंदर है। चारों तरफ हरियाली दिखती है।

एक कथा प्रचलित है कि पांडवों को एक औरत ने आगाह किया था कि कौरवों के साथ चौसर न खेलें। लेकिन, होनी को टाला नहीं जा सका और चौसर खेलने के कारण पांडवों को अपना राजपाट छोड़कर निर्वासित होना पड़ा। वनवास के दौरान पांडव इस क्षेत्र में आये। एक दिन अर्जुन एवं अन्य भाइयों ने एक सुंदर मृग देखा तो उसका शिकार करना चाहा। काफी पीछा करने के बाद भी वह मृग उनके हाथ नहीं आया। पांडव चर्चा करने लगे कि वह मृग कहीं मायावी तो नहीं था। तभी आकाशवाणी हुई कि मैं इस पर्वत पर वास करने वाली शक्ति हूं और मैंने पहले भी तुम्हें चौसर खेलते समय सावधान किया था। इस पर पांडवों ने उनसे क्षमा प्रार्थना की, तो देवी ने उन्हें बताया कि मैं इस पर्वत पर नवदुर्गा के रूप में विराजमान हूं और यदि तुम मेरी प्रतिमा निकालकर उसकी स्थापना करोगे तो अपना राज्य पुनः पा जाओगे। पांडवों ने ऐसा ही किया। उन्होंने नवदुर्गा की प्रतिमा खोजकर उसे स्थापित किया। चूंकि माता मायावी

मृग के शिकार के रूप में मिली थी, इसलिए मंदिर का नाम शिकारी देवी प्रचलित हुआ।

# पत्रकारिता की दिशा तय करता शिक्षण-प्रशिक्षण

**मनोज कुमार शर्मा**

लोकतांत्रिक देशों में पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। वहीं आज के अर्थयुग में पत्रकारिता मिशन से आगे बढ़ कर एक रोजगारपरक क्षेत्र है। किसी वंचित शोषक की आवाज आज भी पत्रकारिता ही बनती है। इस कारण से इसमें यह गुण है कि आजीविका देने के साथ ही यह क्षेत्र कार्यसंतुष्टि भी देता है।

आज बहुत सारे युवा पत्रकारिता से जुड़े हुये हैं या इस क्षेत्र में आजीविका तलाशते हैं। चुंकि आज की पत्रकारिता पहले की अपेक्षा प्रस्तुतिकरण के साथ ही तकनीकी रूप में बदल चुकी है। आज प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया , रेडियो के अलावा न्यू मीडिया का दौर है जो आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण मीडिया के तौर पर उभरा है जिसमें इंटरनेट के माध्ययम से पत्रकारिता का दायरा विस्तृत और व्यापक बन चुका है। वैश्विक होने के साथ ही न्यू मीडिया जिसे साइबर जर्नलिज्म या ऑनलाइन जर्नलिज्म भी कहते हैं बहुत ही फास्ट है। इसने यूट्यूब, वेब पोर्टलों,ब्लॉ्ग्स एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारिता को एक नया आयाम दिया है। साथ ही इसने रोजगार के नये अवसर भी खोले हैं। लेकिन इतने सारे बदलाव के बाद भी पत्रकारिता की मूल अवधारणा आज भी पहले की तरह ही है। प्रखर ,सूचनात्मक, त्रुटीरहित निष्पक्ष पत्रकारिता के लिये आज इसकी विधिवत पढाई आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि कोई भी व्यक्ति बस यू हीं आकर एक अच्छा, पत्रकार बन सकता है और जो भी बिना पत्रकारिता की विधिवत पढाई किये पत्रकारिता के क्षेत्र में हैं उनसे अकसर ही कई गलतियां भी होती रहती हैं। सिर्फ एंकरिंग और खबरों को लोगों के सामने टीवी या इंटरनेट के माध्यम से परोस देना पत्रकारीय गुण नहीं है । अगर हम गहराई से देखें तो एक सक्षम और अच्छा पत्रकार बनने के लिये पत्रकारिता की विधिवत पढ़ाई और डिग्री बहुत ही आवश्यक है। साथ ही हमें यह मानना ही होगा कि सभी प्रकार के मीडिया में आज भी प्रिंट मीडिया की महत्ता बिल्कुल अलग और निष्पक्ष है। इसकी विश्वसनीयता इललेक्ट्रानिक और न्यू मीडिया के बीच निर्विवाद रूप से बहुत सर्वोपरि है । प्रिंट के पत्रकार ज्यादा प्रखर पत्रकार होते हैं। प्रिंट मीडिया का एक अच्छा पत्रकार बनने के लिये हमें पत्रकारिता की पढ़ाई कर प्रेस लॉ से लेकर अन्य सूक्ष्म चीजों को सीखने की आवश्यकता होती है जो बगैर पत्रकारिता में स्नातक या स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण किये हम नहीं जान सकते। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स रोजगार तो दिला सकता है पर वह हमें एक सक्षम प्रखर पत्रकार नहीं बना सकता। पत्रकारिता में डिग्री के बाद जब कोई इस क्षेत्र से जुड़ता है और व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करता है तब वह बहुत ही सक्षम पत्रकार बनता है। यही कारण है कि कई अच्छे जानकार पत्रकारों ने भी बहुत बाद में पत्रकारिता की पढाई की है। दरअसल पत्रकारिता की पढाई करने के बाद ही किसी विषय को गहराई से समझने की, कानूनी प्रावधानों की, मानहानि से बचने की , अवमानना से बचने की, सही गलत की समझ आती है। इसके अलावा इसकी उच्चतर पढाई करने पर मीडिया के सभी माध्यमों जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेब जर्नजिल्म की सभी विधाओ की तकनीकी जानकारी भी हम प्राप्त कर पाते हैं। वीडियो एडिटिंग, ऑडियो एडिटिंग, अखबारों की साज सज्जा , एंकरिंग, रिपोर्टिंग, सफल साक्षात्कार लेने की कला से लेकर खोजी पत्रकारिता के गुर भी सीखते हैं।

**(लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### सर्वोदय निकेतन में मना मदर्स डे



कुजू। सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों के लिए बधाई और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सैकड़ों बच्चों ने मदर्स डे से संबंधित विषय पर खूबसूरत बधाई कार्ड बनाए। जिन्हें अवलोकन के पश्चात संबंधित जजों ने बच्चों को उक्त कार्ड अपनी माता को देने हेतु प्रेरित किया। वहीं मातृ दिवस विषय पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। बधाई कार्ड प्रतियोगिता के जज शिक्षिका सिंधु गुप्ता, पूजा सिंह, गजाला परवीन, रजनी कुमारी और अनीता राज मुंडा थी। कविता प्रतियोगिता के जज जगदीश महतो, मनीष कुमार प्रसाद और रविंद्र नाथ उपाध्याय रहे। विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने लोगों को संबोधित किया।

### पीरियड कोई समस्या नहीं : सोनी



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को छात्राओं के लिए मेंस्ट्रुअल हेल्थ, हाइजीन एवं पोक्सो एक्ट विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन छात्राओं की माताओं व शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। सोनी करमाली ने मेंस्ट्रुअल के विषय पर कहा कि अपनी बेटियों के स्वस्थ जीवन के लिए सबसे पहले माता-पिता दोनों को झिझक छोड़नी होगी। पीरियड्स पर बच्चियों से खुलकर बात करने की जरूरत है। पीरियड एक सामान्य प्रक्रिया है, इसे प्रॉब्लम नहीं समझना चाहिए। सुनीता देवी ने कहा कि पहले के जमाने में संसाधनों के अभाव में महिलाओं को काफी कठिनाई होती थी। लेकिन अब वक्त बदल रहा है। लोग भ्रांतियों से भी मुक्त हो रहे हैं। हर समय हमारी कोशिश इस मुद्दे पर समाज की सोच को बदलने और महिलाओं को जागरूक बनाने की होनी चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में नाजिया तौहिद, दीपिका तिवारी, दीपशिखा कुमारी, वंदना सिंह, नीलू श्रीवास्तव, सोनम खातून का योगदान रहा।

### पीरी स्कूल में किताब व बैग वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीरी में शनिवार को कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, एफएलएन बुक एवं ज्ञानसेतु पुस्तक का वितरण किया गया। पीरी पंचायत की मुखिया नीलम देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि शीतल बेदिया उपस्थित थीं। नीलम देवी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देकर हर क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाया जाना चाहिए। मुखिया ने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर नियमित रूप से स्कूल आने एवं पढ़ाई में मन लगाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी अपील की कि जिन बच्चों का अभी नामांकन नहीं हुआ है, उनके अभिभावक जल्द से जल्द नामांकन करवाएं। इस अवसर पर शिक्षक मो. तबारक अंसारी, मो. मिनहाजुद्दीन, मुजफ्फर अंसारी, सलमा परवीन, रोशन जहां, प्रमिला देवी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी, काजल देवी, जेबा परवीन, राधिका देवी, तबस्सुम आरा, इकबाल अंसारी, धनेश्वर बेदिया और सुभाष बेदिया मौजूद थे।

### चितरपुर में लहंगा वितरित



रजरप्पा। सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से हजारीबाग लोकसभा के जरूरतमंद परिवार के बीच लहंगा वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को चितरपुर मंडल के बोरोबिंग पंचायत सौराडीह निवासी दुखन बेदिया की सुपुत्री पूजा कुमारी के विवाह के अवसर पर लहंगा भेंट किया गया और परिवार की खुशी में सहभागी बनें। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष दीपक कुमार दांगी, बूथ अध्यक्ष प्रेम कुमार महतो, महेंद्र राम समेत कई गणमान्य महिला पुरुष मौजूद थें। सभी ने इस पल की सराहना करते इस समाज के जरूरतमंदों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया और इस सामाजिक कार्य के लिए सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

### मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह



भुरकुंडा (रामगढ़)। रुआर कार्यक्रम के तहत सौंदा डी पंचायत के मध्य विद्यालय बर्ड सौंदा में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नव नामांकित और शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, बच्चों ने आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा ने नव नामांकित 52 विद्यार्थियों का कलम देकर सम्मानित किया। वहीं पंचायत समिति के प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले 28 विद्यार्थियों को पेन भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा और डब्लू पांडेय ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देकर हर क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर नियमित रूप से स्कूल आने एवं पढ़ाई में मन लगाने की बात कही। मुखिया ने यह भी अपील की कि जिन बच्चों का अभी तक नामांकन नहीं हुआ है, उनके अभिभावक जल्द से जल्द नामांकन करवाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक बिहारी प्रसाद, विद्यालय समिति की अध्यक्ष शकुंतला देवी, उच्च विद्यालय अध्यक्ष मिठु मुखर्जी एवं विद्यालय के शिक्षक हरिशंकर साहु, जयसवाल, प्रवीण, रवि कुमार, रजक, दिलीप प्रसाद सर सहित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं रसोइयों का विशेष सहयोग रहा।

# खाकी, कलम और सत्ता की मिलीभगत है कोयला तस्करी

## तीनों के सिंडिकेट ने चरही-मांडू को किया बर्बाद, हजारीबाग जिला बना भ्रष्टाचार का अखाड़ा

अभय कुमार सिंह



डंप किया गया कोयला

**हजारीबाग/ चरही।** कोयले की काली चमक ने न सिर्फ जमीन को खोखला किया है, बल्कि हजारीबाग के चरही और मांडू जैसे इलाकों को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबो दिया है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक यहां खाकी, कलम (फर्जी पत्रकार) और सत्ता (नेताओं) का ऐसा सिंडिकेट तैयार हो चुका है जिसने तस्करी को एक संगठित उद्योग में बदल दिया है। कोयला तस्करी अब चोरी नहीं, खुलेआम लूट है और इस लूट के हिस्सेदार हैं वो लोग जिनपर कानून और जनता की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है। रात के अंधेरे में नहीं, सूर्य की पहली किरण तक ट्रकों पर कोयला भरकर निकाला जाता है। खाकी वदीर्दार सलामी देते हैं, फर्जी पत्रकार आंख मूंद लेते हैं, और सत्ता के दलालों की जेबें भरती जाती हैं। चरही-मांडू इलाकों में स्थानीय जनता की आवाज दबा दी गई है। जो बोलता है, उसे या तो डरा दिया जाता है या खरीद लिया जाता है। बताया जाता है कि खाकी चौकियों पर बैठकर आंखों के सामने लाखों की खेप निकलने देती हैं। सत्ता के नुमाइंदे इस खेल को सिर्फ देख नहीं रहे बल्कि इसके सबसे बड़े खिलाड़ी हैं।

**मजाक बनकर रह गयी है विकास की बातें :** ऐसा प्रतीत होता है कि विकास की बातें अब मजाक बन गई हैं। स्कूलों की जमीन पर कोयला डंप है, अस्पतालों के लिए पैसे नहीं, लेकिन नेताओं की गाड़ियों का काफिला लंबा होता जा रहा है। मांडू का जंगल वीरान हो रहा है, चरही की नदियां काली हो गई हैं और हजारीबाग भ्रष्टाचार का अखाड़ा बन चुका है। ये सिर्फ तस्करी नहीं, यह व्यवस्था का बलात्कार है। लोकतंत्र की आत्मा को चीरकर कोयले से लिपटा भ्रष्टाचार झारखंड के भविष्य को निगल रहा है। और सवाल उठता है कि कब तक? कब तक ये काला गठजोड़ जनता की चुप्पी का फायदा उठाएगा? अब वक़्त आ गया है कि जनता जागे, सवाल करे। इस काली साज़िश के खिलाफ खड़ी हो। वरना ये कोयला सिर्फ जमीन नहीं, पीढ़ियों को भी जला देगा।

### कौन-कौन हैं इस खेल के बड़े खिलाड़ी

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक चरही के इंदिरा बस्ती में संचालित अवैध कोल डिपो का मालिक एकरामुल अंसारी नाम का व्यक्ति है। चरही-चुरचू-आंगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कोल डिपो व बहेरा कोल डिपो का संचालक संजय सिंह, त्रिदेव महतो है। 15 माइल कोल डिपो का मालिक सतीश साहु नाम का व्यक्ति है इसमें धन निवेशक संजय अग्रवाल जबकि सप्लायर रमेश कुमार बताया जाता है। वही करमा बेड़ा स्थित अवैध कोल डिपो के तीन पार्टनर बताए जाते हैं। इनमें त्रिदेव महतो, सत्यम कुमार व अजय कुमार के नाम शामिल है। सूत्र बताते हैं कि झुमरा में जो अवैध कोल डिपो का संचालन किया जा रहा है उसके लिए चुरचू और आंगो थाना को मैनेज किया गया है। इस कोल डिपो का संचालक राजेन्द्र सिंह, रंजन सिंह और प्रभात सिंह बताया जा रहा है। चनारो कोल डिपाजिट के सर्वेसर्वा अनिल सिंह और अभिषेक महतो है। वही गंझुनिया कोल डिपो का मालिक ऋषि कुमार और गोपाल कुमार बताये जाते हैं। सूत्रों का दावा है कि हर दिन इनलोगो के माध्यम से अवैध कोयले की खेप डेहरी और बनारस की मंडियों में पहुंचायी जा रही है।

# राहुल गैंग के चार अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। चारों अपराधी 12 अप्रैल को सिरका कोल परियोजना के कोयला स्टॉक के पास गोलीबारी और हाइवा में आगजनी की घटना में शामिल थे। एसपी अजय कुमार के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने सनी सिंह उर्फ सौरभ कुमार, अनुज कुमार, सनोज कुमार और मिशन कुमार उर्फ सुरज को गिरफ्तार किया। इन अपराधियों के पास से हथियार समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। एसपी अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि अपराधियों ने लेवी वसूलने और दहशत फैलाने की नियत से हवाई फायरिंग की थी। एसपी ने बताया कि पतरातू एएसपी गौरव गौस्वामी के नेतृत्व में दोनों कांड़ों का उद्भेदन करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस को नौ मई को गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह का शूटर सनी सिंह नईसराय रोड के सीसीएल कांटा घर के पास साधु कुटिया जंगल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है।

छापामारी में गौरव गौस्वामी, सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु, चन्दन वत्स, डीएसपी मुख्यालय रामगढ़ ,पुनि गेजेन्द्र पांडेय,पतरातू पुलिस निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पुअनि शिवा कच्छप, पुअनि विक्रम तिग्गा और पुलिस के जवान शामिल थे।

### रामगढ़ में अपराध गोष्ठी आयोजित

रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शनिवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाइल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने , प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग निर्देश दिया।

जनशिकायत मामलों में अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन से संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादित करें।

### पत्रकार को पितृ शोक

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद के पिता राम प्रसाद पासवान 89 वर्ष का शनिवार सुबह आवास में निधन हो गया। वे कुछ माह से बीमार चल रहे थें। स्व. राम प्रसाद पासवान का अंतिम संस्कार सौंदा डी-भुरकुंडा नलकारी नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र सुरेंद्र प्रसाद ने दी। स्व. राम प्रसाद पासवान अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री, नाती-पोता सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गये। इधर उनके अंतिम यात्रा में भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, उरीमारी, रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। नलकारी नदी तट पर ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालो में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, अजय पासवान, दीपक प्रसाद, किशुन नायक, संजय वर्मा, आजाद भुंइया, बिरेंद्र पासवान, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, पवन सोनी, उदय सोनी, सुनील यादव, अनुप सिंह , राजेंद्र करमाली, अजीत मंडल, दीपक भुईयां, सत्यानारायण कुमार, लखन पासवान, जय कुमार सिंह, मनोज राम शामिल थे।

# पावर लिफ्टिंग शोभित यादव ने जीता तीन स्वर्ण और एक रजत

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के शोभित यादव ने एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में अपने अद्भुत प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। 120 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेते हुए, शोभित ने 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर न केवल अपने नाम को चमकाया, बल्कि 3 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें 120 किलोग्राम भार वर्ग में एशियन चैंपियन का खिताब मिला। शोभित यादव वर्तमान में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और 120 किलोग्राम वर्ग में नेशनल चैंपियन हैं। उनका सफर प्रेरणादायक है। एक समय पर 48 किलोग्राम के दुबले-पतले किशोर रहे शोभित ने खुद को पूरी तरह से बदलते हुए पावरलिफ्टिंग में नई ऊंचाइयों को छुआ। शोभित बड़ा बाजार ग्वाल टोली के अभिमन्यु यादव के पुत्र है। अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि मेहनत और अनुशासन से उन्होंने अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति को बेहतर बनाया। उनकी हालिया उपलब्धियों में 295 किलोग्राम का डेडलिफ्ट शामिल है, जो मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 7.5 किलोग्राम अधिक है। इस असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें भारतीय पावरलिफ्टिंग जगत में एक नई पहचान दिलाई है। शोभित यादव की सफलता न केवल उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया।

### अनमोल बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मना मदर्स डे



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में संचालित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में शनिवार को धूमधाम से मना मदर्स डे। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने माता-पिता, भाई-बहन के साथ बनाए गए फ्रेम और रंग-बिरंगी पेंटिंग्स के जरिए मातृ दिवस को विशेष और यादगार बना दिया। बच्चों ने मां तू कितनी अच्छी है, मां मेरी मां जैसे भावुक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। अवधेश कुमार सिंह ने मातृत्व को त्याग, प्रेम और समर्पण की मूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि मां प्रेम त्याग और समर्पण की देवी है। कार्यक्रम में प्रज्ञान, शिवांश, जानवी, काव्यश्री, यश पटेल, प्रीति, सृष्टि, आराध्या, विराज, रिद्धि, दिव्यांशु, अर्णव सहित अनेक बच्चों ने भाग लिया और प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के प्रेस मीडिया प्रभारी डॉ. एमके मंजुल एवं लायन रेखा मंजुल का वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर केक काटा गया। साथ ही उपस्थित लोगों को मिठाई और केक खिलाकर शादी के सालगिरह की खुशियां बांटी गई। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर से आए हुए लोगों ने जिला 322 ए के कार्यक्रम फूड फॉर हंगर के तहत नर सेवा नारायण सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिए। मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने से मन आनंदित होता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और ऐसे नेक कार्यों में आगे भी शामिल होंगे। जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर के टीम आने से हमलोगों को मनोबल तो बढ़ा ही है आगे और बेहतर कार्य करने का ऊर्जा भी मिला। जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा ने बताया कि लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। लायन डॉ. एमके मंजुल ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन डॉ राजेंद्र महतो, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन निर्मल अग्रवाल, लायन विजय वर्णवाल, लायन रेखा मंजुल, लायन दीनबंधु सिंह, लायन प्रमोद शर्मा, लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर से आए हुए क्लब के प्रेसिडेंट लायन संजीव चौधरी, लायन राकेश चौधरी, लायन धर्मेंद्र सिन्हा, लायन सुजीत कुमार सिंह और अन्य सदस्य मौजूद थे।

### फूड फॉर हंगर के तहत 300 लोगों को कराया भोजन

एक नजर में

### हजारीबाग में नाबालिग चोर गिरफ्तार



हजारीबाग। बाजारों और घरों में हर दिन चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। शनिवार की सुबह शहरवासियों ने एक ऐसे चोर को पकड़ा, जिसने उम्र के खेल में पुलिस और जनता दोनों को धोखा दे रखा था। महज 18-19 साल के इस चोर की मासूम सूरत ने किसी को शक करने का मौका नहीं दिया। लेकिन उसके हौसले किसी कुख्यात अपराधी से कम नहीं थे। पकड़े जाने के बाद उसे सदर थाना के हवाले कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह किशोर अकेला नहीं, बल्कि एक गिरोह का हिस्सा है। इस गिरोह ने हजारीबाग में दहशत फैला रखी है। शनिवार को पंचमंदिर चौक के पास बरगद पेड़ वाली दुकान में पंकज अग्रवाल और लड्डू अग्रवाल की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चार चोरों में से तीन भागने में सफल रहे, लेकिन एक को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया चोर कानी बाजार का निवासी है, जबकि बाकी मटवारी और अन्य इलाकों के बताए जा रहे हैं। पकड़ने के बाद इसे पुलिस को सौप दिया गया। ये किशोर सिर्फ चोर ही नहीं बल्कि ब्राउन शुगर के आदि भी है। नशे की लत ने इन्हे चोर बना दिया है। ऐसे ही नशे की लत के किशोर शहर में छिनतई, लूट और हत्या की घटना को अंजाम दे रहे है। सवाल यह है कि आखिर ये किशोर अपराधियों का गिरोह किसके इशारे पर काम कर रहा है? क्या ये मासूम दिखने वाले लड़के हजारीबाग के बाजारों में नए आतंक की नींव रख रहे हैं? पुलिस के लिए यह गिरोह बन चुका है सबसे बड़ी चुनौती।

### बिजली विभाग के एसी से मिले मनोज यादव



बरही। विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा क्षेत्र में बदहाल बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक उपाध्याय से मिले। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलने और जर्जर तारों को दुरुस्त करने की मांग की। यादव ने बताया कि डपोक पंचायत के अडवरिया टोला में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है, जहां 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत है। वहीं, रसोई धमना के पुरहरा मोड़ और पिंडारकोन स्टैंड टोला में भी ट्रांसफार्मर जल गए हैं। बारा पंचायत के बहेरा गांव में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद 25 केवीए से आपूर्ति की जा रही है, जो अपर्याप्त है। कोल्हुआकला के यादव टोला और ठाकुर टोला में भी ट्रांसफार्मर जल गए हैं, जिनके लिए 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों की मांग की गई है। विधायक ने अधीक्षण अभियंता से जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाने की अपील की, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में बिजली संकट से राहत मिल सके।

### नो पार्किंग को लेकर एसडीओ ने की बैठक



**बरही।** बरही चौक और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू ने की, जबकि संचालन एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने किया। बैठक में बरही चौक पर नो पार्किंग क्षेत्र में वाहनों को रोकने, चौक से 300 मीटर की दूरी पर ऑटो पार्किंग की व्यवस्था, सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने और धनबाद रोड में संचालित सब्जी बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा बड़ी बाजार व चौक क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और कूड़ादान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एलआरडी अजय भगत, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, थाना प्रभारी आभास कुमार, प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक और पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। एसडीओ ने बताया कि जल्द विधायक के साथ विशेष बैठक होगी,, ताकि स्वच्छता अभियान और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

### उपायुक्त ने किया केरेडारी प्रखंड का दौरा

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को केरेडारी प्रखंड का दौरा कर प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता श्री संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों से लंबित कार्यों की समीक्षा की और उन्हें शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोकड़ पंजी, उपस्थिति पंजी, लॉग बुक, दाखिल-खारिज के लंबित मामले, कोल कंपनी से जुड़े राजस्व मामलों, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, और मईया सम्मान योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण में रोकड़ पंजी अद्यतन नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और इसे तुरंत संधारित करने के निर्देश दिए। पेयजल की अनुपलब्धता पर असंतोष जताया और तुरंत व्यवस्था करने का आदेश दिया। उपायुक्त ने कर्मियों से कहा कि प्रखंडवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनें ।

### बरही में 20 टीबी मरीजों को मिला आहार किट

**बरही।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को बरही एसडीपीओ कार्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन और बरही पुलिस प्रशासन द्वारा पोषक आहार किट वितरण किया गया। इसकी अध्यक्षता डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने की और संचालन प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर आभाष कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार समेत कई पुलिस अधिकारियों और मानवाधिकार एसोसिएशन के सदस्यों ने 20 गरीब टीबी मरीजों को पोषक आहार किट प्रदान किए। डॉ. ज्ञानी ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषक आहार उपलब्ध कराना एक सामाजिक दायित्व है, जिससे मरीज जल्द स्वस्थ हो सकें। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने मैनें स्वयं 5 मरीजों को गोद लिया है। इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने 3 और अन्य सब इंस्पेक्टरों ने एक-एक मरीज को गोद लेकर पोषक आहार किट प्रदान किए। कार्यक्रम में हीरामन साव, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पदमा प्रभारी राणा प्रताप सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### बरही में निशुल्क योग शिविर आज से

बरही। बरही पतंजलि योग पीठ, हरिद्वार के बैनर तले बरही प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मंदिर, रसोईया धमना प्रांगण में रविवार से निशुल्क त्रि दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को यह शिविर प्रात: 5 बजे से 7:30 बजे तक लगेगा। उक्त जानकारी बरही के जाने माने योग आचार्य व जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि तीन दिनों का नि:शुल्क योग शिविर लग रही है। जिसमें पतंजलि योगपीठ (हरिद्वार) से आए हुए योग आचार्य स्वामी विश्व देव एवं स्वामी कौशल देव विशेष रूप से योग सिखाएंगे।

### बुलेट से जंगलों में सरपट दौड़ेंगे वनरक्षी

रामगढ़। आठ वनरक्षियों को मिला बुलेट। इसकी खरीदारी वन्य जीव प्रबंधन योजना के तहत हुई थी। इसके तहत 5 बाइक टाटा वेस्ट बोकारो और 3 बाइक सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो कोल परियोजना प्रबंधन योजना के तहत खरीदा गया था। शनिवार को वन प्रमंडल कार्यालय रामगढ़ में बाइक वितरण समारोह हुआ। इसमें मुख्य रुप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंन सभी वन रक्षियों को बाइक की चाबी सौंपी। साथ ही बाइक के सहारे क्षेत्र में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाइक चलाने के दौरान यातायात नियमों की पालन की बात कही।



बुद्ध पूर्णिमा पर
**विशेष**

# भगवान बुद्ध के अवतार की महिमा

एनके मुरलीधर

गौतम बुद्ध का जन्म ईसा से 563 साल पहले जब कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी अपने नैहर देवदह जा रही थीं, तो रास्ते में लुम्बिनी वन में हुआ। लुम्बिनी नेपाल के तराई क्षेत्र में कपिलवस्तु और देवदह के बीच नौतनवा स्टेशन से 8 मील दूर पश्चिम में रुक्मिनदेई नामक स्थान है, जहां बुद्ध का जन्म हुआ था। उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया।

इनके पिता का नाम शुद्धोदन था। जन्म के सात दिन बाद ही मां का देहांत हो गया। सिद्धार्थ की मौसी गौतमी ने उनका लालन-पालन किया। सिद्धार्थ ने गुरु विश्वामित्र के पास वेद और उपनिषद् तो पढ़े ही, राजकाज और युद्ध-विद्या की भी शिक्षा ली। कुश्ती, घुड़दौड़, तीर-कमान, रथ हांकने में कोई उसकी बराबरी नहीं कर पाता।

बचपन से ही सिद्धार्थ के मन में करुणा भरी थी। उससे किसी भी प्राणी का दुख नहीं देखा जाता था। यह बात इन उदाहरणों से स्पष्ट भी होती है। घुड़दौड़ में जब घोड़े दौड़ते और उनके मुंह से झाग निकलने लगता तो सिद्धार्थ उन्हें थका जानकर वहीं रोक देते और जीती हुई बाजी हार जाते। खेल में भी सिद्धार्थ को खुद हार जाना पसंद था क्योंकि किसी को हराना और किसी का दुखी होना उससे नहीं देखा जाता था।

एक बार की बात है सिद्धार्थ को जंगल में किसी शिकारी द्वारा तीर से घायल किया हंस मिला। उसने उसे उठाकर तीर निकाला, सहलाया और पानी पिलाया। उसी समय सिद्धार्थ का चचेरा भाई देवदत्त वहां आया और कहने लगा कि यह शिकार मेरा है, मुझे दे दो।

सिद्धार्थ ने हंस देने से मना कर दिया और कहा कि तुम तो इस हंस को मार रहे थे। मैंने इसे बचाया है। अब तुम्हीं बताओ कि इस पर मारने वाले का हक होना चाहिए कि बचाने वाले का।

देवदत्त ने सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोदन से इस बात की शिकायत की। शुद्धोदन ने सिद्धार्थ से कहा कि यह हंस तुम देवदत्त को क्यों नहीं दे देते? आखिर तीर तो उसी ने चलाया था।

इस पर सिद्धार्थ ने कहा- पिताजी! यह तो बताइये कि आकाश में उड़ने वाले इस बेकसूर हंस पर तीर चलाने का ही उसे क्या अधिकार था। हंस ने देवदत्त का क्या बिगाड़ा था? फिर उसने इस पर तीर क्यों चलाया? क्यों उसने इसे घायल किया। मुझसे इस प्राणी का दुख देखा नहीं गया। इसलिए मैंने तीर निकालकर इसकी सेवा की। इसके प्राण बचाए। हक तो इस पर मेरा ही होना चाहिये। राजा शुद्धोदन को सिद्धार्थ की बात जंच गयी। उन्होंने कहा कि ठीक है तुम्हारा कहना। मारने वाले से बचाने वाला ही बड़ा है। इस पर तुम्हारा ही हक है।

शाक्य वंश में जन्मे सिद्धार्थ का 16 वर्ष की उम्र में विवाह दंडपाणि शाक्य की कन्या यशोधरा के साथ हुआ। राजा शुद्धोदन ने सिद्धार्थ के लिए भोग-विलास का भरपूर प्रबंध कर दिया। तीन ऋतुओं के लायक तीन सुंदर महल बनवा दिये। वहां पर नाच-गान और मनोरंजन की सारी सामग्री जुटा दी गई। दास-दासी उसकी सेवा में रख दिए गए। पर ये सब चीजें सिद्धार्थ को संसार में बांधकर नहीं रख सकीं। विषयों में उसका मन फंसा नहीं रह सका।

## वे 4 घटनाएं जिससे बदल गया गौतम बुद्ध का जीवन



भगवान बुद्ध का जीवन और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बुद्ध के प्रेरणादायक जीवनदर्शन का जन-जीवन पर अमिट प्रभाव रहा है। आइए जानते हैं वे कौन-सी चार छटनाएं थी, जो सिद्धार्थ को संसार में बांधकर न रख सकीं।

1. वसंत ऋतु में एक दिन सिद्धार्थ बगीचे की सैर पर निकले। उन्हें सड़क पर एक बूढा आदमी दिखाई दिया। उसके दांत टूट हुए थे। बाल पक गए थे, शरीर टेढा-मेढा हो गया था। हाथ में लाठी पकड़े धीरे-धीरे कांपता हुआ वह सड़क पर चल रहा था।

2. दूसरी बार सिद्धार्थ कुमार जब बगीचे की सैर पर निकले, तो उनकी आंखों के आगे एक रोगी आ गया। उसकी सांस तेजी से चल रही थी। कंधे ढीले पड़ गए थे। बांहें सूख गई थीं। पेट फूल गया था। चेहरा पीला पड़ गया था। दूसरे के सहारे वह बड़ी मुश्किल से चल पा रहा था।

3. तीसरी बार सिद्धार्थ को एक अर्थी मिली। चार आदमी उसे उठाकर लिए जा रहे थे। पीछे-पीछे बहुत से लोग थे। कोई रो रहा था, कोई छाती पीट रहा था, कोई अपने बाल नोच रहा था। इन दृश्यों ने सिद्धार्थ को बहुत विचलित किया।

4. चौथी बार सिद्धार्थ बगीचे की सैर को निकला, तो उसे एक संन्यासी दिखाई पड़ा। संसार की सारी भावनाओं और कामनाओं से मुक्त प्रसन्नचित्त संन्यासी ने सिद्धार्थ को आकृष्ट किया। उन्होंने सोचा- 'धिक्कार है जवानी को, जो जीवन को सोख लेती है। धिक्कार है स्वास्थ्य को, जो शरीर को नष्ट कर देता है। धिक्कार है जीवन को, जो इतनी जल्दी अपना अध्याय पूरा कर देता है। क्या बुढापा, बीमारी और मौत सदा इसी तरह होती रहेगी सौम्य? उन्हें प्रसन्नचित्त संन्यासी ने आकृष्ट किया और वे संसार के मोह-बंधन से मुक्त होकर त्याग के रास्ते पर निकल गए और घोर तपस्या करके बुद्धत्व को प्राप्त

### बौद्ध धर्म के पावरफुल मंत्र करेंगे सभी खतरों से सुरक्षा

बौद्ध धर्म को भला कौन नहीं जानता। बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परंपरा से निकला महान धर्म दर्शन है जिसके संस्थापक भगवान बुद्ध हैं। बौद्ध धर्म में अवलोकितेश्वरा में कुछ खास मंत्रों का उल्लेख किया गया है, जो हमें शत्रु और सभी प्रकार के खतरों से बचाने के लिए लाभदायी है। आइए जानें जीवन में आने वाले संकटों से सुरक्षित रखने वाला मंत्र-

बीज मंत्र - ह्यॐ मणि पदमे हूम

षडाक्षरीय मंत्र - ह्यॐ मणि पदमे हूम

इस मंत्र का उल्लेख अवलोकितेश्वरा में किया गया है। यह मंत्र सभी प्रकार के खतरों से सुरक्षा के लिए जपा जाता है।

इस मंत्र का जप बौद्ध धर्म की महायान शाखा में प्रमुख रूप से किया जाता है।


यह मंत्र अक्सर प्रार्थना चक्र, स्तूपों की दीवार, धर्म स्थानों के पत्थरों, मणियों आदि में खुदा हुआ या चित्रित रूप में मिल जाता है।

जिस प्रार्थना चक्र पर यह मंत्र खुदा होता है उसको 1 बार घुमाने पर माना जाता है कि उसने इस मंत्र को 10 लाख बार जपा है।

यह मंत्र अंगूठी या अन्य आभूषणों में भी मुद्रित रहता है।

बताया जाता है कि जो कोई इस मंत्र को जपता है, वह सब खतरों से सुरक्षित हो जाता है।


## बुद्ध पूर्णिमा की ग्यारह खास बातें



वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं। यह गौतम बुद्ध की जयंती है और उनका निर्वाण दिवस भी। इसी दिन भगवान बुद्ध को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। आज बौद्ध धर्म को मानने वाले विश्व में 50 करोड़ से अधिक लोग इस दिन को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए बुद्ध विष्णु के नौवें अवतार हैं। अत हिंदुओं के लिए भी यह दिन पवित्र माना जाता है। इसी कारण बिहार स्थित बोधगया नामक स्थान हिन्दू व बौद्ध धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थान हैं। गृह त्याग के पश्चात सिद्धार्थ सात वर्षों तक वन में भटकते रहे। यहां उन्होंने कठोर तप किया और अंतत वैशाख पूर्णिमा के दिन बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई। तभी से यह दिन बुद्ध पूर्णिमा के रूप में जाना जाता है।

बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए गए हैं। अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा पर ये ग्यारह बातें जानना जरूरी है, जानिए...

1. श्रीलंकाई इस दिन को वेसाक उत्सव के रूप में मनाते हैं जो वैशाख शब्द का अपभ्रंश है।
2. इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है।
3. दुनियाभर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं।
4. दिल्ली संग्रहालय इस दिन बुद्ध की अस्थियों को बाहर निकालता है जिससे कि बौद्ध धर्मावलंबी वहां आकर प्रार्थना कर सकें।
5. मंदिरों व घरों में अगरबत्ती लगाई जाती है। मूर्ति पर फल-फूल चढ़ाए जाते हैं और दीपक जलाकर पूजा की जाती है।
6. बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएं सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं।
7. इस दिन मांसाहार का परहेज होता है क्योंकि बुद्ध पशु हिंसा के विरोधी थे।
8. इस दिन किए गए अच्छे कार्यों से पुण्य की प्राप्ति होती है।
9. पक्षियों को पिंजरे से मुक्त कर खुले आकाश में छोड़ा जाता है।
10. बौद्ध धर्म के धर्मग्रंथों का निरंतर पाठ किया जाता है।
11. गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं।



## सोमवार व पूर्णिमा पर भगवान शिव के खास संयोग

सोमवार 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा है। विशेष संयोग पर भगवान शिव को पुष्पदंत द्वारा रचित शिव महिम्न से सरलता से प्रसन्न किया जा सकता है। इस दिन भोलेनाथ शंकर की सादगी का वर्णन करने से शिव प्रसन्न होते हैं। शिव के इस महिम्न स्तोत्रम् में शिव के दिव्य स्वरूप एवं उनकी सादगी का वर्णन है। इस महिम्न स्तोत्र के पीछे अनूठी और सुंदर कथा प्रचलित है।

प्रस्तुत है कथाः--

एक समय में चित्ररथ नाम का राजा था। वो परम शिव भक्त था। उसने एक अद्भुत सुंदर बाग का निर्माण करवाया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पुष्प लगे थे। प्रत्येक दिन राजा उन पुष्पों से शिव जी की पूजा करते थे।

फिर एक दिन पुष्पदंत नामक गन्धर्व उस राजा के उद्यान की तरफ से जा रहे थे। उद्यान की सुंदरता ने उसे आकृष्ट कर लिया। मोहित पुष्पदंत ने बाग के पुष्पों को चुरा लिया। अगले दिन चित्ररथ को पूजा हेतु पुष्प प्राप्त नहीं हुए।

फिर क्या हुआः--

बाग के सौंदर्य से मुग्ध पुष्पदंत प्रत्येक दिन पुष्प की चोरी करने लगा। इस रहस्य को सुलझाने के राजा के प्रत्येक प्रयास विफल रहे। पुष्पदंत अपनी दिव्य शक्तियों के कारण अदृशय बना रहे।

राजा ने निकाला समाधानः--

राजा चित्ररथ ने एक अनोखा समाधान निकाला। उन्होंने शिव को अर्पित पुष्प एवं विल्व पत्र बाग में बिछा दिया। राजा के उपाय से अनजान पुष्पदंत ने उन पुष्पों को अपने पैरो से कुचल दिया। इससे पुष्पदंत की दिव्य शक्तिओं का क्षय हो गया।

पुष्पदंत स्वयं भी शिव भक्त था। अपनी गलती का बोध होने पर उसने इस परम स्तोत्र के रचना की जिससे प्रसन्न हो महादेव ने उसकी भूल को क्षमा कर पुष्पदंत के दिव्य स्वरूप को पुन प्रदान किया ।



## अंधकारेन ओनद्धा पदीपं न गवेसथ॥

हिन्दू-धर्म में वेदों का जो स्थान है, बौद्ध धर्म में वही स्थान पिटकों का है। भगवान बुद्ध ने अपने हाथ से कुछ नहीं लिखा था। उनके उपदेशों को उनके शिष्यों ने पहले कंठस्थ किया, फिर लिख लिया। वे उन्हें पेटियों में रखते थे। इसी से नाम पड़ा, ह्यपिटकह्ल। पिटक तीन हैं :-

1) **विनय पिटक** : इसमें विस्तार से वे नियम दिए गए हैं, जो भिक्षु-संघ के लिए बनाए गए थे। इनमें बताया गया है कि भिक्षुओं और भिक्षुणियों को प्रतिदिन के जीवन में किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए।

2) **सुत्त पिटक** : सबसे महत्वपूर्ण पिटक सुत्त पिटक है। इसमें बौद्ध धर्म के सभी मुख्य सिद्धांत स्पष्ट करके समझाए गए हैं।

सुत्त पिटक 5 निकायों में बंटा है :- दीघ निकाय, मज्झिम निकाय, * संयुत्त निकाय, अंगुत्तर निकाय और खुद्दक निकाय।

खुद्दक निकाय सबसे छोटा है। इसके 15 अंग हैं। इसी का एक अंग है ह्यधम्मपदह्ल। एक अंग है ह्यसुत्त निपातह्ल।

3) **अभिधम्म पिटक** : अभिधम्म पिटक में धर्म और उसके क्रियाकलापों की व्याख्या पंडिताऊ ढंग से की गई है। वेदों में जिस तरह ब्राह्मण-ग्रंथ हैं, उसी तरह पिटकों में अभिधम्म पिटक हैं।

**धम्मपद** : हिन्दू-धर्म में गीता का जो स्थान है, बौद्ध धर्म में वही स्थान धम्मपद का है। गीता जिस प्रकार महाभारत का एक अंश है, उसी तरह धम्मपद सुत्त पिटक के खुद्दक निकाय का एक अंश है।

**धम्मपद में 26 वग्ग और 423 श्लोक हैं**। बौद्ध धर्म को समझने के लिए अकेला धम्मपद ही काफी है। मनुष्य को अंधकार से प्रकाश में ले जाने के लिए यह प्रकाशमान दीपक है। यह सुत्त पिटक के सबसे छोटे निकाय खुद्दक निकाय के 15 अंगों में से एक है।

**को नु हासो किमानन्दो निच्चं पज्जलिते सति।**
**अंधकारेन ओनद्धा पदीपं न गवेसथ॥**

**धम्मपद में दिये गये इस श्लोक का तात्पर्य है कि यह हंसना कैसा? यह आनंद कैसा? जब नित्य ही चारों ओर आग लगी है। संसार उस आग में जला जा रहा है। तब अंधकार में घिरे हुए तुम लोग प्रकाश को क्यों नहीं खोजते?**

स्पीड न्यूज

## युद्ध कब हुआ कि ये युद्धविराम भी हो गया?



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि किसी भी लड़ाई की परिणति युद्धविराम ही होती है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ तो उसमें भी युद्धविराम ही हुआ। इस युद्धविराम में किसने क्या खोया, क्या पाया, इसमें आम जनता में बहस होती है। श्री राय ने कहा कि ये औपचारिक युद्ध नहीं था। इसमें अमेरिका ने दखलंदाजी की होगी। लेकिन मुद्दे अभी भी जिंदा हैं। पाकिस्तान इसे कितना मानेगा? नहीं मानेगा तो आप फिर से खड़े होंगे या नहीं, ये विवेचना का विषय है।

## जेवियर स्कूल में आयोजित शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह

**गम्हरिया।** जेवियर स्कूल गम्हरिया में जेवियर एलुमनाई एसोसिएशन और रेड क्रॉस के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की उप प्रधानाचार्य सिस्टर निवेदिता, सिस्टर सविता एवं प्रशासक ब्रदर अमलराज ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और इसे रक्तदान से ही पूरा किया जा सकता है। कहा कि स्वस्थ मनुष्य को जीवन में रक्तदान जरुर करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्तदान महादान है और यह सेवा निःस्वार्थ होती है।शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के कर्मचारी सहित विद्यालय के शिक्षक प्रभात मिश्रा, प्रकाश, दीपांकर, वसीम, अदिति, मनीषा, अंशिका, नंदी समेत अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा।

## गम्हरिया : बाइक सवार ने मैजिक वाहन में टक्कर मारी, घायल

**गम्हरिया।** सरायकेला- कांड्रा मार्ग पर बीते शुक्रवार की देर रात भोलाडीह गांव के समीप मैजिक वाहन के पीछे से बाइक के टकरा जाने से बाइक सवार राजेश कुमार सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल जे लाया गया जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार सिंह सरायकेला के हाटटांडी का रहने वाला है जो किसी काम से अपनी बाइक से जमशेदपुर गया था। वहां से वापस लौटने के क्रम में भोलाडीह के समीप पोल से टकराने के बाद सड़क किनारे अंधेरे में खड़े मैजिक वाहन से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## भारतीय सेना ने दुश्मन देश पाक की चालों को नाकाम किया : दिनेश



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा है कि भारतीय सेना की लक्षित कार्रवाई ने न केवल दुश्मन देश पाकिस्तान की चालों को विफल किया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी संदेश समूचे विश्व ने देखा। पाकिस्तान की झुकी हुई गर्दन हमारी एकता और दृढ़ता की जीत है। रूस और इजरायल जैसे मित्र राष्ट्रों का समर्थन हमारी वैश्विक विश्वसनीयता का प्रमाण है।

## नयी उड़ानें नयी पहचान का निःशुल्क समर कैंप

**जमशेदपुर।** नई उड़ान-नई पहचान, टुईलाडुंगरी जमशेदपुर सामाजिक संस्था द्वारा 85 बच्चों का निःशुल्क समर कैंप 2025 ( अंडर प्रिविलेज बच्चों के लिए) आयोजन किया गया। अध्यक्ष सारिका नरेडी ने बताया इस दो दिवसीय समर का आज प्रथम दिन बहुत ही जोर-शोर से संपन्न हुआ। सभी बच्चों ने ध्यान का अनुभव खुशी के साथ किया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण, विकास की नयी लकीर खींचें : अनन्य मित्तल

- डीसी ने आकांक्षी प्रखंड मुसाबनी में क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न समूहों से संवाद स्थापित किया
- स्वरोजगार, कृषि, कला के क्षेत्र में कार्यों को देखा, स्कूल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





गांव के दौरे के क्रम में खेतों से गुजरते डीसी अनन्य मित्तल व टीम और स्कूल की बच्चियों से संवाद करते डीसी।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल एवं डीडीसी अनिकेत सचान द्वारा साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड मुसाबनी का सघन दौरा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न समूहों, किसानों, महिला उद्यमियों एवं शिल्पकारों से सीधा संवाद स्थापित कर उनके कार्यों को देखा तथा उन्हें और बेहतर करने हेतु मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने मुसाबनी प्रखंड मुख्यालय में संचालित हस्तकरघा केन्द्र का दौरा कर वहां कार्यरत महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों, उनकी आय, विपणन की उपलब्धता एवं भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कुईलिसुता गांव में डोकरा शिल्प समिति, बंबू आर्ट क्राफ्ट एवं सॉस मेकिंग इकाइयों का निरीक्षण किया गया, जहां परंपरागत कला को आजीविका के रूप में अपनाने वाले शिल्पकारों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझा गया। इसी क्रम में पारूलिया एवं गोहला गांव में संचालित फार्मिंग क्लस्टर का भी निरीक्षण किया गया। यहां स्थानीय किसानों से बातचीत कर जिला के वरीय पदाधिकारियों ने प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर कृषि को लाभकारी बनाने के उपायों पर चर्चा की और उन्हें नवाचारों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत के अंतर्गत गोहला गांव में टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा संचालित मानसी कार्यक्रम का निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम माताओं, नवजात शिशुओं के पोषण एवं स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करता है। अधिकारियों ने कुपोषण से उबर चुके बच्चों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा सिकल सेल जाँच एवं उपचार प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं से फील्ड स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा की तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के सुझाव दिये।

इस भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की और उपस्थित प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी और लाभ हर योग्य व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुँचे। उन्होंने पारदर्शी एवं जनसंवेदनशील प्रशासन की आवश्यकता पर बल दिया।

मौके पर बीडीओ सुश्री अदिति गुप्ता, सीओ श्री ऋषिकेश मरांडी तथा जिला स्तरीय व प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान, कला क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण व अन्य उपस्थित थे।

# उपलब्धि: लोक अदालत में 2.5 लाख से अधिक मामलों का हुआ निष्पादन

- शासन को मिला 21. 31 करोड़ रुपये का राजस्व
- लोक अदालत कमजोर लोंगो को त्वरित न्याय दिलाने में कारगर : अरविंद पांडेय
- वैकल्पिक न्याय व्यवस्था में लोक अदालत एक महत्त्वपूर्ण कड़ी : राजेश शुक्ल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



लोक अदालत का उद्घाटन करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद पांडेय, झारखंड बार एसो. के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ल व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन व्यवहार न्यायालय के जिला लोक अदालत सभागार में सफलता पूर्वक संपन्न की गई । इसमें कुल 2,54,348 केसों का निष्पादन हुआ,जबकि 21,31,84,371 रुपए की रिकॉर्ड राजस्व की प्राप्ति हुई । राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन आज पूर्वी सिंहभूम के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार पांडेय, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन श्री राजेश कुमार शुक्ल , पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग, जिला परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री अजित कुमार सिंह, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश श्री टी हसन , जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रतिन दास, सचिव कुमार राजेश रंजन और डालसा के सचिव श्री धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का पूरे झारखंड में लोहरदगा से झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद और झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी ने दूरस्थ दृष्ट संचार माध्यम से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि आज अर्थिक रूप से कमजोर लोंगो को न्याय दिलाने में लोक अदालत एक सशक्त माध्यम बन गया है । आपसी मेल और समझौते से उन्हें न्याय सुलभ हो रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से संबोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि न्याय व्यवस्था में आर्थिक रूप से कमजोर लोंगो के मन में कुछ मिथक थे जो अब समाप्त हो गया है उनके सपने राष्ट्रीय लोक अदालत पूरा कर रहा है। श्री शुक्ल ने नालसा, झालसा, डालसा की सराहना करते हुए कहा कि वैकल्पिक न्याय व्यवस्था में लोक अदालत एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है और लोक अदालत भारतीय न्याय प्रणाली की उस पुरानी व्यवस्था को स्थापित करता है जो प्राचीन भारत मे प्रचलित थी इसकी वैधता आधुनिक दिनों में भी प्रासंगिक है। वहीं पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि लोक अदालत की आज बड़ी आवश्यकता है इससे समाज में सद्भावना और अपनापन का मार्ग प्रशस्त होता है।

## जमशेदपुर ब्लड बैंक के कार्यों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सराहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ब्लड बैंक में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा रक्तदान में सहयोग करने वाले ब्लड बैंक के सभी कर्मियों (पदाधिकारी से लेकर कर्मी तक) को सम्मानित किया गया। यूनियन के द्वारा ब्लड बैंक के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, डीजीएम, ईआर केशवमणी, डीजीएम सीएसआर एवं वेल्फेयर एलेन जोसेफ, जमशेदपुर ब्लड बैंक की चेयरमैन श्रीमती रूचि नरेंद्रन , सचिव नलिनी राममूर्ति, सह सचिव रॉबिन दुग्गल, महाप्रबंधक संजय चौधरी समेत अन्य मौजूद थे। सम्मान सह स्वागत कार्यक्रम में ब्लड बैंक के द्वारा जहां यूनियन के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, डीजीएम केशवमणी, एलन जोसेफ आदि का फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं यूनियन के रूचि नरेंद्रन, नलिनी राममूर्ति, रॉबिन दुग्गल आदि थे।

## मानगो डिमना रोड : फ्लाईओवर निर्माण के क्रम में पाईपलाइन क्षतिग्रस्त

- विधायक ने पाइप लाइन तत्काल दुरुस्त करने को कहा ताकि जलापूर्ति जारी रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



क्षतिग्रस्त पाइपलाइन।

**जमशेदपुर।** बीती रात लगभग 3 बजे फ्लाईओवर निर्माण कर रही कंपनी द्वारा मानगो-पुरूलिया रोड स्थित पृथ्वी पार्क के पास पीलिंग का काम हो रहा था। इस क्रम में जलापूर्ति की मेन राइजिंग पाइप एवं सप्लाई पाइप दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गये। मानगो के विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने इसकी सूचना विधायक सरयू राय को दी। श्री राय ने शनिवार की सुबह क्षेत्र का भ्रमण किया और स्थल पर पथ निर्माण विभाग और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया। श्री राय ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल ठीक करने और जलापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया।

विभाग के अधिकारियों ने विधायक को बताया कि इसे तत्काल दुरुस्त कर पुनः जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने श्री राय को बताया कि पेयजल विभाग द्वारा जोन नंबर 5 से बाइपास पेयजलापूर्ति जो पहले की जा रही थी, उसे पोस्ट ऑफिस रोड में बंद कर दिया गया है। इस कारण विगत दो दिनों से पोस्ट ऑफिस रोड एवं आसपास के क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

## शिक्षा मंत्री रामदास से मिला राखा कॉपर की खनन कंपनी साउथ वेस्ट माइनिंग के प्रतिनिधि

- माटीगोड़ा में ग्राम सभा को मुखिया और कंपनी के अधिकारियों ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



खनन कंपनी के प्रतिनिधिमंडल से मिलते मंत्री रामदास सोरेन।

**जादूगोड़ा।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खनन कंपनी साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड का एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शनिवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात। इधर इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उनके विधानसभा क्षेत्र के राखा कॉपर में खदान चालू होने को लेकर स्थानीय लोगों के नियोजन व उत्पाद लक्ष्य व क्षेत्र के विकास की जानकारी से अवगत कराया। जिसकी अगुवाई मलय दरिपा - परियोजना प्रमुख, ने की। इस प्रतिनिधिमंडल में के अभिराम, संजय कुमार झा समेत साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड के चंदन पात्रा ने शिरकत की। दूसरी ओर, राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण को लेकर आज शनिवार को माटीगोंडा पंचायत भवन के समक्ष ग्राम सभा आयोजित की गयी।

## दो पंचायत में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं फिर भी मंईयां सम्मान योजना के लाभुक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- भाजपा नेता डा दिनेशानंद ने उठाया हेंदलजुड़ी और बालिजुड़ी पंचायत का मामला



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से जिले के विभिन्न पंचायतों के मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सूची में गलत ढंग से शामिल घुसपैठियों के नाम हटाने तथा उनपर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सूची में घाटशिला प्रखंड के हेंदलजुड़ी पंचायत में 174 मुस्लिम महिलाओं तथा गुड़ाबांदा प्रखंड के बालिजुड़ी पंचायत में 9 मुस्लिम महिलाओं का नाम शामिल है। जबकि इन दोनों पंचायतों में 1 भी मुस्लिम परिवार नहीं हैं। ये दोनों पंचायतें आदिवासी बहुल पंचायतें हैं। इसी प्रकार चाकुलिया प्रखंड के माटियाबांधी पंचायत में कोई मुस्लिम परिवार न होने के वावजूद सैकड़ों घुसपैठियों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निर्गत हुआ।

## राजीव सदन परिसर में फ्री मेडिकल कैंप लगा कर जमीन कब्जाने का आरोप

- सीनियर एसपी को पीड़ित महिला जया भारती ने सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सीनियर एसपी को ज्ञापन सौंप कर निकलती जया भारती अपने पति और रिश्तेदार संग।

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर राजीव सदन निवासी महिला जया भारती ने जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल को ज्ञापन सौंप कर न्याय मांगा है। जया भारती का आरोप है कि वे अपने पति प्रभात कुमार महाराज और बेटे संग राजीव सदन में रहती हैं किन्तु इस परिसर और जमीन पर सुंदरनगर के ही जमीन माफिया अशोक अग्रवाल दावा कर उसे हथियाने के लिए तरह-तरह से परेशान कर रहे हैं। ज्ञापन में जया भारती ने कहा है कि अशोक अग्रवाल पिता खेमराज अग्रवाल निवासी सुंदरनगर,दिनांक 11/ 05/ 2025 को फ्री मेडिकल कैंप के नाम पर सुंदरनगर स्थित राजीव सदन परिसर पर अशोक सेवा सदन के नाम पर कब्जा दशार्ने की साजिश कर रहा है । इसके लिए अशोक अग्रवाल ने शहर के कुछ प्रतिष्ठित डॉक्टरों को भी गुमराह करते हुए झांसे में लेकर षडयंत्र कर रहा है और वह राजीव सदन का नाम बदलकर अशोक सेवा सदन के बैनर तले उक्त फ्री मेडिकल कैंप का प्रचार प्रसार भी कर रहा है। जया भारती के अनुसार अशोक अग्रवाल ने दिनांक 31 03 2025 को सुबह करीब 11 बजे तकरीबन 50 हथियारबंद गुंडों तथा असामाजिक तत्वों के साथ राजीव सदन परिसर स्थित मेरे आवासीय गुरुकुल एवं मेरे आवास पर दिन दहाड़े डकैती,लूटपाट,जानलेवा हमला किया और मेरे साथ मारपीट कर मुझे बेइज्जत किया था। यह घटना सुंदरनगर थाना कांड संख्या - 12/2025 में अशोक अग्रवाल, करण साहू, सुभाष सिंह, पप्पू ठाकुर, पवनलाल रजक, सुशील नाग , बंटी सिंह, अमरजीत यादव के नाम पर दर्ज है जिसमें अशोक अग्रवाल और उसके गुंडों ने साढ़े 11 तोला सोने के गहने, डेढ़ लाख रुपए नकद, समेत बर्तन, कपड़े, पंखे, गैस सिलेंडर, राशन, दस्तावेजों और कागजातों की फाइल्स की लूट की थी । इस घटना का वीडियो एसएसपी के कार्यालय में पूर्व के आवेदन के साथ सीडी और पेन ड्राइव दोनों के माध्यम से जमा कर दिया गया है। जया भारती ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा किए गए केस ( सुंदरनगर थाना कांड संख्या - 12/2025 ) से किसी तरह बचने के लिए के लिए अशोक अग्रवाल ने नंदूप गांव की निवासी एक आदिवासी महिला अनिता दिग्गी, जिसे हमलोग न तो जानते हैं और न ही पहचानते हैं, को सुंदरनगर स्थित राजीव सदन परिसर में अपना किरायेदार दशार्ते हुए उसी तारीख यानी 31/03/2025 की तिथि में मेरे, मेरे पति और मेरे बेटे के खिलाफ एक झूठा और मनगढ़ंत केस (बिरसा नगर थाना कांड संख्या -08/2025) दर्ज करवाया।

## एक नजर में

### झारखंड आंदोलनकारी फणीभूषण के श्राद्धकर्म में शामिल हुईं विधायक सविता महतो



**चांडिल।** नीमडीह के घुटीयाडीह निवासी झारखंड आंदोलनकारी फणीभूषण महतो के श्राद्धकर्म में शनिवार को विधायक सविता महतो शामिल हुईं। इस दौरान विधायक नें परिजनों को ढाढ़स बंधाया और सरकार से आंदोलनकारी को मिलने वाली सुविधा दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान विधायक ने दिवंगत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप, सुजीत महतो, निर्मल चंद्र महतो, टिंकू महतो, संतोष महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मायुमं डी-क्लब के शिविर में 60 लोगों की जांच



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए शनिवार को डी-क्लब का आयोजन जुबली पार्क गेट पर किया गया। इस शिविर में कुल 60 लोगों की जांच हुई। शिविर में निःशुल्क ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गयी। यह जांच शाखा अध्यक्ष डॉ रुचिता ने किया। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ममता अग्रवाल, उषा चौधरी, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, बिंदिया नारेडी और मधु अग्रवाल का सहयोग रहा।

### मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने किया स्थायी अमृतधारा का लोकार्पण



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम के तहत गम्हरिया लाल बिल्डिंग के पास स्थित राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय में स्थायी अमृतधारा का शुभारंभ किया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने किया। जिन्होंने अमृतधारा सुविधा को स्कूल के बच्चों को समर्पित किया। उन्होंने प्रभावशाली सामाजिक पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए शाखा की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह वाटर कूलर एक शुभचिंतक समाजसेवी डिमना चौक द्वारा प्रायोजित था। शुभारंभ समारोह में शाखा सचिव विजय सोनी, शाखा कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, पूर्व अध्यक्ष सीए रवि गुप्ता, अमृतधारा संयोजक सीए उमंग अग्रवाल और संगठन के कई अन्य प्रतिष्ठित सदस्य और समर्पित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मना मदर्स डे



**जमशेदपुर।** मां का हमारे जीवन मे अत्यंत ही अहम योगदान है। इसी भावना को अभिव्यक्त करने के लिए शेन इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। इसमें जूनियर कक्षा के छात्र-छात्राओं के माताओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों की माताएं शामिल हुई। प्राचार्या केया अदक, उप प्राचार्या टैंडरिमा बनर्जी और मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू सहित कार्यक्रम में मौजूद माताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों की माताओं के लिए कुक विदाउट फायर तथा रैंप वॉक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी माताओं ने काफी उत्साहित होकर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में एक ओर जहां रैंप वॉक की विजेता जुनैना खान बनी वहीं कुक विदाउट फायर में सरस्वती झा ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर सबका मन मोह लिया और सफलता अपने नाम हासिल कर ली। अंत में शेन सुपरमॉम की उपाधि जुनैना खान को दिया गया। स्कूल की प्राचार्या डॉ केया अदक ने माताओं को इसमें आने और इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### आरवीएस एकेडमी में मातृ दिवस भावपूर्ण आयोजित



**जमशेदपुर।** शनिवार को डिमना स्थित आरवीएस एकेडमी में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भावभीनी समारोह मनाया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा, उप-प्राचार्या पूजा सुमन सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, नाटक, भाषण एवं समूहगान ने समां बांध दिया। मां की ममता और उनके त्याग को समर्पित लघु नाटक और विचारों ने उपस्थित जनों की आंखें नम कर दीं। दर्शकों में बैठे विद्यार्थियों ने मां के जीवन में महत्त्व को गहराई से अनुभव किया और यह संकल्प लिया कि वे सदैव मां का सम्मान करेंगे तथा हर संभव उनकी सहायता करेंगे। मौके पर चेयरमैन श्री बिंदा सिंह ने अपने संदेश में कहा, मां ईश्वर द्वारा प्रदत्त सबसे अनुपम और अनमोल उपहार हैं। उनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। मां का स्नेह, त्याग और धैर्य हमारे जीवन की आधारशिला है। हमें सदैव उनका सम्मान और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए।

### जुस्को स्कूल कदमा में मातृ दिवस समारोह



**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा ने 10 मई को मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रिंसिपल झुमझुमी नंदी, वाइस प्रिंसिपल अनिंदिता रॉय, जूनियर स्कूल को-ऑर्डिनेटर सीमा तिवारी और सीनियर स्कूल को-ऑर्डिनेटर कमर अली और सभी माताओं को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम में पोलोग्राम, पिक योर ग्लास, सेव योर बैलून जैसे खेल शामिल थे, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ जैसे प्रदर्शनों ने कार्यक्रम में जान डाल दी। सभी कार्यक्रमों की योजना वंदना मिश्रा, एफएलएन इंचार्ज और जुस्को स्कूल, कदमा के बालवाटिका और फाउंडेशनल स्टेज के सभी शिक्षकों ने बनायी थी।




# कोहली भी टेस्ट से लेंगे संन्यास! बीसीसीआइ ने फिर से सोचने को कहा

## आस्ट्रेलिया दौरे पर विफलता को लेकर बात की थी

एजेंसी

**मुंबई।** विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, कोहली ने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने जा रहे हैं। बीसीसीआइ ने उनसे पुनर्विचार करने का आग्रह किया है क्योंकि इंग्लैंड का अहम दौरा जल्द ही आने वाला है। कोहली ने अभी तक इस अनुरोध पर जवाब नहीं दिया है।

**रोहित ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास लिया था**

कोहली ने यह फैसला रोहित शर्मा के कुछ दिन पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद लिया है। भारत के चयनकर्ता अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए कुछ दिनों में बैठक करने वाले हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से ही अपने टेस्ट में भविष्य पर विचार कर रहे हैं। दौरे पर पहले टेस्ट में शतक जड़ने के बाद कोहली ने बाकी मैचो में बेहद खराब बल्लेबाजी की थी।



**टेस्ट में विराट कोहली**
मैचः 123
पारीः 210
रनः 9230 रन
सर्वोच्च पारीः 254* रन
औसतः 55.57
शतकः 30
अर्धशतकः 51

पॉडकास्ट में कोहली ने हाल के दौरे पर टेस्ट में नाकामी को लेकर भी बात की थी। मानसिक दबाव के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'एक बार जब आप बाहरी दबाव की वजह से निराश होना शुरू कर देते हैं, तो आप अपने आप पर अधिक बोझ डालना शुरू कर देते हैं। फिर आप चीजों के बारे में सोचना शुरू करते हैं, जैसे कि मेरे पास इस दौरे पर दो या तीन दिन बचे हैं, मुझे अब प्रभाव छोड़ने की जरूरत है। आप और अधिक हताश होने लगते हैं।

मैंने आस्ट्रेलिया में भी इसका अनुभव किया है। कोहली के नाम एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2014 में एडिलेड में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। इस लिस्ट में कोहली के अलावा भारत के विजय हजारे, सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा शामिल हैं।

### टेस्ट में 36 साल के कोहली का प्रदर्शन

36 वर्षीय कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट खेले हैं और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। पिछले पांच वर्षों में उनका औसत गिरा है। इस दौरान 37 टेस्ट में उन्होंने तीन शतकों की मदद से 1,990 रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली आठ में से सात बार ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर छेड़छाड़ करते हुए आउट हुए थे। कोहली ने हाल ही में आरसीबी के एक पॉडकास्ट में बताया था कि अब वह शायद आस्ट्रेलिया का दौरा नहीं कर पाएंगे।

### एक ही टेस्ट में शतक और नर्वस 90

कोहली उन चुनिंदा खिलाड़ियों में भी शामिल हैं, जिन्होंने एक टेस्ट की एक पारी में शतक लगाया और दूसरी में नर्वस 90 में आउट हुए हों। उनके साथ दो बार ऐसा हुआ है। कोहली ने साल 2013 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 119 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में 96 रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद साल 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम में पहली पारी में 97 रन और दूसरी पारी में 103 रन बनाए थे। इस लिस्ट में कोहली के अलावा अन्य भारतीय चंदू बोर्डे, मोहिंदर अमरनाथ, सौरव गांगुली, गौतम गंभीर और चेतेश्वर पुजारा हैं।



### खुद के साथ ईमानदार रहना चाहता हूं

कोहली ने कहा, क्योंकि आस्ट्रेलिया दौरे पर मैंने पहले टेस्ट में अच्छा स्कोर बनाया था। मैंने सोचा ठीक है, चलो अब मेरे लिए एक और बड़ी सीरीज होने वाली है। मन में ये सब चीजें आती हैं। मैं फिर ठीक है ठीक है कर चीजों को स्वीकार कर लेता हूं। मैं खुद के साथ ईमानदार रहना चाहता हूं। मेरे लिए यह है कि मैं क्या करना चाहता हूं या मेरी ऊर्जा का स्तर कैसा है।

### न्यूजीलैंड व आस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन

कोहली ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 100 रन बनाने के बाद अन्य चार टेस्ट की सात पारियों में 90 रन ही बना पाए थे। आस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली ने पांच टेस्ट की नौ पारियों में 23.75 की औसत से 190 रन बनाए थे। उससे पहले कोहली का न्यूजीलैंड के भारत दौरे पर भी प्रदर्शन खराब रहा था। कीवियों के खिलाफ तीन टेस्ट की छह पारियों में वह 15.50 की औसत से 93 रन बना पाए थे।

### क्या कोहली अपना फैसला बदलेंगे?

अगर कोहली अपना मन नहीं बदलते हैं तो रोहित के संन्यास के बाद भारत को एक और बड़ा झटका लगेगा। साथ ही भारतीय क्रिकेट में एक अध्याय भी समाप्त हो जाएगा। रोहित ने बुधवार को टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने भी इस प्रारूप में कीवियों और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद फैसला लिया था। रोहित और कोहली टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अगर कोहली फैसला नहीं बदलते हैं, तो दोनों सिर्फ वनडे क्रिकेट में दिखाई पड़ेंगे।

### इंग्लैंड दौरे पर नये कंधों पर होगी जिम्मेदारी?

रोहित के बाद अगर कोहली संन्यास लेते हैं तो भारतीय टीम का दारोमदार नए कंधों पर आ जाएगा। ऐसे में सारी जिम्मेदारी शीर्षक्रम में केएल राहुल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पर आ जाएगी, जबकि मध्यक्रम पूरी तरह अनुभवहीन हो जाएगा। एकमात्र पंत ही ऐसे बल्लेबाज होंगे जिन्हें एसएठअ देशों में खेलने का अनुभव होगा। ऐसे में इंग्लैंड में मध्यक्रम की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, अभिमन्यू ईश्वरन, ध्रुव जुरेल और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ियों पर होगी। इसके अलावा रवींद्र जडेजा टीम में होंगे।

### टीम को गाइड करने के लिए नहीं होगा कोई सीनियर?

इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल कप्तानी की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह भी रेस में हैं। अगर कोहली फैसला नहीं बदलते हैं तो दिसंबर 2014 के बाद पहली बार होगा कि टेस्ट टीम में न तो रोहित और न ही कोहली दिखेंगे और टीम इनमें से कोई एक भी टीम को गाइड करने के लिए नहीं होगा। कोहली दिसंबर 2014 में भारत के टेस्ट कप्तान बने और उसके बाद फरवरी 2022 में रोहित कप्तान बने थे।

# अफजल ने बनाया 800 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी

**दुबई।** मोहम्मद अफजल ने शनिवार को यूएई एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड को फिर से बनाया। दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट 29 वर्षीय धावक ने एक मिनट 45.61 सेकंड का समय लेकर स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी टाइमिंग ने 2018 में गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में जिनसन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.04 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ दिया। केन्या के निकोलस किपलागट ने 1:45.38 के समय के साथ रेस जीती, जबकि दक्षिण अफ्रीका के क्रिस्टोफर स्वार्ट 1:45.84 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अफजल ने 2023 एशियाई खेलों में 1:48.43 के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। वह अब तक किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 800 मीटर समय दर्ज करने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उनके अलावा अनिमेष कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में 20.45 सेकंड के मीट रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले महीने कोच्चि में फेडरेशन कप में उनके द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.05 सेकंड कम है। चाड के महामत गौबे यूसुफ (20.93 सेकंड) और यूएई के इमैनुएल बामिडेल (20.97 सेकंड) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुजूर ने गुरिंदरवीर सिंह, मणिकांत होब्लिडार और अमलान बोरगोहेन के साथ भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर रिले टीम में भी भाग लिया। चौकड़ी ने 38.76 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसी टीम ने इससे पहले चंडीगढ़ में राष्ट्रीय ओपन रिले कार्निवल में 38.69 सेकंड के प्रयास के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। पुरुषों की लंबी कूद में डेविड सोलोमन ने 7.78 मीटर की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। ओमान के अल येराबी (7.61 मीटर) और क्रोएशिया के मार्को सेको (7.60 मीटर) ने पोडियम पूरा किया। शैली सिंह ने महिलाओं की लंबी कूद में 6.44 मीटर के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मिस्र की एसरा ओविस ने 6.67 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन 6.33 मीटर की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में भारत के मोहम्मद सिनान ने 46.67 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा को यूएई के सुलेमान अब्दिरहमान ने 45.66 सेकंड के समय के साथ जीता।




## आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की स्वदेश वापसी शुरू

**सिडनी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के हालात के चलते इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग के स्थगित होने के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की स्वदेश वापसी शुरू हो गयी है। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारतीय अधिकारियों ने शुक्रवार को घोषणा की कि लीग को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि इस सूचना के बाद पाकिस्तान सुपर लीग ने अपने शेष मैचों को स्थगित कर दिया, इससे पहले उसने संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित करने की घोषणा की थी। यह घटनाक्रम धर्मशाला में आइपीएल मैच के रद्द किए जाने के बाद हुआ।

# श्रीलंका से हार का बदला लेने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रविवार को खेले जाने वाले महिला एकदिवसीय ट्राई सीरीज फाइनल में भारतीय टीम का लक्ष्य ट्रिकी श्रीलंका के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए खिताब जीतना होगा। भारत की टूर्नामेंट में अब तक की एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ ही आई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम सबसे प्रभावशाली रही और चार में से तीन मुकाबले जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही। श्रीलंका दो जीत और दो हार के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ एक जीत के साथ तीसरे पायदान पर रही। यह फाइनल मुकाबला दोनों टीमों के लिए एकदिनी वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से भी अहम होगा। भारत की सफलता में सबसे बड़ा योगदान शानदार बल्लेबाजी का रहा है। जेमिमा रोड्रिग्स ने 201 रन बनाए हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन की शतकीय पारी शामिल है। प्रतीका रावल (164 रन), स्मृति मंधाना (148 रन) और दीप्ति शर्मा (126 रन) ने भी अहम पारियां खेली हैं। खासकर दीप्ति का निचले क्रम में 93 रन की पारी टीम को मजबूती देने वाली रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हालांकि अब तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली, लेकिन पिछले तीन मुकाबलों में 41*, 30 और 28 रन की पारी ने संकेत दिए हैं कि वो फाइनल में धमाका कर सकती हैं। गेंदबाजी की बात करें तो स्नेह राणा 11 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रही हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट की शानदार पारी शामिल है।



# यूएई की टीम ने लिया अजीब फैसला, पूरी टीम को रिटायर आउट किया, फिर भी कतर को हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम ने शनिवार को कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले के दौरान अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट किया। यूएई ने कतर के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और 16 ओवर में 192 रन बनाए। जवाब में कतर की पूरी टीम 29 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूएई ने यह मुकाबला 163 रनों से जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने पहले विकेट के लिए 192 रनों की साझेदारी की। लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए यूएई ने अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट करने का फैसला किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी20 में टीम घोषित करने का नियम लागू नहीं होता है। यूएई का प्रत्येक बल्लेबाज पैड पहनकर मैदान पर उतरा और उसे रिटायर आउट करार दिया गया।

**कतर नहीं पेश कर सका चुनौती**

यूएई के लिए यह स्कोर काफी साबित हुआ क्योंकि कतर की टीम कोई चुनौती भी पेश नहीं कर सकी। यूएई के लिए ईशा ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर 14 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 113 रन बनाए। वहीं, तीर्था ने 42 गेंदों पर 11 चौकों के सहारे 74 रन बनाए। ईशा ने साथ ही एक विकेट भी लिया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस जीत के साथ यूएई की टीम टूर्नामेंट में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है।

## श्रियांशी, बिनीत व सुमित अंतिम 16 में

**लखनऊ।** देश भर के आए उम्दा खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन का नजारा लखनऊ में चल रही 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के दूसरे दिन देखने को मिला। इसमें जबरदस्त मुकाबलों के साथ कई राज्यों के धुरंधरों ने अपने-अपने वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। उत्तर प्रदेश की श्रियांशी अस्थाना, बिनीत कुमार यादव व सुमित कुमार भारती ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया

## आयुष और उन्नति ताइपे ओपन के सेफा में हारे, टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एजेंसी

**ताइपे।** उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी। इससे पहले ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन 17 साल की उन्नति को विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज 2022 की विश्व जूनियर चैम्पियन जापान की तोमोका मियाजाकि ने 21-19, 21-11 से हराया।

## प्रग्गनानंद ने अब्दुसत्तोरोव को हराया



**बुखारेस्ट।** भारत के आर प्रग्गनानंद ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने के साथ ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन अब्दुसत्तोरोव के गलत निर्णय का फायदा उठाया, जिन्होंने अपना डार्क-स्क्वायर बिशप बहुत जल्दी छोड़ दिया था। अन्य मैच में, भारतीय प्रतिभा डी गुकेश को रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेक ने ड्रॉ पर रोक दिया। दोनों खिलाड़ियों ने मामूली अवसरों को गंवा दिया और तनावपूर्ण संघर्ष के बाद साझा अंक पर समझौता किया।

## कोलिन्स ने इतालवी स्वियाटेक को हराया



**रोम।** अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिन्स ने शनिवार को इतालवी ओपन के तीसरे दौर में मौजूदा चैंपियन इगा स्वियाटेक के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। कोलिन्स ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियाटेक की खराब सर्विस का फायदा उठाते हुए पहले सेट में बढ़त हासिल की और फिर दूसरे सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए 6-1, 7-5 से जीत दर्ज की।पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन के खिलाफ नौ मैचों में यह उनकी दूसरी जीत थी और क्ले पर पहली जीत थी।

# मधुरा को महिला एकल में स्वर्ण, तीरंदाजी विश्व कप में भारत ने कम्पाउंड वर्ग में 5 पदक जीते

एजेंसी


**शंघाई।** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 की टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता। पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम द्वारा जीता गया स्वर्ण था, जिन्होंने एक तनावपूर्ण फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारत ने पहले सेट में लगभग दोषरहित 59 अंकों के साथ 2 अंकों की बढ़त लेते हुए जोरदार शुरूआत की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे सेट में मैक्सिको ने 58 अंकों के साथ वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंकों के साथ मैच को आधे चरण में 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में, भारत ने 58 अंकों के साथ फिर से बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारतीयों को 173-172 की मामूली बढ़त मिली। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम समय में अपना धैर्य बनाए रखा और शानदार 59 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 अंक ही बना सका। महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह एकतरफा मुकाबला था, लेकिन भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाया और पोडियम पर जगह बनाई। पदक तालिका में वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता। 24 वर्षीय मधुरा, जिन्होंने पहले कभी विश्व कप पदक नहीं जीता था, तीन साल बाद वापसी करते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में थी। ये परिणाम विश्व मंच पर कंपाउंड तीरंदाजी में भारत की बढ़ती गहराई और निरंतरता को रेखांकित करते हैं। लॉस एंजिल्स 2028 में मिश्रित टीम श्रेणी में एकमात्र इवेंट की विशेषता वाले कंपाउंड तीरंदाजी के साथ ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार, भारत इस मेगा स्पोर्टिंग शो में तीरंदाजी में अपना पहला पदक जीतने की कोशिश करेगा।





मधुरा धामनगांवकर ने विश्वकप तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने सपनों की वापसी की जबकि भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में एक और स्वर्ण पदक जीतकर भारत को पदकों की झड़ी लगा दी। तीन साल के अंतराल के कारण विश्व तीरंदाजी स्टैंडिंग महिलाओं की कंपाउंड टीम के फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एकतरफा फाइनल के बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता दिखाई।

## जोकोविच ने ली जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री



**जिनेवा।** फ्रेंच ओपन से पहले फॉर्म और फिटनेस हासिल करने के प्रयास के तहत जोकोविच ने जिनेवा ओपन में खेलने के लिए वाइल्डकार्ड एंट्री ली है। पेरिस में अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहे जोकोविच ने इटैलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है। 37 वर्षीय सार्बियाई खिलाड़ी पिछले महीने मोंटे कार्लो और मैड्रिड में क्ले-कोर्ट इवेंट में शुरूआती दौर में बाहर होने के बाद अपने पिछले तीन मैच हार चुके हैं। छह बार के चैंपियन जोकोविच ने रोम में एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का कोई कारण नहीं बताया है।

## भारत ने श्रीलंका को 8-0 से हराया

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)।** भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में ग्रुप बी के अपने पहले मैच में श्रीलंका को 8-0 से हराकर सैफ अंडर19 चैम्पियनशिप खिताब की रक्षा की शानदार शुरूआत की। डैनी मेइतेई लैशराम (26′, 31′, 50′) ने टूर्नामेंट में पहली बार शानदार हैट्रिक लगाई, जबकि प्रशान जाजो (17′, 62′) ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। शुक्रवार रात को एमडी अर्बाश (40′), ओमंग डोडम (48′) और कप्तान सिंगमयुम शमी (81′) ने एक-एक गोल किया।

# बोकारो : बीएसएल में सिविल अनुरक्षण हेतु शिकायत प्रबंधन नामक वेब-एप्लिकेशन लॉच






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा औपचारिक रूप से 'शिकायत प्रबंधन' नामक एक वेब आधारित एप्लिकेशन लॉन्च किया गया।

इस मौके पर ईडी सुरेश रंगानी व राजश्री बनर्जी सीजीएम कुंदन कुमार जीएम-प्रभारी राज कुमार पात्रो के साथ वरीय अधिशासी उपस्थित थे। शिकायत प्रबंधन नामक वेब आधारित एप्प का उद्देश्य टाउनशिप में सिविल अनुरक्षण से संबंधित शिकायतों का ससमय समाधान करना है। यह सुविधा उपयोगकर्ता को अधिक दक्षता के साथ अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म पारदर्शिता और समय पर निवारण सुनिश्चित करते हुए रखरखाव से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने ट्रैक करने और हल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु बनाया गया है। यह पहल स्मार्ट प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्यस्थल के बुनियादी ढांचे और कर्मचारी सुविधा को बढ़ाने के लिए बीएसएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

बीएसएल बीपीएससीएल एसआरयू जेजीओएम कोलियरीज आदि जैसी सहयोगी इकाइयों के बीएसएल टाउनशिप में रहने वाले अधिकारी तथा कर्मचारी अपने स्टाफ नंबर/कर्मचारी आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर सिविल अनुरक्षण से संबंधित दैनिक शिकायतों को हल करने हेतु इस एप्प का प्रयोग कर सकते हैं।

# जिला एथलेटिक मीट में डीपीएस बोकारो को 3 स्वर्ण सहित 8 पदक, 3 खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से आयोजित दो-दिवसीय एथलेटिक मीट में कुल 47 विद्यालयों और इकाइयों के लगभग 530 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता छह विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की गई जिनमें टीम डीपीएस बोकारो के कुल पांच खिलाड़ियों ने अपने दमखम दिखाते हुए तीन स्वर्ण तीन रजत और दो कांस्य पदक अपनी झोली में झटके।



प्रतियोगिता के अंडर-18 बालिका वर्ग में डीपीएस बोकारो की छात्रा शीतल राजपूत ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक तथा शॉटपुट में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं अन्वेषा शर्मा ने अंडर-16 बालिका वर्ग में भाला फेंक में स्वर्ण तथा शॉटपुट में रजत पदक अर्जित किया। इसी श्रेणी में किया कोरल सिंह ने ऊंची कूद में स्वर्ण और भाला फेंक में रजत पदक हासिल किया।

इसी प्रकार बालिकाओं की अंडर-14 श्रेणी में आनिका आनंद ने ट्रायथलॉन में कांस्य पदक जीता जबकि बालक वर्ग में अर्णब कुमार ने भी ट्रायथलॉन में कांस्य पदक अपने नाम किया। खास बात यह रही कि डीपीएस बोकारो की तीन छात्राएं- कक्षा 12वीं की शीतल राजपूत तथा 10वीं की अन्वेषा शर्मा एवं किया कोरल सिंह अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत झारखंड राज्य एथलेटिक मीट के लिए चयनित हुईं।

विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली में प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उक्त सभी सफल विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी एवं राज्य स्तर की स्पर्धा के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## एक नजर में

### बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में तकनीकी लैब का उद्धाटन

बोकारो। बोकारो स्टील के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के विभिन्न विभागों के कर्मियों के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक लैब व कंप्यूटर लैब तथा एबीबी ड्राइव्स के प्रशिक्षण कीट का उद्धाटन अधिशासी निदेशक- संकार्य सीआर महापात्रा ने किया। उद्धाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक-अनुरक्षण शरद गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक-विद्युत देबाशीष सरकार तथा मुख्य महाप्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास नीता बा उपस्थित थीं। महाप्रबंधक नीता बा ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा कर्मियों के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक लैब कंप्यूटर लैब तथा एबीबी ड्राइव्स के प्रशिक्षण कीट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य महाप्रबंधक गुप्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक सरकार ने सभी प्रशिक्षार्थियों से अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। अधिशासी निदेशक श्री महापात्रा ने तकनीकी रूप से उत्कृष्ट लैब के स्थापना के लिए सभी को बधाई दी तथा नित्य नवीन तकनीक के ज्ञानार्जन के माध्यम से बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक- ज्ञानार्जन एवं विकास डीआर टोप्पो ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रबंधक जय नारायण यादव तथा सुपरवाइजर दामोदर प्रसाद दुबे, नवनीत कुमार सिंह हरेराम सिंह अजय रविदास तथा भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान था।

### बेरमो : मजदूरों की हक मारी कर रहा है आउटसोर्सिंग कंपनी : इस्लाम

बेरमो। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना मे इन दिनों दो आउटसोर्सिंग कंपनी कार्यरत हैं जिसमे एन ए पी एल पीएमआईवी (जेभी) कंपनी व हिन्दुस्तान माइनिंग कंपनी मुख्य है जिसमें सैकड़ों स्थानीय मजदूर विभिन्न पदो पर कार्यरत हैं। मजदूरों का आरोप है कि एनएपीएल पीएमाईवी (जेभी) कंपनी द्वारा अप्रैल से सितम्बर तक मजदूरों को 11 75 रुपये की दर से वेतन का भुगतान किया गया मगर 11 नवम्बर से हिन्दुस्तान माइनिंग कंपनी काम शुरू की और मजदूरों का वेतन 11 75 से घटा कर 824 रुपया कर दिया गया। इसके बाद मजदूरों का विरोध हुआ और हिन्दुस्तान माइनिंग कंपनी के सौरभ और रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी तथा मजदूरों की मौजूदगी में तय हुआ कि मजदूरों के वेतन में कोई कटैती नही होगी और जो वेतन पहले मिलता था वही वेतन दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद मजदूर खुशी खुशी कार्य पर लौट गये मगर व समझौता महज दिखावा बन कर रह गया और उसका पालन नही किया गया। आखिरकार मजदूरों ने बीते दिनों सीसीएल कथारा जीएम को एक मांग पत्र सौंपा जिसमे वेतन वृद्धि के साथ साथ सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया गया है तथा मांग की गई है कि अगर आउटसोर्सिंग कंपनी जल्द अपने समझौते पर अमल नही करती है तो मजदूर आउटसोर्सिंग का चक्का जाम कर देगे और इसकी सारी जवाबदेही आउटसोर्सिंग कंपनी की होगी। इस संबंध में रैयत विस्थापित मोर्चा के नेता मो इस्लाम अंसारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी मजदूरों की हक मारी के साथ साथ मजदूरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी कर रहा जो किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### चिन्मय विद्यालय में मनी स्वामी चिन्मयानंद जी की 109वीं जयंती



बोकारो। चिन्मय विद्यालय बोकारो में स्वामी तपोवन सभागार में स्वामी चिन्मयानंद जी की 109वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा जी द्वारा गुरु-पादुका पूजन से हआ। अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा व सह-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया। संगीत विभाग की ओर से भजन प्रस्तुति के दौरान तो जैसे पूरा विद्यालय पुनीत सुरों से गुंजायमान हो उठा। एक ओर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय के हर कोने को रंगोली से सुसज्जित कर इस पावन बेला का स्वागत किया तो वहीं माध्यमिक वर्ग के बच्चों ने जन्मदिन कार्ड भी बनाया। इस दौरान बच्चों ने स्वामी चिन्मयानंद जी के 108 नामों का जाप किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की नवीन वेबसाइट को भी लॉन्च किया गया। चिन्मय विद्यालय तकनीक और परंपरा के सम्मिश्रण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जो गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद जी के दर्शन का आधार है। इस पावन और खास मौके का? विद्यालय के सभी छात्रों व शिक्षकों और कर्मचारियों ने सानिध्य प्राप्त किया।

### बच्चों के भावनात्मक विकास में संगीत की है महत्वपूर्ण भूमिका: जोशी



बोकारो। डीपीएस चास में आयोजित एक संगीत सत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पंडित चेतन जोशी ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बांसुरी से कई राग बजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर संगति निमेष राठौर और बांसुरी पर डॉ समीर चंद्र सेठ ने की। जोशी को झारखंड सरकार द्वारा राजकीय सांस्कृतिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें सुर मणि बिस्मिल्लाह सम्मान संगीत कला गौरव पुरस्कार कला रत्न सम्मान संगम सम्मान और कई अन्य से भी सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2019 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डीपीएस चास के विद्यालय गीत को श्री जोशी ने ही संगीतबद्ध किया है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा पद्धति में संगीत बच्चों के भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने एक शांत वातावरण और अपनेपन की भावना पैदा की जिसमें उन्होंने लोकप्रिय गीत- तुम राम कहो वे रहीम कहें के साथ अन्य गीतों को भी बांसुरी के सुर में गाकर सुनाया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि संगीत जीवन का सार है जो आंतरिक खुशी और आनंद देता है। उन्होंने श्री चेतन जोशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री जोशी विद्यालय के लिए हमेशा से प्रेरणा एवं मार्गदर्शण के स्रोत रहे हैं। विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि संगीत जीवन की आत्मा है और एक कला है जो संतुष्टि प्रदान करती है।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत में 10762 वादों का हुआ निष्पादन

ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता के लिए एक स्टॉल भी लगाया गया एवं कानूनी पुस्तकों तथा पंपलेट का भी वितरण किया गया


सुनवाई करते न्यायाधीश व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को आपसी सुलह समझौता से 10762 वादों का निष्पादन करते हुए 73,40,70,972 रुपए की वसूली हुई। इस बावत जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रभारी प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष शत्रुंजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में लोक अदालत आयोजित हुई। लोक अदालत में कुल छह बेंचों का गठन किया गया है। जिसमें बेंच नंबर 1 से डीजे श्री राजेश सिन्हा, अधिवक्ता ओमीयो मांझी एवं राधे मंत्री उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 से एडीजे फोर सुरेंद्र नाथ मिश्रा, अधिवक्ता सुर्य प्रकाश एवं कुमार प्रभात उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से सीजेएम अनूप तिर्की, अधिवक्ता नीलकंठ झा एवं धर्मवीर मिश्रा उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से एसडीजेएम मोहित चौधरी, अधिवक्ता कामोद नारायण झा एवं अनिल कुमार नंबर 3 उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से जेएम वन आदित्य, कार्यपालक दंडाधिकारी विनीत कुमार एवं अधिवक्ता नीरज कुमार दीक्षित उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से जिला उपभोक्ता फोरम सदस्य नीलमणि मराण्डी, अधिवक्ता दीपिका मुर्मू एवं रितेश कुमार सिंह उपस्थित हुए। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल है।

इस प्रकार कुल छह बेंचों से 10762 वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 73,40,70,972 रुपए की राशि का समझौता किया गया। साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता के लिए एक स्टॉल भी लगाया गया एवं कानूनी पुस्तकों तथा पंपलेट का भी वितरण किया गया।

### दुमका में साईबर अपराधी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना पुलिस शनिवार को एक साईबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार साईबर अपराधी थाना क्षेत्र के खुटोजोरी गांव निवासी झाबूल अंसारी है। मामले को लेकर थाना प्रभारी धन्नजय प्रजापति ने बताया कि पुलिस साईबर अपराध गतिविधियों में संलिप्ता पाए जाने पर झाबूल अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर अपराध की योजना बना रहे झाबूल अंसारी को पुलिस रंगे हाथ धर दबोचने में सफल रही। उन्होंने बताया कि पुलिस साईबर अपराधी द्वारा किए गए ठगी को लेकर जांच में जुटी है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अनुसाधान में जुटी है। पुलिस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी में जुटी है।

# केबी कॉलेज बेरमो में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** प्लेसमेंट सेल, आई क्यू ए सी एवं कैरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रो इंचार्ज की अध्यक्षता में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमे बड़ोदरा गुजरात की बैंकों इंडिया लिमिटेड कंपनी कॉलेज कैंपस में प्लेसमेंट को लेकर पहुंची। प्रो इंचार्ज गोपाल ने कहा कि इस माध्यम से विज्ञान, कला और वाणिज्य के छात्र छात्राओं को रोजगार मिलेगी जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में उपस्थित छात्र छात्राओं में कुल 34 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जिस आधार पर चयन टीम ने इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई। 14 छात्र छात्राओं का चयन अंतिम रूप से किया गया है जिसे रोजगार दिया जा रहा है। गुजरात में बैंकों इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा प्रशिक्षण उपरांत उन्नीस हजार रुपए प्रति माह एवं अन्य इनसेंटिव्स के साथ जॉब दी जा रही है। चौदह शॉर्टलिस्टेड प्रतिभागियों में नौ पुरुष एवं पांच महिला हैं, जिनके नाम पवन कुमार, निलेश कुमार, कृष्णा किस्कू, प्रभात कुमार शर्मा, मो शराफत हुसैन, आकाश कुमार, अमित कुमार निषाद, संदीप कुमार, सिंपी, साना तबस्सुम, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, शीतल कुमारी, पवन हैं। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्र छात्राएं काफी खुश और उत्साहित नजर आए। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन का धन्यवाद भी किया। वहीं कंपनी के प्रतिनिधि मुकेश कुमार छात्र छात्राओं की तैयारी व प्रबंध व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की।

# झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की 20 मई को राज्यव्यापी हड़ताल को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ जिला इकाई गोड्डा की बैठक कुशमन्नी गांव में जिला उपाध्यक्ष ललिता देवी की अध्यक्षता में ग्राम कुशमनी में आयोजित की गई। बैठक में 20 मई को निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी आम हड़ताल में जाने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाअध्यक्ष सुरेश्वरी देवी ने कहा कि आजाद भारत में भी केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रसोइयों बहनों को 20 सालों से गुलाम बना के रख दिया है, बंधुवा मजदूर जैसा बेगारी में काम लिया जा रहा है। आज तक इनको मान्यता भी नहीं दिया गया है। सरकारी कर्मचारी तो दूर की बात है, सरकार रसोइयों को एक मजदूर मानने को तैयार नहीं है, और न ही इनको उचित मजदूरी दिया जाता है। 60 साल उम्र पूरा हो जाने पर शिक्षा विभाग रसोइयों बहनों को सरकारी कर्मी बता कर, रसोइया के नाम पत्र जारी किये बगैर ही, रिटायर कर दिया जाता है। रिटायर करने के बाद इनको किसी तरह का कोई सुविधा नहीं दी जाती है। और इनको रोड में भीख मांगने के लिए कटोरा थामा दिया जाता है। बकाया मानदेय भुगतान किये बगैर ही काम से हटा दिया जाता है। जबकि वर्ष 2023 में तत्कालीन शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने संघ के नेताओं के साथ वातालर्प के समय स्पष्ट शब्दों में कहा था कि किसी भी रसोइयों कर्मी को पेंशन व बकाया मानदेय भुगतान किये बगैर विभाग रसोइया को नहीं निकालेंगे,इसके लिए विभाग जिम्मेवारी लेंगे, लेकिन आज उनके बातों को नजरअंदाज कर, पेंशन लागू किये बगैर ही रसोइयों बहनों को धमकी दे कर निकाल दिया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है,तबसे रसोइयों कर्मी का एक पैसा भी नहीं बढ़ाया है। उल्टे मध्याह्न भोजन योजना को निजीकरण करने की तैयारी में है। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आवहान पर एनडीए सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी नितियों के खिलाफ जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत रसोइया बहनों एक दिवसीय काम छोड़ कर 20 मई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जायेगी।आगे उन्होंने कहा कि जिले के अन्तर्गत विभिन्न स्कूलों में कार्यरत रसोइया बहनों को वितीय वर्ष 2024-25 में लगभग 300 रसोइया बहनों को मानदेय का भुगतान विभाग द्वारा आज तक नहीं किया गया है।



# बेरमो : ना आदिवासी सुरक्षित है और ना ही उनकी जमीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** राज्य में ना तो आदिवासी सुरक्षित हैं और ना आदिवासियों की जमीन ऐसा हम नही कहते बल्कि यह घटना उपरोक्त बातों को बल देता है। ऐसा ही एक मामला बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के लालपनिया ओपी क्षेत्र से सामने आया है। जहां आदिवासियों की पुस्तैनी जमीन को मुस्लिम परिवार के द्वारा कब्जा किया जा रहा है। कब्जा करने से मना करने पर आदिवासियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें आदिवासी महिलाएं घायल हुई है। लालपनिया ओपी में न्याय नहीं मिलता देख पीड़ित परिवार ने सेक्टर 4 एससी एसटी थाने में न्याय की फरियाद लगाई है। इस दौरान मुस्लिम परिवार के द्वारा आदिवासियों के साथ मारपीट का वीडियो भी बनकर थाने में देने का काम किया है। मामला ललपनिया ओपी क्षेत्र के आइयर गांव की है। इस मामले में बुधन शरण ने युनुस अंसारी सहित अन्य पर खतियानी जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मना करने पर महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट करते हुए विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन पुलिस और राज्य के मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित रमाकांत सोरेन ने बताया कि मामला 2021 से चल रहा है। हम लोग लगातार थाने में इसकी शिकायत कर रहे हैं। लेकिन हमारा कोई नहीं सुन रहा है। पहले भी घर बनाने का प्रयास किया था तो विरोध करने पर काम रुका था। फिर से दो दिन पूर्व काम शुरू किया तो हम लोग गए तो हम लोगों के साथ मारपीट की गई। महिलाओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया और हाथ तोड़ दिया गया। ललपनिया थाना गए तो थाना में कुछ नहीं सुनवाई हुई। रमाकांत का आरोप है कि यह मुस्लिम परिवार कहां से आया है इन लोगों का कोई पता नहीं है इन लोगों की एक इंच जमीन तक नहीं है।



# पोड़ैयाहाट विधायक ने सड़क निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने गोड्डा से कुर्मन होते हुए डांडे तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में कई अनियमितताएं पाईं। विधायक ने देखा कि सड़क की चौड़ाई निर्धारित मापदंडों के अनुसार नहीं की जा रही है। इसके अलावा, उन्होंने नाले के निर्माण को सड़क निर्माण से पहले पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, प्लैंक की चौड़ाई और कमीशनिंग को सही ढंग से करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कई जगहों पर पीसीसी सड़क फटी हुई पाई गई जिसे उखाड़कर पुनः बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कुरमन से वरन-देबन्धा फएड सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया इसमे गुणवत्ता में कमी को भी रेखांकित किया और इसे लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई।



उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सभी कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। विधायक ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सड़क निर्माण को तय समय और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

## पेज एक शेष

### पाक ने कहा ...

**भारत के कड़े तेवरों से टेंशन में थी दुनिया :** पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ भारत के कड़े तेवर से दुनिया चिंतित थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा कर दी थी। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस तरह की कार्रवाई की, वह अलग ही लेवल की थी। इससे स्वाभाविक रूप से दुनिया चिंतित हो गयी थी। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बीच में आना पड़ा। ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका की मध्यस्थता से भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एस जयशंकर, इशाक डार और जनरल असीम मुनीर से बातचीत की। अमेरिका का हस्तक्षेप आर्थिक हितों से जुड़ा था। इसके बाद ट्रंप ने शनिवार को अचानक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण' संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के विदेश मंत्री एस जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। अमेरिका का हस्तक्षेप बिना किसी कारण के नहीं था। पाकिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संघर्ष से अमेरिका के आर्थिक हित प्रभावित हो सकते थे। अस्थिरता के कारण व्यापार और निवेश पर नकारात्मक असर पड़ सकता था।

### नक्शा बदलते ही...

पाकिस्तान के तकनीकी प्रतिष्ठानों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रडार साइटों और हथियारों के भंडार को निशाना बनाया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को गोला-बारूद और लड़ाकू विमानों के जरिये निशाना बनाया गया। पसरूर में रडार साइट और सियालकोट में विमानन बेस को भी सटीक गोला-बारूद से निशाना बनाया गया। इन कार्रवाइयों के दौरान भारत ने सार्वजनिक संपत्ति को कम नुकसान पहुंचाया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान पर पाक सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से हमला किया गया। सियालकोट का एयरबेस भी टारगेट किया गया। कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति हमने निश्चित की। पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर अंतरराष्ट्रीय एयर रूट का गलत इस्तेमाल किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर सटीक हमला किया

**कर्नल सोफिया ने खोली झूठ की पोल :** तनावपूर्ण हालातों के दौरान भारत के मुंहतोड़ जवाब से बौखलाए पाकिस्तान ने खूब दुष्प्रचार किया और झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने की कोशिश की। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के इस प्रोपेगेंडा वार से निपटते हुए हर झूठ से पर्दा उठाया है। पहले तनावपूर्ण हालातों के दौरान भारत के मुंहतोड़ जवाब से बौखलाए पाकिस्तान ने खूब दुष्प्रचार किया और झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने की कोशिश की। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के इस प्रोपेगेंडा वार से निपटते हुए हर झूठ से पर्दा उठाया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया लेकिन ये दावा पूरी तरह गलत है। दूसरा, उसने यह भी झूठा प्रचार किया कि हमारे वायुसेना ठिकानों सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नालिया और भुज को नुकसान हुआ है। यह दावा भी सरासर गलत है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने आगे कहा, पाकिस्तान ने प्रेस कॉन्सफ्रेंस में झूठा आरोप लगाया कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया है। मैं साफ करना चाहती हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों की प्यारी झलक है।

### राष्ट्रविरोधी तत्वों पर ...

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पताल के रूफटॉप पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाये जायें। महत्वपूर्ण ठिकाने जैसे डैम, प्लांट, यूसीआईएल , बिजली घर, आईओसी के सुरक्षा पर खास ध्यान रखें। बैठक में सीएस अलका तिवारी समेत अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सचिव पूजा सिंघल, सचिव राजेश शर्मा, सचिव विप्रा भाल, राजीव लोचन बक्शी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ झा, एसपी अभियान अमित रेणु, कमांडेंट जैप -1 राकेश रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निदेशक खान व ....

इसके अलावा खान विभाग के उप निदेशक अपने प्रमंडल में अवैध खनन के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के लिए अधिकृत किये गये हैं, जबकि डीएमओ को उनके जिले के किसी भी इलाके में अवैध खनन के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के लिए अधिकृत किया गया है।

**क्या है मामला :**बताते चलें कि पूर्व में डीएमओ को केवल अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार था। लेकिन जुमार्ना लगाने की वैधानिक शक्ति नहीं थी। इस कारण, कुछ मामलों में डीएमओ द्वारा लगाए गये जुमार्नों को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया, क्योंकि ये अधिसूचित अधिकार के अंतर्गत नहीं आते थे। इस स्थिति को देखते हुए, अब सरकार ने डीएमओ को स्पष्ट रूप से जुमार्ना वसूलने और लगाने का अधिकार दे दिया है। इससे अवैध खनन के खिलाफ कार्वाई और अधिक प्रभावी हो सकेगी।

स्पीड न्यूज

### इजराइल ने शीर्ष इस्लामिक जिहादी आतंकी को किया ढेर

यरुशलम/रामल्लाह। इजरायली लड़ाकों ने उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में इस्लामिक जिहाद आंदोलन के प्रमुख को मार गिराया है। आईडीएफ और इजरायल पुलिस ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी आतंकवादी नूर बेतावी ने एक आतंकवादी बुनियादी ढांचास्थापित किया था और तत्काल अवधि में हमलों की योजना बनाई थी शिन बेट द्वारा एक संयुक्त अभियान में उसे नाबलस शहर में शुक्रवार को ढूंढा गया और मार दिया गया।

### माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोहण शुरू



काठमांडू। विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर इस सीजन का पर्वतारोहण अभियान शुरू हो गया है। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए पर्वतारोहियों का समन्वय करने वाली अलग-अलग संस्थाओं की तरफ से सभी रास्तों को रस्सी और सीढ़ियों से जोड़ दिए जाने के बाद पर्वतारोहियों ने शनिवार से चढ़ाई भी शुरू कर दी। एटीके एक्सपीडिशन कंपनी ने बताया कि उनकी तरफ से तैनात सात सदस्यीय शेरपा टीम ने शुक्रवार को एवरेस्ट की चोटी तक के रास्ते में रस्सियों को लगा कर चढ़ाई का द्वार खोल दिया है।

### परमाणु विकल्प एजेंडे में नहीं : पाक

इस्लामाबाद। भारत के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्पष्ट किया कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल ह्यफिलहाल एजेंडे में नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है। यह प्राधिकरण पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के संचालन से जुड़े निर्णय लेने का सर्वोच्च निकाय है।

### ट्रंप की छंटनी योजना पर अदालत की रोक

वाशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया की एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया छंटनी प्रस्ताव पर दो सप्ताह के लिए अस्थाई रोक लगा दी। राष्ट्रपति के इस आशय के प्रस्ताव को कई संघीय अदालतों में चुनौती दी गई है। संघीय न्यायाधीश के इस आदेश का ट्रंप प्रशासन के छंटनी प्रस्तावों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

### पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में रात लगभग 01.44 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। भारतीय राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, आधी रात गुजरने के बाद एक बजकर चवालीस मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गइ। इसका सबसे अधिक प्रभाव नौशकी शहर रहा। भुगर्भीय हलचल जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर शुरू हुई।

### जगदलपुर में नक्सल ऑपरेशन स्थगित

जगदलपुर। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर करेर्गुट्टा पहाड़ियों पर गत एक पखवारे से अधिक समय से जारी ह्यनक्सल उन्मूलन ऑपरेशनह्न को फिलहाल अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर करेर्गुट्टा की पहाड़ को सुरक्षाबलों के जवानों ने पखपाड़े भर तक घेरे रखा। इस बीच 26 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया।

# पाकिस्तान में पांच कुख्यात आतंकी ढेर

## छह मई की रात जुंदाल, जमील, अजहर, अकाशा व हसन मारे गये थे

- मरकज तैयबा व मुरीदके का प्रभारी था अबू जुंदाल व पाक सरकार में अच्छी पैठ थी
- युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था मुहम्मद जमील
- युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था मुहम्मद जमील
- मसूद का साला और जैश के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था यूसुफ
- जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल था हसन



मारे गये आतंकियों को गार्ड ऑफ ऑनर देते पाकिस्तान सेना के जवान।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गये। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गये हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी।

**अबू जुंदालः** मारे गये आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाकिस्तानी सेना एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब के आईजी नमाज में शामिल हुए।

**मुहम्मद जमीलः** इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था।

**मोहम्मद यूसुफ अजहर :** मारे गये तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। यह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। इस आतंकवादी की कंधार विमान अपहरण मामले में भी तलाश थी।

**अबू अकाशा :** हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। यह अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल था। इसका अंतिम संस्कार फैसलाबाद में किया गया। इसमें पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए।

**मोहम्मद हसन खानः** पांचवां आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद का मोहम्मद हसन खान था। वह मुफ़्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश का ऑपरेशनल कमांडर था। इसने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

## भारत ने तोड़ी पाकिस्तान की कमर

- भविष्य में किसी भी हरकत का निर्णायक जवाब देने के लिए पूरी तैयार है सेना
- पाक के चौकियों, कमांड कंट्रोल सेंटर और हथियार भंडारों को किया ध्वस्त



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा के बीच भारतीय सशस्त्र बलों ने कहा है कि पाकिस्तान के दुस्साहस का अब तक बेहद जोरदार जवाब दिया देते हुए उसे भारी नुकसान पहुंचाया गया है और सेनाएं भविष्य में उसकी किसी भी हरकत का निर्णाय जवाब देने के लिए पूरी तैयार हैं। नौसेना के कमोडोर रघु आर नायर , सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने तीनों सेनाओं की संयुक्त विशेष ब्रीफिंग में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है और नियंत्रण रेखा के पार उसकी सैन्य चौकियों और कमांड कंट्रोल तथा उपकरणों को तबाह कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को लक्ष्य कर चलाया गया था और नपी तुली कार्रवाई में हमने नागरिकों को क्षति न पहुंचे इसकी सावधानी बरती थी।

कर्नल सोफिया और विंग कमांडर सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने दुष्प्रचार किया कि भारत ने मस्जिदों पर हमले किये लेकिन भारत एक धर्मनिपेक्ष राष्ट्र है और भारतीय सेना अपने देश के संविधान का सम्मान करती है । वह सभी धर्मस्थलों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इस दौरान एक के बाद एक झूठे दावे किये कि उसने जे एफ 17 लड़ाकू विमान से भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 और ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली तथा हवाई पट्टियों को नुकसान पहुंचाया और नष्ट कर दिया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि यह सरासर झूठ और दुष्प्रचार है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला कर संघर्ष बढाने की पडोसी देश के दुस्साहस के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के हवाई ठिकाने स्कर्दू , जकूबाबाद, सगोर्धा और भुलारी आदि तथा वायु रक्षा प्रणालियों को भारी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी सेना की फायरिंग का जवाब देते हुए भारतीय सेनाओं ने उसकी चौकियों , कमांड कंट्रोल सेंटर और हथियार भंडारों को नष्ट कर उसकी कमर तोड़ दी। इससे पाकिस्तानी सेनाओं के मनोबल को भी बड़ी ठेस पहुंची है। कमोडोर नायर ने कहा कि भारत ने अब तक पाकिस्तान की हर नापाक हरकत हो मुंहतोड़ जवाब दिया है और भविष्य में भी उसके किसी भी दुस्साहस का निर्णायक जवाब देने के लिए भारतीय सेनाएं पूरी तरह तैयार हैं।

## पाकिस्तानी गोलाबारी में जेसीओ सहित छह की मौत, 20 से अधिक हुये घायल

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र में शनिवार को पाकिस्तान की ओर से की गई भारी मोर्टार गोलाबारी और ड्रोन हमलों में जम्मू-कश्मीर सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी और सेना के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गोलाबारी से प्रभावित आवासीय इलाकों का शनिवार को दौरा किया और हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। शनिवार को पश्चिमी सीमाओं पर ड्रोन हमलों और अन्य हथियारों के साथ पाकिस्तान की ओर से की गई अंधाधुंध गोलीबारी जारी रही।

**राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त की मौत**

राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थापा और उनके दो कर्मचारी तोप के गोले से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां थापा ने दम तोड़ दिया। थापा की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राजौरी से हमने जम्मू-कश्मीर प्रशासन सेवाओं के एक समर्पित अधिकारी को खो दिया है। कल ही वह जिले के उपमुख्यमंत्री के साथ थे और मैंने जिस ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की थी, उसमें वह शामिल हुए थे। आज अधिकारी के आवास पर पाकिस्तानी गोलाबारी हुई, क्योंकि राजौरी शहर को निशाना बनाया गया था। इस जानमाल के नुकसान पर अपने सदमे और दुख को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले। अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के रहने वाले सूबेदार मेजर पवन कुमार ने शनिवार सुबह पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में अपनी चौकी के पास पाकिस्तानी तोप के गोले के फटने से बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी शहर के एक औद्योगिक क्षेत्र के पास पाकिस्तानी गोलाबारी में दो वर्षीय आयशा नूर और मोहम्मद शोहिब (35) मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर के कांगरा-गलहुट्टा गांव में एक मोर्टार उनके घर पर गिरने से रशीदा बी नामक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुंछ में भीषण गोलाबारी में तीन और लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में एक स्थानीय पत्रकार घायल हो गया।

### पाक वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना के एक स्क्वाड्रन लीडर उस्मान मलिक की मौत हो गई है। यह साफ नहीं हो सका है कि उस्मान मलिक की मौत भारत के हमलों में हुई है, या फिर किसी दूसरे कारण से। मलिक को पाक के पूर्व राष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि। आरिफ अल्वी ने लिखा कि स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ ने पीएएफ एयरबेस पर शहादत को गले लगा लिया है। अल्लाह ने इस शहीद को अनंत जीवन प्रदान किया है। अल्हम्दुलिल्लाह! शाबाश, बहादुर, आप भले ही हमारी नजरों से दूर चले गए हों, लेकिन आपने हमारे दिलों में घर कर लिया है। आपके खून का कर्ज अभी भी बाकी है।

## सिंधु जल समझौते पर नहीं बदलेगा भारत का फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल समझौते पर किसी भी तरह का फैसला लेने से साफ इनकार कर दिया। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने सनसनीखेज खुलासा किया कि सीजफायर का प्रस्ताव पाकिस्तान की ओर से आया था, लेकिन भारत ने इसे अपनी शर्तों पर लागू करवाया।

सूत्रों ने दो टूक कहा कि यह कोई आपसी समझौता नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता का नतीजा है। सीजफायर हमारी शर्तों पर हुआ, और सिंधु जल संधि पर कोई बातचीत नहीं होगी।' यह साफ है कि भारत ने पाकिस्तान को कूटनीति के मैदान में चारों खाने चित कर दिया। पाकिस्तान, जो पहले ही आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है, अब पानी के मोर्चे पर भी भारत की कड़ी नीति का सामना करेगा। सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान की कृषि और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि जब तक पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता, उसे किसी राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जानकारों का मानना है कि यह फैसला पाकिस्तान के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं। यह खबर पाकिस्तान के लिए एक और चेतावनी है कि भारत अब नरमी बरतने के मूड में नहीं है।



पटना के महावीर मंदिर में शुक्रवार को आतंक निरोधी मॉक ड्रिल करते एटीएस के जवान।

### बिहार के सीमावर्ती जिलों में बरतें पूरी सतर्कता : नीतीश

**पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को ध्यान में रखते हुए नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में पूरी सतर्कता बरतने के साथ ही राज्य में असामाजिक तत्वों के उकसावे वाली किसी भी अफवाह पर कड़ी नजर रखने का शनिवार को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी के लिए शनिवार को उनकी अध्यक्षता में हुई सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह से सतर्कता बरतें। सीमा पर स्थित सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहें तथा आने-जाने वालों की पूरी जांच करें।

## पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

- सीबीआइ ने बिहार समेत आठ राज्यों में 42 ठिकानों पर की छापेमारी, कई दस्तावेज जब्त
- अवैध रूप से सिम कार्ड मुहैया कराने में शामिल गिरोह के खिलाफ कार्रवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** सीबीआई ने साइबर अपराधियों को अवैध रूप से सिम कार्ड मुहैया कराने में शामिल गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई ट्रांसनेशनल साइबर क्राइम नेटवर्क और डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से जुड़ी है।

ऑपरेशन चक्र-वी के तहत शनिवार को इन अपराधियों के 8 राज्यों में फैले 42 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पॉइंट ऑफ सेल एजेंट्स के ठिकानों पर छापे मारे। आरोप है कि ये एजेंट साइबर अपराधियों की मिलीभगत से फर्जी केवाईसी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी कर रहे थे। इनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, फर्जी विज्ञापन, निवेश धोखाधड़ी, यूपीआई फ्रॉड जैसे मामलों में हो रहा था। छापों के दौरान सीबीआई ने मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, संदिग्ध केवाईसी दस्तावेज और अपराध की आय से खरीदी गई संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। गिरफ्तार पांचों आरोपी चार अलग-अलग राज्यों से हैं और इन पर टेलीकॉम नियमों का उल्लंघन कर सिम कार्ड बेचने का आरोप है।

### केरल में 27 को दस्तक दे सकता है मानसून

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने शनिवार को कहा कि केरल में मानसून 27 मई को दस्तक दे सकता है। जो कि 1 जून को अपनी सामान्य तिथि से पांच दिन पहले है। जल्दी दस्तक देने से खरीफ (गर्मियों में बोई जाने वाली) फसलों की बुवाई का काम जल्दी शुरू करना संभव हो जाता है। पूवार्नुमान से किसानों को इसके लिए खुद को तैयार करने में मदद मिलती है। दरअसल दक्षिण-पश्चिम (गर्मियों में) मानसून आम तौर पर 1 जून को केरल में दस्तक देता है। 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है।

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था।

## अब उत्तर प्रदेश की गरजेगी ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ होगा।



- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आज लखनऊ में प्रोडक्शन यूनिट का करेंगे उद्घाटन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वर्चुअल माध्यम के जरिए दिल्ली से इस समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह कदम उत्तर प्रदेश और भारत की डिफेंस आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालातों में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन करेंगे। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामग्रियों का उत्पादन करेगा, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। इसके साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में की थी। यह योगी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। इस कॉरिडोर के छह नोड्स- लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी, और चित्रकूट में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निवेश हो रहा है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस यूनिट के साथ-साथ रक्षा परीक्षण अवसंरचना प्रणाली का भी शिलान्यास किया जाएगा जो रक्षा उत्पादों के परीक्षण और सर्टिफिकेशन में सहायता मिलेगी। उद्घाटन समारोह में ब्रह्मोस एयरोस्पेस और एयरो एलॉय टेक्नोलॉजी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

**भारत की सामरिक ताकत का नया प्रतीक है ब्रह्मोस**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर स्थापित यह ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है। इसके लिए योगी सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी, जिसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल जो भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है, दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है और फायर एंड फॉरगेट सिद्धांत पर काम करती है, जिससे यह दुश्मन के राडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का दूसरा राज्य है। उत्तर प्रदेश से पहले तमिलनाडु में 2019 में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित किया जा चुका है। दोनों कॉरिडोर 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का हिस्सा हैं, जिनका लक्ष्य रक्षा आयात पर निर्भरता कम करना, स्वदेशी उत्पादन बढ़ाना और रोजगार सृजन करना है।